जबलपुर
रविवार, 7 सितंबर 2025
भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष – 14
वर्ष : 20, अंक : 131
पृष्ठ : 14, मूल्य 3 .00

मौसम
अधि. 31
न्यून. 24

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

## चंद्रग्रहण आज



भोपाल। साल 2025 का अंतिम चंद्रग्रहण आज यानी रविवार को लगने वाला है। खास बात यह है कि इस दिन भाद्रपद माह की पूर्णिमा तिथि भी होगी। वैदिक पंचांग के अनुसार ग्रहण की शुरुआत रात 9 बजकर 57 मिनट पर होगी और इसका समापन अर्धरात्रि 1 बजकर 26 मिनट पर होगा। चंद्र ग्रहण भारत में भी दिखाई देगा, इसलिए इसका सूतक काल भी मान्य रहेगा। सूतक दोपहर 12 बजकर 35 मिनट से शुरु होगा और देर 1 बजकर 26 मिनट पर समाप्त होगा।

### सीएम ने कहा-मौसम की मार में हम किसानों को बेसहारा नहीं रहने देंगे

# 11 जिलों के 17,500 किसानों को 20 करोड़ 60 लाख रु. की बाढ़ राहत राशि बांटी

## अन्नदाताओं की खुशहाली और उनकी मुस्कान ही हमारी सरकार की ताकत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने शनिवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन से प्रदेश के 11 जिलों के 17,500 किसानों को 20 करोड़ 60 लाख रुपए बाढ़ राहत राशि का वितरण किया। उन्होंने पिछले दिनों प्रदेश में अतिवृष्टि (प्राकृतिक आपदा) के कारण फसलों को हुई क्षति के मुआवजे के रूप में प्रभावित किसानों के खातों में सिंगल क्लिक के जरिए इस राहत राशि का हस्तांतरण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रभावित किसानों से वर्चुअल संवाद करते हुए कहा कि प्रदेश के अन्नदाताओं की खुशहाली और उनकी मुस्कान ही हमारी सरकार की ताकत है। मौसम की मार में हम किसानों को बेसहारा नहीं रहने देंगे। उन्होंने कहा कि जो होना था, हो चुका। हम अपने किसानों को उनकी फसल क्षति का समुचित मुआवजा दे रहे हैं।





## वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से सीएम ने की बात
## सीएम ने स्टेट सिचुएशन रूम से ली वर्षा व गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन की जानकारी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को मंत्रालय स्थित स्टेट सिचुएशन रूम से प्रदेश में हो रही वर्षा से उपजी परिस्थितियों एवं अनत चतुर्दशी पर्व पर गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कलेक्टरों एवं पुलिस अधीक्षकों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से चर्चा कर वर्षा की जानकारी ली। उन्होंने आपदा प्रबंधन एवं गणेश मूर्तियों के समुचित विसर्जन की व्यवस्थाओं का लाइव प्रदर्शन देखा। उन्होंने कहा कि सभी अलर्ट मोड में रहें और सतर्कता बरतें। कोई भी अप्रिय स्थिति निर्मित न होने पाए। मुख्यमंत्री ने कलेक्टर उज्जैन, इंदौर, जबलपुर, रतलाम, ग्वालियर और भोपाल से वीसी से बात कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कलेक्टरों को बाढ़ आपदा राहत का बेहतर प्रबंधन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बारिश के कारण किसी को भी परेशान न होना पड़े। इसके लिए समुचित तैयारी रखें। आपदा मोचन दल क्विक रिस्पांस कर प्रभावितों को रेस्क्यू करें। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव गृह शिव शेखर शुक्ला, पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना, एडीजी सिविल डिफेंस सुश्री प्रज्ञा श्रीवास्तव, एडीजी इंटेलिजेंस ए. साईं मनोहर, सचिव एवं आयुक्त जनसंपर्क डॉ. सुदाम खाड़े, अपर सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय आलोक सिंह सहित अधिकारी मौजूद थे।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### सहारा के खिलाफ घोटाले में चार्जशीट



**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सहारा इंडिया ग्रुप और इसके मालिक सुब्रतो रॉय के परिवार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले में कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की है। आरोप है कि सहारा ग्रुप ने निवेशकों से 1.74 लाख करोड़ रुपए का घोटाला किया है। यह पैसा हाई रिटर्न का वादा करके लिया गया था।

### आगरा में धीरेंद्र शास्त्री का कार्यक्रम अचानक निरस्त



**आगरा।** पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का कार्यक्रम ऐनवक्त पर निरस्त कर दिया गया। प्रशासन का कहना है कि कार्यक्रम स्थल पर 5 हजार लोगों के बैठने की जगह थी, लेकिन 4 गुना ज्यादा करीब 20 हजार भक्त पहुंच गए। इसके चलते परमिशन रद्द कर दी गई। शास्त्री का कार्यक्रम शनिवार को राज देवम गार्डन में था।

### श्रेयस बने कप्तान संभालेंगे जिम्मेदारी



**नई दिल्ली।** सीनियर मेन्स सिलेक्शन कमेटी ने ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ खेले जाने वाले दो बहु-दिवसीय (मल्टी-डे) मुकाबलों के लिए इंडिया ए टीम की घोषणा कर दी है। इस टीम की कमान बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को सौंपी गई है। एशिया कप 2025 के लिए टीम में नहीं चुना गया था। दलीप ट्रॉफी 2025 के दूसरे सेमीफाइनल में वेस्ट जोन की ओर से सेंट्रल जोन के खिलाफ खेल रहे हैं।

### अल्लू अर्जुन बेस्ट एक्टर तो रश्मिका बनीं बेस्ट एक्ट्रेस



**नई दिल्ली।** 2025 के साउथ इंडियन इंटरनेशनल मूवी अवॉर्ड्स (सिम्मा) की घोषणा हो चुकी है। दुबई में आयोजित हुए इस बार के सीमा अवॉर्ड्स में अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा 2' और प्रभास और अमिताभ बच्चन की फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' का जलवा देखने को मिला। इन दोनों ही फिल्मों ने अलग-अलग कैटेगरी में कई अवॉर्ड्स अपने नाम किए। इनमें बेस्ट एक्टर, एक्ट्रेस और फिल्म भी शामिल है।

### महाकाली मंदिर तक जाने के लिए दो रोपवे



## पावागढ़ स्थित शक्तिपीठ में गुड्स रोपवे टूटा, 6 की मौत

एजेंसी ⏭ अहमदाबाद

गुजरात के पंचमहाल जिले के पावागढ़ के महाकाली मंदिर शक्तिपीठ में शनिवार को गुड्स (सामान ले जाने वाले) रोपवे के टूटने से 6 लोगों की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम तुरंत मौके पर पहुंच गई। रोपवे का तार टूटने की वजह से ट्रॉली ऊंचाई से नीचे जमीन में गिर गई।

मृतकों में 2 लिफ्ट ऑपरेटर, 2 मजदूर और अन्य दो लोग शामिल हैं। पावागढ़ में को महाकाली मंदिर तक जाने के लिए दो अलग-अलग रोपवे बने हैं। एक रोपवे श्रद्धालुओं लाने-ले जाने के लिए है, जबकि दूसरा रोपवे केवल सामान और निर्माण सामग्री ढोने के लिए तैयार किया गया है। हादसा इसी गुड्स रोपवे में हुआ।

*मरने वालों में लिफ्ट ऑपरेटर और मजदूर शामिल*

#### 2023 में भी रोपवे की केबल टूटी थी

*पावागढ़ में इससे पहले 25 अगस्त 2023 को भी बड़ा हादसा होने से टला था। उस समय महाकाली मंदिर तक जाने वाली रोपवे की पिलर नंबर 4 की केबल बीच में ही टूट गई थी, जिससे 10 से ज्यादा यात्री हवा में बोगियों में फंस गए थे।*

#### 800 मीटर ऊंची पहाड़ी पर स्थित है शक्तिपीठ

यह मंदिर समुद्र तल से करीब 800 मीटर ऊंची पावागढ़ पहाड़ी पर स्थित है। माना जाता है कि यहां सती माता का दाहिना पैर गिरा था। शारदीय नवरात्रि सहित अन्य पर्वों पर लाखों श्रद्धालु यहां दर्शन के लिए पहुंचते हैं, हालांकि रोजाना भी भक्तों का आना लगा रहता है।

### भारत पर 50 फीसदी टैरिफ थोपकर अपने ही देश में घिर गए हैं ट्रंप

### ये ट्रंप का दोस्ती का नया राग या उनके देश में टैरिफ मुद्दे पर लग गई है 'आग'

# ट्रंप ने कहा-मैं मोदी का दोस्त, वे महान पीएम मोदी बोले-इस मूल्यांकन का दिल से स्वागत

*अमेरिका के साथ टैरिफ विवाद और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लगातार तीखे बयानों ने दिल्ली-वॉशिंगटन रिश्तों में कड़वाहट ला दी है। पर, ट्रंप रोज बयान बदलकर अमेरिका की कूटनीति से दुनिया का भरोसा उठा रहे हैं।*

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अमेरिका के साथ टैरिफ विवाद और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लगातार तीखे बयानों ने दिल्ली-वॉशिंगटन रिश्तों में कड़वाहट ला दी है। ट्रंप ने तो यहां तक कह दिया कि अमेरिका, भारत और रूस को चीन के हाथों खो चुका है। ऊपर से खबर है कि ट्रंप क्वाड बैठक के लिए भारत आने का प्लान भी नहीं बना रहे। ऐसे माहौल में अब ट्रंप का नया बयान उम्मीदों की नई रोशनी भी दिखाता है और यह भी बताता है कि ट्रंप अपने ही देश में भारत पर 50 फीसदी टैरिफ थोपकर किस कदर घिर गए हैं।

हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी ने चीन में एससीओ शिखर सम्मेलन के दौरान रूसी राष्ट्रपति पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ बेहद गर्मजोशी से मुलाकात की। उसके बाद से ट्रंप अपने देश में ही आलोचनाओं में घिर गए। दरअसल, शुक्रवार को ओवल ऑफिस में मीडिया से बात करते हुए राष्ट्रपति ट्रंप से सवाल किया गया कि क्या वे के साथ संबंधों को फिर से सुधारने के लिए तैयार हैं?

**ट्रंप ने कहा** भारत और अमेरिका के बीच एक खास रिश्ता



**मोदी ने कहा** भारत और अमेरिका के बीच बहुत ही सकारात्मक, दूरदर्शी, व्यापक, वैश्विक और रणनीतिक साझेदारी

#### ट्रंप के रवैए में क्यों आया बदलाव?

1. पीएम मोदी ने राष्ट्रपति ट्रंप का फोन नहीं उठाया
2. पीएम मोदी का हाल का चीन दौरा
3. ब्रिक्स समिट से उनकी दूरी का फैसला
4. पीएम का यूएन की बैठक में नहीं जाने का फैसला
5. देश में जीएसटी रिफॉर्म्स के जरिए इकॉनोमी पर जोर

#### विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा

##### अमेरिका के साथ बातचीत चल रही



विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा है कि भारत और अमेरिका रिश्ते अब भी बने हुए हैं। दोनों देश लगातार बातचीत कर रहे हैं। पीएम मोदी अमेरिका के साथ हमारी साझेदारी को बहुत महत्व देते हैं। जहां तक राष्ट्रपति ट्रंप का सवाल है, पीएम मोदी के राष्ट्रपति ट्रंप के साथ हमेशा से बहुत अच्छे व्यक्तिगत संबंध रहे हैं। हालांकि, यहां मुद्दा यह है कि हम अमेरिका के साथजुड़े हुए हैं।

##### पीएम संयुक्त राष्ट्र महासभा की जनरल डिबेट में हिस्सा नहीं लेंगे

इधर, प्रधानमंत्री मोदी ने भी एक ऐसा कदम उठाया है, जिसने कूटनीतिक हलकों में हलचल मचा दी है- लेकिन उन्होंने ये फैसला क्यों लिया, यही सबसे बड़ा सवाल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बार संयुक्त राष्ट्र महासभा की जनरल डिबेट में हिस्सा न लेने का फैसला किया है। उनकी जगह विदेश मंत्री एस. जयशंकर 27 सितंबर को भारत का पक्ष दुनिया के सामने रखेंगे। यह बदलाव अचानक आया है क्योंकि जुलाई में जारी लिस्ट में पीएम मोदी का नाम तय था और वे 26 सितंबर को बोलने वाले थे। 23 सितंबर को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप यूएनजीए को संबोधित करेंगे। यह उनके व्हाइट हाउस में दूसरी बार वापसी के बाद पहला बड़ा वैश्विक मंच होगा।

## विदा हुए गजानन



प्रेमपुरा घाट पर गणेश विसर्जन

#### ढोल ढमाकों के साथ दी विदाई

*भोपाल। राजधानी भोपाल में सुबह से गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन ढोल ढमाकों के साथ धूमधाम से किया गया। बड़ी मूर्तियों को क्रेन और छोटी को कुंड में विसर्जित किया गया। वहीं, शहर में कुल 33 जगहों पर कुंड और स्टॉल बनाए गए । जहां लोग ढोल-ढमाकों के साथ बप्पा को विदाई देने पहुंचे। देर रात तक मूर्तियों का विसर्जन चलता रहा। यहां सीसीटीवी कैमरे लगाए गए और गोताखोर पुलिसकर्मी 24 घंटे तैनात रहे।*

**वापस आएंगे** माल्या और नीरव?

### ब्रिटेन की टीम ने किया तिहाड़ जेल का 'दौरा'



■ भारत के 178 प्रत्यर्पण अनुरोध विदेशों में लंबित

**नई दिल्ली।** भारत सरकार लगातार कोशिश कर रही है कि देश से भागे हुए बड़े आर्थिक अपराधी और आरोपी वापस लाए जा सकें। इन्हीं प्रयासों के तहत ब्रिटेन की क्राउन प्रॉसिक्यूशन सर्विस (सीपीएस) की एक टीम ने हाल ही में दिल्ली की तिहाड़ जेल का निरीक्षण किया। इसका मकसद था यह देखना कि भारत में लाए जाने वाले भगोड़े अपराधियों को सुरक्षित माहौल मिलेगा या नहीं? भारत सरकार ने ब्रिटेन को यह भी आश्वासन दिया है कि किसी भी आरोपी से जेल में गैरकानूनी पूछताछ नहीं होगी।

**पुजारी बनकर** आया था आरोपी

### झोले में एक करोड़ रु. का कलश लेकर फुर्र



■ कलश में हीरे माणिक्य व पन्ने जड़े थे

**नई दिल्ली।** लाल किले के परिसर में स्थित एक पार्क में जैन धर्म का अनुष्ठान चल रहा था। इस दौरान वहां से एक करोड़ रुपये का कलश चोरी हो गया। चोरी हुए कलश में 760 ग्राम सोने और 150 ग्राम हीरे, माणिक्य, पन्ना जड़े थे। पुलिस ने जांच शुरू की और वहां पर लगे सीसीटीवी को भी चेक किया। जिसके बाद पुलिस को एक चोर दिखा। आरोपी ने पुजारी के वेश में मंडप में प्रवेश किया था। लोग जब अनुष्ठान में थे, तभी आरोपी आया और कलश लेकर फरार हो गया।

**790 पन्नों** की चार्जशीट दायर की

### सोनम की मौजूदगी में हुआ था राजा का मर्डर



■ राजा पर कुल्हाड़ी से किया था हमला

**शिलांग।** मेघालय पुलिस ने इंदौर के चर्चित सोनम-राजा रघुवंशी हत्याकांड मामले में चार्जशीट दायर कर दी है। ईस्ट खासी हिल्स पुलिस ने चार्जशीट में कहा है कि राजा रघुवंशी की हत्या उनकी पत्नी सोनम रघुवंशी की मौजूदगी में हुई थी। पुलिस ने कुल 790 पन्नों की चार्जशीट दाखिल की है। पुलिस के अनुसार, राजा रघुवंशी की हत्या की साजिश सोनम और उसके प्रेमी राज कुशवाहा ने मिलकर रची थी।

**हर एक घंटे में** कलियासोत नदी में पहुंचा 100 एमसीएफ पानी

## दो साल बाद सितंबर में खुला भदभदा डैम का गेट नंबर 6

### बड़ा तालाब अपने फुल टैंक लेबल 1666.80 फीट पर पहुंच गया था | तालाब का लेबल मेंटेन होते ही गेट शाम साढ़े 6 बजे बंद कर दिया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

लंबे इंतजार के बाद शनिवार सुबह आखिरकार भदभदा डैम का एक गेट खोल दिया गया। पूरे दो साल बाद सितंबर में ऐसा संयोग बनाया है। जबकि 23 सितंबर 2023 को गेट खुले थे। गेट नंबर 6 खोलने के बाद बड़ा तालाब का पानी कलियासोत में छोड़ा गया। नगर निगम के वाटर वर्क्स डिपार्टमेंट के मुताबिक हर घंटे 100 मिलियन क्यूबिक फीट (एमसीएफ) पानी कलियासोत नदी में छोड़ा जा रहा है। तालाब का लेबल मेंटेन होते ही बंद कर दिया गया।



भदभदा डैम के गेट खोले गए

#### बड़वानी में भूस्खलन, चट्टानें सड़क पर गिरीं, कई वाहन फंसे

प्रदेश में बारिश का दौर जारी है। बड़वानी जिले में महाराष्ट्र की सीमा पर स्थित पर्यटन स्थल तोरणमाल में दोपहर 2 बजे भूस्खलन हुआ है। पहाड़ी से बड़ी-बड़ी चट्टानें आकर सड़क पर गिर गई हैं। इसके कारण रोड जाम हो गया है। सड़क के दोनों ओर कई वाहन फंस गए हैं। प्रशासन की टीम रेस्क्यू में जुटी है। शाम 5 बजे तोरणमाल आवाजाही के लिए स्थानीय महाराष्ट्र प्रशासन ने रोड़ से चट्टानों को एक तरफ कर पर्यटकों की आवाजाही फिर से शुरू कार्रवाई है। इंदौर में सिरपुर तालाब के पास अम्मार नगर में एक तीन मंजिला मकान ढह गया। कोई जनहानि नहीं हुई लेकिन यह मकान एक अन्य मकान के पिछले हिस्से पर गिरा तो उसकी छत गिर गई और यह मकान भी काफी क्षतिग्रस्त हो गया। कई महिलाएं और बच्चे रोने लगे।

**हवा में** अटकी 186 लोगों की सांस

## कोच्चि एयरपोर्ट पर वापस आया इंडिगो का विमान

*प्लेन करीब दो घंटे तक हवा में रहा*

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली





इंडिगो के एक विमान में शुक्रवार देर रात तकनीकी खराबी देखने को मिली। फ्लाइट कोच्चि से अबू धाबी के लिए रवाना हुई थी, लेकिन दिक्कत के बाद इसे वापस कोच्चि की ओर मोड़ दिया गया।

इसके बाद यात्रियों को दूसरी फ्लाइट से अबू धाबी के लिए रवाना किया गया। फ्लाइट में 180 से ज्यादा यात्री सवार थे। इसके अलावा 6 क्रू मेंबर भी फ्लाइट में मौजूद थे। प्लेन करीब दो घंटे तक हवा में थे। फ्लाइट संख्या 6ई-1403 शुक्रवार की रात करीब 11.10 बजे कोच्चि से रवाना हुई। तभी क्रू मेंबर्स को इसमें तकनीकी खराबी का पता चला।

# भव्य जुलूस के साथ दी गई गणपति बप्पा को विदाई, गणपति बप्पा मोरिया, अगले बरस तू जल्दी आ










**गणपति बप्पा मोरया अगले बरस प्रभु जल्दी आ...के जयघोष से गूंजे नदी के घाट**

## हिरन, कनाडी नदी में देर रात तक चला प्रतिमाओं का विसर्जन




**सिहोरा।** सिहोरा खितौला में स्थापित सैकड़ों गणेश प्रतिमाओं का देर रात तक हिरन नदी मंझगवा घाट एंव कनाडी नदी में विसर्जन चलता रहा। गणपति बप्पा मोरया अगले तूं जल्दी आ के जयघोष से नदी के घाट गूंज उठे पुलिस एंव नगर पालिका द्वारा विसर्जन स्थल पर की गई व्यवस्थाओं की सभी ने सराहना की ।

सुबह से ही विसर्जन का कृम शुरु हो गया था जो देर रात तक जारी रहा। नदी में पानी अधिक होने के कारण बड़ी गणेश प्रतिमा को नगर पालिका द्वारा हाईड्रा के माध्यम से एंव छोटी प्रतिमाओं को नाव पर बैठाकर बीच नदी में विसर्जन कराया। घाट पर जहां खितौला पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था थी तो वहीं नगर पालिका ने घाट के पहले अनेक टेबिले लगाकर गणेश जी की पूजन की व्यवस्था की थी। इसी तरह नहर से प्रवाहित हो रहे नर्मदा नदी के जल एंव खुडावल रोड़ पर स्थित कनाडी नदी,घाट सिमरिया हिरन नदी में भी दर्जनों प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। अनेक गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन आज किया जायेगा घाटो पर तो जैसे भक्तों का बप्पा को बिदाई देने मेला सा लगा रहा।

### भेड़ाघाट कुंड में हुआ मूर्तियों का विसर्जन

**भेड़ाघाट।** *सरस्वती घाट भेड़ाघाट विसर्जन कुंड में सैकड़ों की संख्या में मूर्ति विसर्जन श्रद्धालुओं द्वारा किया गया। नगर परिषद भेड़ाघाट द्वारा सरस्वती घाट, लमहेता घाट पर विसर्जन कुंड निर्माण किए गए जिसमें पूर्ण सुरक्षा रखते हुए विसर्जन किया। जिसमें प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा भी निरीक्षण एवं व्यवस्थाएं देखी गई अध्यक्ष नगर परिषद भेड़ाघाट चतुर सिंह लोधी की उपस्थिति में तहसीलदार गोरखपुर सी एसपी बरगी एवं थाना प्रभारी भेड़ाघाट एवं नगर परिषद कर्मचारी लक्ष्मीनारायण दुबे सुनील बैरागी विजय करी  एवं पूर्ण प्रशासनिक अमला व्यवस्थाओं में उपस्थित था।*






# पूरे देश में एसआईआर लागू कराने की तैयारी, चुनाव आयोग ने दिल्ली में 10 सितंबर को बुलाई अहम बैठक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बिहार में मतदाता सूची के संशोधन को लेकर विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का काम चल रहा है और इसका विपक्षी दल जमकर विरोध कर रहे हैं। इसके विरोध में राहुल गांधी और तेजस्वी यादव ने प्रदेश में वोट अधिकार यात्रा भी निकाली है। इन सबके बीच केंद्रीय चुनाव आयोग पूरे देश में मतदाता सूची संशोधन प्रक्रिया लागू करने की योजना पर काम कर रहा है। बैठक में इस मुद्दे पर विस्तार से चर्चा होगी। इसमें मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के अलावा सभी राज्यों के चुनाव आयुक्त और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। इसके लिए 10 सितंबर को दिल्ली में एक अहम बैठक बुलाई गई है। बताया जा रहा है कि अगले साल होने वाले बंगाल और केरल जैसे राज्यों में चुनाव को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। चुनाव आयोग का उद्देश्य बिना गलती की मतदाता सूची तैयार करना है।

आयोग लगातार इस बात को लेकर मंथन कर रहा है कि क्या पूरे देश में एक साथ एसआईआर की प्रक्रिया शुरू की जा सकती है या नहीं। इससे जुड़ी तैयारी को लेकर केंद्रीय चुनाव आयोग की तरफ से सभी राज्यों के मुख्य चुनाव अधिकारियों को निर्देश दिया गया है

**बिहार का प्रयोग दोहराएगा ईसीआई**

## अगले साल पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी में चुनाव



ईसीआई का उद्देश्य बिना गलती की मतदाता सूची तैयार करना

### देशभर से मुख्य चुनाव अधिकारी होंगे शामिल

सूत्रों के अनुसार 10 सितंबर को दिल्ली के द्वारका में इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट में देश भर के मुख्य चुनाव अधिकारी की बैठक होने वाली है। इस एक दिवसीय सम्मेलन में लगभग पूरे दिन एसआईआर के मुद्दे पर चर्चा की जाएगी। एसआईआर प्रक्रिया लागू कराने के लिए उप चुनाव आयुक्त संतोष कुमार आधे घंटे तक एसआईआर की पॉलिसी को लेकर एक प्रेजेंटेशन देंगे।

### बिहार के ही अधिकारी देंगे प्रजेंटेशन

सम्मेलन में बिहार के ही मुख्य चुनाव अधिकारी एसआईआर कराने की प्रक्रिया लागू करने संबंधी एक प्रेजेंटेशन देंगे। इसके बाद सभी राज्यों के मुख्य चुनाव अधिकारी अपने राज्य में इसे लागू करने की प्रक्रिया से लेकर उसमें आने वाली मुश्किलों समेत दूसरे मुद्दों पर इनपुट शेयर करेंगे। इन सबके साथ ही एक सेशन आखिरी में सवाल-जवाब के लिए भी रखा जाएगा।

### राज्यों से मांगे सुझाव


आयोग लगातार इस बात को लेकर मंथन कर रहा है कि क्या पूरे देश में एक साथ एसआईआर की प्रक्रिया शुरू की जा सकती है या नहीं। इससे जुड़ी तैयारी को लेकर केंद्रीय चुनाव आयोग की तरफ से सभी राज्यों के मुख्य चुनाव अधिकारियों को निर्देश दिया गया है। सभी राज्यों के चुनाव आयोग को पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन में वैलिड डॉक्युमेंट की सूची में कौन से और दस्तावेज जोड़े जा सकते हैं, इस पर भी सुझाव मांगा गया है। फिलहाल बिहार में 11 दस्तावेजों को ही मान्य माना गया है।

### विपक्षी दलों के साथ टकराव की आशंका

अगले साल पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी जैसे राज्यों में चुनाव होने हैं। ऐसे में चुनाव आयोग के इस निर्णय से सत्तारूढ़ और विपक्षी दलों के बीच राजनीतिक जंग फिर से छिड़ने की संभावना है। सीएम ममता बेनर्जी और तमिलनाडु के सीएम स्टालिन ने एसआईआर अभियान का विरोध किया है, जबकि भाजपा शासित राज्यों ने चुनाव आयोग का समर्थन किया है।

## खबर संक्षेप

### ब्रेन ईटिंग अमीबा से केरल में एक की मौत



**कोझिकोड।** केरल में 'ब्रेन ईटिंग अमीबा' के कारण एक और शख्स की मौत हो गई। यह जानलेवा बीमारी केरल में तेजी से फैल रही है। पिछले महीने इस बीमारी से 3 महीने की बच्ची समेत 3 लोगों की मौत हुई थी, जिसके बाद अब तक 7 लोगों की मौत हो चुकी है। राथेश नामक 45 वर्षीय युवक ने भी शनिवार सुबह दम तोड़ दिया है।

### बीसीसीआई की एजीएम 28 सितंबर को मुंबई में



**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की एजीएम यानी वार्षिक आम बैठक 28 सितंबर को मुंबई में होगी। इस दौरान बोर्ड अध्यक्ष और आईपीएल अध्यक्ष सहित कई पदों के लिए चुनाव होंगे। इस महीने की शुरुआत में पूर्व भारतीय क्रिकेटर रोजर बिन्नी के इस्तीफे के बाद से बीसीसीआई अध्यक्ष का पद खाली है।

### अगवा हुए कोच अटेंडेंट को पुलिस ने छुड़ाया



**पटना।** पटना में हटिया-पटना एक्सप्रेस से एक कोच अटेंडेंट का अपहरण का अपहरण कर लिया गया था। इसके बाद ताबड़तोड़ छापेमारी कर कड़ी मशक्कत के बाद कोच अटेंडेंट को हाथीदह स्टेशन के पास से बरामद कर लिया। घटना बाढ़ रेल खंड के पास की है। शराब माफियाओं ने कोच में तैनात राकेश कुमार को अगवा कर लिया था।

### आशीष कपूर 14 दिन की न्यायिक हिरासत में



**नई दिल्ली।** रेप के आरोप में अरेस्ट टीवी एक्टर आशीष कपूर की मुश्कलिें बढ़ गई हैं। दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट ने आशीष को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। दिल्ली पुलिस ने एक्टर को पुणे से गिरफ्तार किया था। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि अगस्त में दिल्ली में एक हाउस पार्टी हुई ती। इस दौरान आशीष ने वॉशरूम में उनके साथ रेप किया।

### कार की टक्कर में नाबालिग की मौत




**मुंबई।** मुंबई में गणेश विसर्जन के दौरान लालबागचा राजा के पास एक हादसा हो गया। यहां एक कार ने दो लोगों टक्कर मार दी जिसमें एक नाबालिग की मौत हो गई वहीं दूसरा शख्स घायल हुआ है। कालाचौकी पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चालक की तलाश कर रही है।

## वित्त मंत्री ने जीएसटी सुधार के समर्थन के लिए राज्यों के वित्त मंत्री को लिखा पत्र

# जताया आभार, विपक्ष पर लगाया देश को 'गुमराह' करने का आरोप

वित्त मंत्री ने कहा कि आप कितनी भी गहन चर्चा और तर्क कर सकते हैं, लेकिन अंततः परिषद ने इस अवसर पर कदम उठाया और भारत के सभी लोगों को राहत प्रदान की और मैं इस सद्भावना के लिए आभारी हूं



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जीएसटी सुधार के समर्थन के लिए राज्यों के वित्त मंत्री को पत्र लिखकर आभार जताया है। उन्होंने कहा कि जीएसटी दरों में कटौती के माध्यम से आम आदमी को राहत देने के लिए सभी राज्य एक साथ आए। वित्त मंत्री ने कहा कि शुक्रवार को मैंने प्रत्येक वित्त मंत्री को पत्र लिखकर उन्हें धन्यवाद दिया। मैंने कहा कि आप कितनी भी गहन चर्चा और तर्क कर सकते हैं, लेकिन अंततः परिषद ने इस अवसर पर कदम उठाया और भारत के सभी लोगों को राहत प्रदान की और मैं इस सद्भावना के लिए आभारी हूं। इसलिए मैंने यह पत्र लिखा। उन्होंने कहा कि परिषद का कार्य वास्तव में उल्लेखनीय है। बता दें, 3 सितंबर को जीएसटी परिषद ने हानिकारक वस्तुओं को छोड़कर सभी उत्पादों को 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत की दर के तहत लाने को हरी झंडी दे दी है। कई जरूरी वस्तुओं पर टैक्स शून्य करने का निर्णय लिया गया। ये बदलाव 22 सितंबर को नवरात्र के पहले दिन से लागू होंगे।

### राजस्व पर पड़ने वाले प्रभाव की भरपाई का भी दिया आश्वासन

**आम आदमी को राहत देने सभी राज्य साथ आए**




जीएसटी सुधारों पर विपक्ष गलत जानकारी दे रहा

#### भारत के लोगों को मिली राहत

सीतारमण ने कहा कि इसलिए सदन की भावना यह थी कि यह एक ऐसा प्रस्ताव है जिससे निस्संदेह आम आदमी को लाभ होगा। सभी लोग एक अच्छे उद्देश्य के लिए एक साथ आए और मैं वास्तव में बहुत आभारी हूं। परिषद ने अपने सदस्यों द्वारा दी गई प्रत्येक टिप्पणी और सुझाव को धैर्यपूर्वक सुना है। आम सहमति पर पहुंचने से पहले सभी बिंदुओं पर गहन विचार-विमर्श किया गया।

#### लोग जमकर खरीदारी करेंगे

सीतारमण ने कहा कि राज्य हमेशा से कर कटौती के पक्ष में रहे हैं और उनकी एकमात्र चिंता कर कटौती के बाद उनके राजस्व पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर है। केंद्र भी इस कटौती से प्रभावित होने वाला है। लेकिन हम इसकी भरपाई कर देंगे, क्योंकि एक बार दरें कम हो जाएंगी, तो लोग जमकर खरीदारी के लिए बाहर आएंगे और इससे राजस्व पर पड़ने वाले प्रभाव की भरपाई हो जाएगी।

#### 4 स्लैब रखना राज्यों का फैसला

सीतारमण ने आरोप लगाया कि जीएसटी पर विपक्ष देश को गुमराह कर रहा है। चार स्लैब रखना भाजपा का नहीं बल्कि राज्यों के वित्त मंत्रियों की अधिकार प्राप्त समिति का फैसला था। उन्होंने कहा कि भारत बेहतर विपक्ष का हकदार है, जीएसटी सुधारों पर उनकी आलोचना गलत जानकारी पर आधारित है।

**केंद्रीय मंत्री वैष्णव बोले**

#### जीएसटी 2.0: पीएम मोदी का जनता को बड़ा तोहफा



केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों के रूप में नागरिकों को एक बहुत बड़ा उपहार दिया है। पहले 12 लाख रुपए तक की आय पर आयकर से छूट देकर मध्यम और निम्न वर्ग के परिवारों को लाभ पहुंचाया था अब जीएसटी कम होने से एक बार फिर बड़ी राहत मिलेगी। जीएसटी सुधार से देश की आर्थिक उन्नति में भी एक बहुत बड़ा लाभ मिलेगा।

#### 20 लाख करोड़ की अतिरिक्त जीडीपी

कहा कि देश की जीडीपी 330 लाख करोड़ है, जिसमें उपभोग का योगदान 202 लाख करोड़ है। जीएसटी सुधारों के बाद, इसमें 10% की भी वृद्धि होती है, तो उपभोग में 20 लाख करोड़ की वृद्धि होगी, यानी देश में 20 लाख करोड़ का अतिरिक्त जीडीपी आएगा।

#### आर्थिक गतिविधियां बढ़ेंगी

वैष्णव ने कहा कि उपभोग बढ़ने से रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी और एक के बाद एक कई आर्थिक गतिविधियां बढ़ने लगेंगी। इनकम टैक्स की छूट और जीएसटी का बड़ा फैसला दोनों मिलाकर हमारे मध्यम वर्ग के परिवारों के हाथ में अधिक पैसा बचाने में मददगार होंगे।

## 'बीड़ी-बिहार' विवाद मामला

# सियासी बवाल के बाद केरल कांग्रेस ने मानी 'गलती' सार्वजनिक माफी मांगी

सोशल मीडिया हेड वीटी बालराम का इस्तीफा



एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम

केरल कांग्रेस ने शनिवार को स्वीकार किया कि सोशल मीडिया पर बिहार को 'बीड़ी' से जोड़ने वाली विवादित पोस्ट उनके लिए बड़ी भूल थी। इस पोस्ट के चलते राजनीति में तहलका मच गया। पार्टी ने पोस्ट को हटा दिया और सार्वजनिक माफी भी मांगी।

केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) के अध्यक्ष सनी जोसेफ ने स्वीकार किया कि पोस्ट करने में 'गलती और लापरवाही' हुई। उन्होंने ताया कि पार्टी की सोशल मीडिया टीम ने बिना सतर्कता के यह टिप्पणी प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर दी थी। सनी जोसेफ ने बताया कि पोस्ट हटा दी गई है। जिम्मेदार शख्स सोशल मीडिया हैंडल के एडमिन और ऑपरेटर ने माफी मांगी और पोस्ट हटाई। कांग्रेस इसका समर्थन नहीं करती।

#### मीडिया सेल ने गलती स्वीकारी

सनी जोसेफ ने यह भी बताया कि इस मामले पर पूर्व विधायक वीटी बालराम से चर्चा हुई, जो केपीसीसी के डिजिटल मीडिया सेल के प्रभारी हैं। उन्होंने गलती स्वीकार की। इस विवाद के बीच केरल कांग्रेस के सोशल मीडिया हेड वीटी बालराम ने इस्तीफा दे दिया है। बता दें, विवादित पोस्ट केपीसीसी के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर हालिया जीएसटी दरों में बदलाव के संदर्भ में पोस्ट किया गया था। इस पोस्ट में बिहार को बीड़ी (तम्बाकू से भरी चीज) से जोड़ने की कोशिश की गई थी। अपने एक्स हैंडल पर दरों का ब्योरा देते हुए उसने लिखा कि बीड़ी और बिहार की शुरुआत बी अक्षर से होती है! अब इसे पाप नहीं माना जा सकता! आशय यह कि बीड़ी पर जीएसटी में कटौती बिहार में विधानसभा चुनाव के दृष्टिगत हुई है।

#### पोस्ट बिहार की अस्मिता का मुद्दा बनी

लेकिन जैसे ही यह पोस्ट वायरल हुई बिहार के प्रति असंवेदनशील व अपमानजनक बताते हुए कड़ी आलोचना हुई। बिहारी अस्मिता का मुद्दा जनमानस को भावुक कर गया। जनमानस में क्षोभ बढ़ने लगा। बिहार की सत्ता में शामिल गठबंधन नेताओं ने कांग्रेस की आलोचना की। बिहार के उपमुख्यमंत्री व भाजपा नेता सम्राट चौधरी ने इस पोस्ट को 'पूरे बिहार का अपमान' करार दिया। जदयू के सदस्य संजय कुमार झा ने भी इसे 'कांग्रेस द्वारा एक और शर्मनाक कदम' बताया।

## सुप्रीम 'आदेश' का पालन

# एसआईटी करेगी वंतारा की जांच, पैनल ने किया दौरा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट द्वारा गुजरात के जामनगर में वंतारा वन्यजीव बचाव और पुनर्वास केंद्र के मामलों की जांच के लिए पूर्व जज जस्टिस जे चेलमेश्वर की अध्यक्षता में एक विशेष जांच दल (एसआईटी) को आदेश दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त फैक्ट फाइंडिंग पैनल ने गुरुवार को वंतारा में तीन दिवसीय जांच शुरू करने के घटनास्थल का दौरा किया।


#### 12 सितंबर तक दें रिपोर्ट

न्यायालय ने एसआईटी को 12 सितंबर तक अपनी रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया था। 28 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट की खंडपीठ ने दो जनहित याचिकाओं के आधार पर एक विशेष जांच दल गठित करने का आदेश दिया था। जस्टिस चेलमेश्वर के अलावा, एसआईटी में उत्तराखंड और तेलंगाना हाई कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति राघवेंद्र चौहान, मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त हेमंत नागराले और अतिरिक्त सीमा शुल्क आयुक्त अनीश गुप्ता भी शामिल हैं।

## गहलोत पर शेखावत का हमला

# गाली देना कांग्रेस के डीएनए में मेरी मां पर भी की थी टिप्पणी

एजेंसी ▶▶ जयपुर




पीएम नरेंद्र मोदी की मां को लेकर की गई टिप्पणी से उठे विवाद के बीच केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कांग्रेस और पूर्व सीएम अशोक गहलोत पर तीखा हमला बोला है। शनिवार को शेखावत ने कहा कि मां एक संस्था होती है और उसके लिए ओछी टिप्पणी करना केवल दुर्भाग्यपूर्ण ही नहीं बल्कि कांग्रेस के डीएनए का हिस्सा बन गया है। गहलोत सत्ता और कुर्सी के मोह में इस हद तक डूब गए।

#### मोदी की लोकप्रियता से बौखलाहट

शेखावत ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी की बढ़ती लोकप्रियता विपक्ष को परेशान कर रही है। देशहित में सरकार कोई भी फैसला ले, विपक्ष उसके भी राजनीतिक मायने खोजने लगता है। उन्होंने कहा कि यह मानसिकता देश की जनता समझ चुकी है और इसी वजह से कांग्रेस जैसी पार्टियों पर से लोगों का भरोसा उठ चुका है।

## खुशियों के साथ फिर आओ 'बप्पा'



**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुंबई में शनिवार गणेश चतुर्थी उत्सव के दौरान अनंत चतुर्दशी पर विसर्जन से पहले भगवान गणेश की 'लालबागचा राजा' मूर्ति की शोभायात्रा में लाखों की संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी। लोगों ने अपने 'बप्पा' को नम आंखे से विदाई दी और अगले वर्ष फिर हर्षोल्लास और खुशियों के साथ आने की कामना की।

## नरम पड़े अमेरिकी राष्ट्रपति की टिप्पणी पर फडणवीस बोले

# पीएम मोदी एक महान नेता, भारत अब किसी के दबाव में नहीं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारत और अमेरिका में जारी टैरिफ विवाद के बीच डोनाल्ड ट्रंप ने नरमी दिखाते हुए पीएम मोदी को अपना अच्छा दोस्त बताया। इस बात पर अब महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ट्रंप कहें या नहीं पीएम नरेंद्र मोदी एक महान नेता हैं। उन्होंने यह भी साफ किया कि भारत अपनी विदेश नीति खुद तय करता है और किसी देश के दबाव में नहीं आता। बता दें कि फडणवीस का ये बयान तब आया जब हाल ही में अपने एक बयान में ट्रंप ने कहा था कि मैं हमेशा नरेंद्र मोदी का दोस्त रहूंगा, वह एक महान प्रधानमंत्री हैं। लेकिन इस वक्त जो वो कर रहे हैं, वह मुझे पसंद नहीं है। ट्रंप का ये बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिका ने भारतीय सामानों पर 50% तक टैरिफ (शुल्क) लगा दिया है और भारत द्वारा रूस से तेल खरीदने पर 25% अतिरिक्त ड्यूटी लगा दी गई है। भारत सरकार ने इसे अनुचित, अन्यायपूर्ण और अकारण बताया है।

#### आज का भारत, पीएम मोदी का भारत

भारत अपनी विदेश नीति खुद तय करता



#### विकसित भारत का सफर रूकने वाला नहीं

सीएम फडणवीस ने कहा कि ट्रंप कुछ भी कहें, मोदी तो महान हैं ही। पूरी दुनिया के नेता उन्हें महान मानते हैं। आज का भारत, मोदी का भारत है, जो अपनी विदेश नीति खुद तय करता है और किसी के दबाव में नहीं आता। उन्होंने कहा कि भारत का 'विकसित भारत' बनने का सफर रुकने वाला नहीं है।

## कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी बोले

### भारत एक रोटी कम खाएगा, लेकिन झुकेगा नहीं

ट्रंप की शुक्रवार को भारत और रूस को अंधकारमय चीन के हाथों में खो देने के बयान पर कांग्रेस पार्टी के सांसद मनीष तिवारी ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि यह मुद्दा टैरिफ के बारे में नहीं बल्कि आत्म-सम्मान, गरिमा और सम्मान के बारे में है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि ट्रंप और नवारो जैसे लोग जो बात समझ नहीं पा रहे हैं, वह टैरिफ की नहीं, बल्कि आत्मसम्मान, गरिमा और सम्मान की है।



#### हमने अंग्रेजों को परास्त किया

मनीष तिवारी ने कहा कि हमने साम्राज्यवादी अंग्रेजों से लड़ाई लड़ी और उन्हें परास्त किया। भारत एक रोटी कम खाएगा, लेकिन बल प्रयोग के आगे कभी नहीं झुकेगा।

## मुंबई बम धमकी मामला

# नोएडा के ज्योतिषी ने भेजा था फर्जी मैसेज, पकड़ा गया

एजेंसी ▶▶ नोएडा

यूपी के नोएडा से मुंबई पुलिस ने धमकी देने वाले आरोपी अश्वनी कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। क्राइम ब्रांच ने धमकी के 24 घंटे के अंदर नोएडा सेक्टर 79 से पकड़ा। जो खुद को ज्योतिषी और वास्तु विशेषज्ञ बता रहा है। बिहार के पटना निवासी कुमार ने व्यक्तिगत दुश्मनी के चलते अपने दोस्त को फंसाने के लिए यह साजिश रची थी। पुलिस ने जांच शुरू की और मैसेज को नोएडा के सेक्टर 113 से भेजा गया पाया। जहां नोएडा पुलिस के सहयोग से अश्वनी कुमार को पकड़ा गया।



#### कई फोन, सिम कार्ड जब्त

पुलिस ने आरोपी के पास से 7 फोन, 3 सिम कार्ड, 6 मेमोरी कार्ड होल्डर, 2 डिजिटल कार्ड और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए हैं। मुंबई के वर्ली पुलिस स्टेशन में कई धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। पूछताछ में कुमार ने कहा कि यह फर्जी धमकी अपने दोस्त फिरोज के नाम से भेजी थी। जिसने उनके खिलाफ मामला दर्ज करवाया था। वह तीन महीने जेल में रहा था।


खबर संक्षेप

## कांगो में इबोला का नया प्रकोप, 15 लोगों की मौत



**कांगो।** मध्य अफ्रीकी देश कांगो में इबोला वायरस का एक नया प्रकोप सामने आया है। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक, वायरस की चपेट में आने से करीब 15 लोगों की मौत होने की आशंका है। कांगो देश पर 16वीं बार इबोला वायरस का कहर टूटा है। स्वास्थ्य मंत्री सैमुअल रोजर कांबा के मुताबिक, अनुमानित 53.6 फीसद मृत्यु दर स्थिति की गंभीरता को दर्शाती है। अभी तक की रिपोर्ट में 28 संदिग्ध मामले और 15 लोगों की मौत की जानकारी मिली है, जिनमें बौलापे में 14 और म्वेका में एक व्यक्ति की मौत हुई है।

## ब्रिटेन की उपप्रधानमंत्री एंजेला ने दिया इस्तीफा



**लंदन।** ब्रिटेन की उपप्रधानमंत्री एंजेला रेनर ने घर खरीद पर कर का कम भुगतान किए जाने के मामले में स्वतंत्र जांच के बाद शुक्रवार को इस्तीफा दे दिया। रेनर ने स्वीकार किया कि उन्होंने इंग्लैंड के दक्षिणी तट पर होव में अपार्टमेंट की खरीद पर पर्याप्त कर का भुगतान नहीं किया था। रेनर ने अपने मामले को मंत्रिस्तरीय मानकों पर स्वतंत्र सलाहकार लॉरी मैग्नस के पास भेजा, जिन्होंने पीएम केअर स्टार्मर को अपनी रिपोर्ट सौंपी। ब्रिटेन में संपत्ति की खरीद पर शुल्क लगाया जाता है तथा अधिक महंगे आवासों पर अधिक शुल्क देना पड़ता है।

## बांग्लादेश में जातीय पार्टी के ऑफिस पर हमला



**ढाका।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका में जातीय पार्टी के सेंट्रल ऑफिस पर गण अधिकार परिषद के कार्यकर्ताओं ने हमला किया। इस हमले में ऑफिस में तोड़फोड़ की गई और कई मंजिलों पर आग लगा दी गई। फायर सर्विस की टीमें आग पर काबू पाने की कोशिश कर रही हैं। हमलावरों को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस और साउंड ग्रेनेड का इस्तेमाल किया। पिछले हफ्ते गण अधिकार परिषद के अध्यक्ष नुरुल हक नुर के घायल होने के बाद भी देशभर में जातीय पार्टी के कार्यालयों पर हमले हुए थे।

# हिमाचल में बारिश-भूस्खलन से हाहाकार...अब तक 360 मौतें और 426 घायल

एजेंसी ▶▶ शिमला

हिमाचल प्रदेश में बारिश और भूस्खलन ने व्यापक तबाही मचा दी है। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार, इस मानसूनी सीजन में अब तक 360 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें से 197 मौतें भूस्खलन, अचानक बाढ़, बादल फटना, डूबना और बिजली गिरने जैसी घटनाओं में हुईं, जबकि 163 लोग सड़क दुर्घटनाओं में मारे गए।

*47 अब भी लापता, अब तक 3,979.52 करोड़ का भारी आर्थिक नुकसान*



**चिनूक हेलिकॉप्टर से श्रद्धालुओं का बचाव कार्य जारी**


### एक हजार से ज्यादा सड़कें बंद, 3 हजार ट्रांसफार्मर भी बंद हुए

एसडीएमए की रिपोर्ट में बताया गया कि आपदा से 426 लोग घायल हुए हैं और 47 लोग लापता हैं। इसके अलावा, 1,440 पशुओं की मौत भी दर्ज की गई है। राज्य को कुल 3,979.52 करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान हुआ है, सार्वजनिक और निजी बुनियादी ढांचे दोनों को भारी क्षति पहुंची है। राज्य भर में 1,087 सड़कें बंद पड़ी हैं, 300 हजार ट्रांसफार्मर बंद हुए है, बिजली आपूर्ति लाइनें और 509 जलापूर्ति योजनाएं ठप हो चुकी हैं।

### कृषि, बागवानी और पशुधन को भारी नुकसान

एसडीएमए के प्रवक्ता ने बताया कि क्षतिग्रस्त सड़कें, जलापूर्ति योजनाएं और बिजली आपूर्ति बहाल करने का काम युद्धस्तर पर चल रहा है। उन्होंने कहा कि इस आपदा से कृषि, बागवानी और पशुधन को भी अभूतपूर्व नुकसान पहुंचा है। इसी बीच, भारतीय वायु सेना ने मणिमहेश यात्रा में फंसे श्रद्धालुओं को सुरक्षित निकालने के लिए चिनूक हेलिकॉप्टर का इस्तेमाल किया।

### बढ़ा यमुना का जलस्तर, खतरे के निशान से दो फीट ऊपर पहुंचा पानी



**नई दिल्ली।** यमुना नदी के उफान से दिल्ली के निचले इलाकों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। ऐसे में प्रशासन और सामाजिक संगठनों के सहयोग से विस्थापित परिवारों को राहत कैंपों में शरण दी जा रही है।

### बाढ़ में फंसे पंजाब की उम्मीद बनी सेना



पंजाब में जलप्रलय के बीच भारतीय सेना एक उम्मीद की किरण बनकर सामने आई है। जख्मी लोगों को सुरक्षित निकालना हो, जरूरी सामान पहुंचाना हो या मुश्किल हालात में सैनिकों की तैनाती, हर मोर्चे पर सेना डटी हुई है। कुछ इसी तरह की तस्वीरों के जरिए भारतीय सेना ने पंजाब की जनता को संकट में हौसला बनाए रखने का संदेश दिया है।

### दिल्ली के छह जिलों में बाढ़ का खतरा

यमुना का पानी बढ़ने से दिल्ली के छह जिले उत्तर, उत्तर पूर्व, शाहदरा, पूर्व, मध्य और दक्षिण पूर्व में बाढ़ का खतरा है। दक्षिण पूर्व, मध्य व पूर्व जिले में एनडीआरएफ की टीम तैनात की गई है। पूरे खादर में पानी भरने के कारण बेघर होने वालों की संख्या 15 हजार से ऊपर है। इनमें से 10 हजार से अधिक लोगों को प्रशासन द्वारा स्थापित राहत शिविरों में रखा गया है। बड़ी संख्या में लोग विकास मार्ग सहित अन्य स्थानों पर टेंट लगाकर रह रहे हैं।

### आपदा प्रभावित राज्यों का दौरा करेंगे पीएम मोदी



पंजाब और हरियाणा समेत उत्तर भारत के कई राज्य बाढ़ की चपेट में हैं। पौंग बांध के कैचमेंट एरिया में अब तक के इतिहास की सबसे अधिक वर्षा बाढ़ की स्थिति में पहुंचाया है। वही पंजाब के दो हजार गांव पानी में डूबे गए है, वहीं पीएम नरेंद्र मोदी जल्द ही बाढ़ प्रभावित राज्यों का दौरा कर स्थिति का जायजा लेंगे।



## अमेरिका में बनाया 'डिपार्टमेंट ऑफ वॉर'

# ट्रंप ने कार्यकारी आदेश पर दोबारा किए हस्ताक्षर 45 से अधिक उत्पाद श्रेणियों पर टैरिफ में दी छूट

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

*अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर करते हुए 45 से अधिक उत्पाद श्रेणियों पर टैरिफ में छूट देने का निर्णय लिया है। इसमें निकेल, सोना, फार्मास्युटिकल, रसायन, एल्युमिनियम हाइड्रॉक्साइड, रेजिन और सिलिकॉन जैसे उत्पाद शामिल हैं। इस कदम से अमेरिका के लिए वे वस्तुएं सस्ती हो जाएंगी जिन्हें वह घरेलू रूप से नहीं उगा या खनन कर सकता।*

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को एक बड़े कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किया है। जिसमें निकेल, सोना समेत कई धातुओं के साथ ही साथ फार्मास्युटिकल और रसायनों के निर्यात पर व्यापारिक साझेदारों को टैरिफ में छूट देने की बात कही गई है। इस सूची में शून्य आयात शुल्क के लिए 45 से अधिक श्रेणियों की पहचान की गई है, जिन पर टैरिफ में छूट देने का फैसला लिया गया है।

ट्रंप ने अब अमेरिका में एक नया मंत्रालय बना दिया है। इसका नाम 'डिपार्टमेंट ऑफ वॉर' यानि युद्ध मंत्रालय रखा है। हालांकि यह मंत्रालय रक्षा मंत्रालय का नाम बदलकर बनाया गया है। ट्रंप के अनुसार यह नाम अमेरिका की 'शक्ति और विजय' का प्रतीक होगा और दुनिया को एक स्पष्ट संदेश देगा कि अमेरिका एक 'सख्त ताकत' है।

**खास बातें**

- ट्रंप ने बड़े कार्यकारी आदेश पर किए हस्ताक्षर
- दुनिया को एक स्पष्ट संदेश देगा
- नया नाम अमेरिका की 'शक्ति और विजय' का प्रतीक होगा



### ट्रंप ने कहा-ताकत का संदेश देता है 'डिपार्टमेंट ऑफ वॉर'

*ट्रंप ने कहा, मुझे लगता है कि यह एक विजय का संदेश देता है, एक ताकत का संदेश। उन्होंने डिफ्रेंश शब्द को वर्क करार दिया और कहा कि यह नाम अब बदलने का वक्त है। क्योंकि 'डिपार्टमेंट ऑफ वॉर' अमेरिका की शक्ति को दर्शाने वाला नाम है।*

### अमेरिकी कांग्रेस की अनुमति ज़रूरी

हालांकि, अमेरिकी कांग्रेस को इस नाम परिवर्तन को विधिक रूप से मान्यता देनी होगी। इस दिशा में ट्रंप समर्थक प्रतिनिधि ग्रेग स्ट्यूब (फ्लोरिडा) और सीनेट में रिक स्कॉट (फ्लोरिडा) और माइक ली (उटाह) ने विधेयक पेश किया है। स्ट्यूब ने कहा, 1789 से द्वितीय विश्व युद्ध के अंत तक अमेरिका ने 'डिपार्टमेंट ऑफ वॉर' के नाम के तहत युद्ध लड़े।

### अधिकारियों के सिफारिशों के बाद फैसला

राष्ट्रपति के आदेश में यह कहा गया है कि ये बदलाव अमेरिका के वरिष्ठ अधिकारियों की सलाह और सिफारिशों के बाद किए गए हैं। साथ ही यह भी कहा गया है कि ये बदलाव राष्ट्रीय आपातकाल से निपटने के लिए जरूरी और उचित हैं। इस बदलाव के बाद अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि और वाणिज्य विभाग को अन्य देशों के साथ समझौतों को लागू करने के लिए कार्रवाई करने का अधिकार होगा।

### कई रिपब्लिकन सांसद ही नाराज

ट्रंप ने कहा हम इसे वैसे ही कर देंगे, जैसा पहले था। मुझे यकीन है कि कांग्रेस मान जाएगी। बता दें कि कानूनी बदलाव के लिए कांग्रेस की अनुमति आवश्यक है। कांग्रेस में कई रिपब्लिकन सांसद ही ट्रंप के इस कदम से नाराज़ हैं। डॉन बेकन (नेब्रास्का) ने कहा यह प्रशासन कांग्रेस की आंखों में उंगली डाल रहा है। वहीं कुछ लोगों द्वारा ट्रंप इस फैसले को उनकी सैन्य नीतियों को फिर से असाधारण, मर्दाना और आक्रामक बनाने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। जिसमें रक्षात्मक नहीं, बल्कि हमलावर मानसिकता को प्राथमिकता दी जा रही है।

### इन पर नहीं लगेगा टैरिफ

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक खास आदेश जारी किया, जिसमें ग्रेफाइट, टंगस्टन, यूरेनियम, सोने के बुलियन और कई दूसरी धातुओं पर देश-आधारित टैरिफ हटा दिया गया। लेकिन सिलिकॉन प्रोडक्ट्स पर यह शुल्क लगा दिया गया है। स्यूडोएफेड्रिन, एंटीबायोटिक्स और कुछ दूसरी दवाइयां, जो पहले से ही वाणिज्य विभाग की जांच के दायरे में थीं, उन्हें भी इस नए आदेश से राहत मिली है।

## जेलेंस्की ने पुतिन का न्यौता ठुकराया

# आतंकवादी देश में मैं तो कभी नहीं जाऊंगा



एजेंसी ▶▶ मास्को

रूस-यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध को रोकने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों से अलग-अलग मुलाकात की थी। इसके बाद उम्मीद जगी थी कि इस युद्ध को रोकने की दिशा में कुछ ठोस कदम उठाए जा सकते हैं। इसके बाद द्विपक्षीय और त्रिपक्षीय बैठक की बात हुई थी, लेकिन यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच मास्को में वार्ता के लिए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के निमंत्रण को अस्वीकार कर दिया है।

### यदि पुतिन बातचीत करना चाहते हैं तो उन्हें कीव आना चाहिए

जेलेंस्की ने कहा है कि वह उस देश की राजधानी का दौरा नहीं कर सकते जो यूक्रेन पर रोजाना मिसाइल हमला कर रहा है। एक इंटरव्यू के दौरान यूक्रेनी राष्ट्रपति ने सुझाव दिया कि यदि पुतिन बातचीत करना चाहते हैं तो उन्हें कीव (यूक्रेन) आना चाहिए। जेलेंस्की ने कहा, वह कीव आ सकते हैं। मैं मास्को नहीं जा सकता, जब मेरा देश हर दिन मिसाइलों और हमलों की चपेट में है। मैं इस आतंकवादी की राजधानी नहीं जा सकता।

### पुतिन ने जताई थी मुलाकात की इच्छा

जेलेंस्की ने बातचीत में देरी करने के लिए पुतिन पर राजनीतिक पैंतरेबाजी का आरोप लगाया और कहा कि पुतिन अमेरिका के साथ खेल खेल रहे हैं। उन्होंने कहा, पुतिन बैठक को स्थगित करने के लिए ऐसा कर रहे हैं, वह संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ खेल खेल रहे हैं। जेलेंस्की की यह तीखी टिप्पणी रूसी राष्ट्रपति पुतिन की तरफ से जेलेंस्की से मुलाकात के लिए अपनी इच्छा व्यक्त करने के कुछ दिनों बाद आई है। पुतिन ने इच्छा जताई थी कि बैठक मास्को में हो सकती है, बशर्ते कि इसकी अच्छी तैयारी हो और इसका उद्देश्य परिणाम निकालना हो।

## केंद्रीय मंत्री ने बताया बड़ी उपलब्धि

# टीईसी टेलीकाम सिस्टम का सर्टिफिकेट भारत को मिला



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के लिए सेमीकंडक्टर सेक्टर में बड़ी उपलब्धि दर्ज हुई है। बता दे कि पहली बार भारत में बने चिप्स पर चलने वाले टेलीकॉम सिस्टम को टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग सेंटर (टीईसी) से मानकों और गुणवत्ता का प्रमाणपत्र मिला है भारत के लिए यह गर्व का पल है, पहली बार भारत में बनी चिप्स पर चलने वाले टेलीकॉम सिस्टम को टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग सेंटर (टीईसी) से क्वालिटी का सर्टिफिकेट मिल गया है।

यह जानकारी आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री अश्विनी वैष्णव ने खुद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर की।

### आत्मनिर्भर बनने की दिशा में बढ़ा कदम



केंद्रीय मंत्री ने कहा, यह भारत की सेमीकंडक्टर यात्रा का बड़ा पड़ाव है। अब देश में बने चिप्स पर चलने वाले टेलीकॉम सिस्टम अंतरराष्ट्रीय मानकों को पूरा कर रहे हैं। दुनिया में एक नई पहचान मिलेगी। यह उपलब्धि सिर्फ एक सर्टिफिकेट पाने की बात नहीं है, बल्कि यह भारत के लिए चिप मैन्युफैक्चरिंग में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में एक बड़ा कदम है। आने वाले समय में भारत न केवल अपने लिए, बल्कि दूसरे देशों के लिए भी हाई-क्वालिटी चिप्स और टेलीकॉम उपकरण बना सकेगा।

### प्रमाण पत्र से अंतरराष्ट्रीय बाजारों में पहचान मिलेगी

टीईसी सर्टिफिकेशन दूरसंचार विभाग का एक स्टैंडर्ड है। यह सर्टिफिकेट तभी मिलता है जब कोई टेलीकॉम उपकरण सख्त क्वालिटी और सिक्योरिटी टेस्ट पास करता है। इस अप्रूवल का मतलब है कि भारत में बनी चिप्स पर चलने वाले टेलीकॉम सिस्टम की क्वालिटी अब दुनिया के लेवल की हो गई है। इस सर्टिफिकेशन से भारतीय चिप्स को सिर्फ देश में ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी पहचान मिलेगी। अब भारत के लिए अपने चिप्स और टेलीकॉम प्रोडक्ट्स को दूसरे देशों में एक्सपोर्ट करना आसान हो जाएगा।

## थाईलैंड के पूर्व पीएम थाकसिन शिनवात्रा देश छोड़कर भागे



**बैकॉक।** थाईलैंड के पूर्व पीएम थाकसिन शिनवात्रा देश छोड़कर अपने प्राइवेट जेट से दुबई चले गए हैं। उन्होंने इसकी जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दी। थाईलैंड की कोर्ट 9 सितंबर को थाकसिन के भ्रष्टाचार से जुड़े मामले में फैसला सुनाने वाली है। थाकसिन ने एक्स पर लिखा कि वे इलाज के लिए सिंगापुर जा रहे थे, लेकिन पायलट ने बताया कि जेट को वहां नहीं उतारा जा सकता है, इसलिए उन्हें दुबई जाना पड़ा।

## नूर खान बेस पर उतरे सैन्य विमान

# अमेरिका ने पाकिस्तान को कई विमानों में भरकर भेजी सामग्री

एजेंसी ▶▶ कराची

पाकिस्तान में आई विनाशकारी बाढ़ से प्रभावित लोगों की सहायता के लिए अमेरिका ने कई विमानों में भरकर राहत सामग्री भेजी है। इस्लामाबाद स्थित अमेरिकी दूतावास ने एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी। पाकिस्तानी सेना के अनुरोध पर अमेरिकी सैन्य विमानों से राहत सामग्री पाकिस्तान में लाई गई है। ये विमान शनिवार 6 सितंबर को रावलपिंडी के नूर खान एयर बेस पर उतरे, जहां पाकिस्तानी सेना के अधिकारियों और अमेरिकी चार्ज



डी'अफेयर्स नेटली बेकर ने राहत सामग्री रिसीव की। दूतावास ने लिखा, विनाशकारी बाढ़ से निपटने के लिए पाकिस्तानी सेना के अनुरोध पर अमेरिकी सैन्य विमानों ने आवश्यक सामग्री पहुंचाई। नूर खान एयर बेस पर, सीडीए बेकर ने पाकिस्तान के लोगों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की।

## अवामी इत्तेहाद पार्टी का आरोप

# कैदियों ने इंजीनियर राशिद पर जेल में किया जानलेवा हमला

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर



सांसद इंजीनियर राशिद की पार्टी ने दावा किया है कि दिल्ली की तिहाड़ जेल में उन पर जानबूझकर हमला किया गया है। पार्टी का कहना है कि यह हमला जानलेवा भी हो सकता था। हालांकि, जेल सूत्रों ने किसी भी जानलेवा इरादे की बात को खारिज करते हुए कहा कि एक बहस के बाद कुछ कैदियों ने उनकी पिटाई की और उन्हें मामूली चोटें आई हैं।

### राशिद 2019 से जेल में है

*सांसद की हत्या के इरादे के दावे निराधार हैं। एक सूत्र ने कहा कि राशिद जेल नंबर तीन में बंद हैं, जहां केवल ट्रांसजेंडर कैदियों को रखा जाता है। फ़िलहाल वहां केवल तीन ट्रांसजेंडर कैदी हैं। उनकी हत्या की किसी भी योजना की बात बेबुनियाद है। बता दें कि राशिद 2019 से जेल में हैं। उन्हें राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने 2017 के एक आतंकी फंडिंग मामले में गैरकानूनी गतिविधियाँ रोकथाम अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया था।*

### राशिद का कैदियों के साथ झगड़ा हुआ था

पार्टी ने कहा कि सांसद पर एक गेट गिराया गया था। राशिद के वकील के हवाले से कहा गया कि वो चमत्कारिक रूप से बच निकला। अगर यह सीधा लगता, तो जानलेवा भी हो सकता था। यह उन्हें शारीरिक रूप से नुकसान पहुंचाने की जानबूझकर की गई कोशिश से कम नहीं है। हालांकि, तिहाड़ जेल सूत्रों ने कहा कि लगभग एक हफ्ते पहले राशिद का कुछ ट्रांसजेंडर कैदियों के साथ झगड़ा हुआ था और उन्होंने उनकी पिटाई कर दी थी। उन्होंने बताया कि सांसद को मामूली चोटें आई हैं।

## रिपोर्ट में खुलासा: सरकार ने उठाया बड़ा कदम, कनाडा ने भारत पर गंभीर आरोप लगाए थे

# अब कनाडा सरकार ने खुद माना-खालिस्तान आतंकवादियों को उनके ही देश से मिल रही मदद

एजेंसी ▶▶ ओटावा

*गलत फायदा उठाते हैं आतंकी संगठन*

खालिस्तानी आतंकवादियों से जुड़े संगठनों को कनाडा समेत अन्य देशों से पैसे मिलने के भारत के आरोप पर अब खुद कनाडा सरकार ने ही मुहर लगा दी है। सरकारी रिपोर्ट में इस बात को कबूला गया है कि खालिस्तानी संगठनों को कनाडा समेत अन्य देशों से फंड मिल रहा है। कनाडा सरकार की एक ताजा रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि खालिस्तानी संगठन जो भारत के पंजाब में एक स्वतंत्र खालिस्तान राज्य स्थापित करना चाहते हैं अब भी वित्तीय सहयोग जुटाने में सक्रिय है।



### हमास और हिजबुल्ला को भी कनाडा में हो रही फंडिंग

रिपोर्ट के अनुसार राजनीति से प्रेरित हिंसक उग्रवाद को नई राजनीतिक व्यवस्था या मौजूदा व्यवस्था के भीतर नए ढांचे और मानदंड स्थापित करने के लिए हिंसा के उपयोग के रूप में परिभाषित किया गया है। इन चरमपंथी समूहों को कनाडाई कानून के तहत आतंकवादी संगठन घोषित किया गया है, जिसमें हमास और हिजबुल्ला भी शामिल हैं।

### क्रिप्टोकरेंसी का गलत फायदा उठाते हैं आतंकी संगठन

रिपोर्ट में कहा गया है, खुफिया जांच एजेंसियों को पता चला है कि कनाडा में हमास, हिजबुल्ला और खालिस्तानी हिंसक चरमपंथी समूह बब्बर खालसा इंटरनेशनल और इंटरनेशनल सिख यूथ फेडरेशन आदि संगठनों को वित्तीय मिल रही है। पंजाब में एक स्वतंत्र राज्य स्थापित करने के लिए हिंसक तरीकों की वकालत करने वाले खालिस्तानी चरमपंथी तत्वों द्वारा खास तौर पर इसी तरह के माध्यमों से धन जुटाने का संदेह है। ये संगठन धन सेवा व्यवसाय बैंकिंग क्षेत्र, क्रिप्टोकरेंसी, सरकारी प्रायोजन, और धर्मार्थ एवं गैर-लाभकारी संगठनों का गलत फायदा उठाते हैं

### अंतरराष्ट्रीय संबंधों पड़ रहा असर

भारत लंबे समय से यह आरोप लगाता रहा है कि कनाडा खालिस्तानी गतिविधियों पर कठोर कार्रवाई करने में विफल रहा है। हाल के वर्षों में दोनों देशों के बीच खालिस्तान समर्थक गतिविधियों को लेकर तीखी बयानबाज़ी भी हुई है।

### कनाडा सरकार के सामने यह चुनौती

आतंकवादी संगठनों के लिए विदेशों से मिलने वाला आर्थिक सहयोग उनकी गतिविधियों को जारी रखने का सबसे बड़ा साधन है। ऐसे में कनाडा सरकार के सामने यह चुनौती है कि वह अपने लोकतांत्रिक ढांचे और स्वतंत्रता के अधिकारों को सुरक्षित रखते हुए कट्टरपंथी गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश कैसे लगाए।






## अखिल दिगंबर भारतवर्षीय महिला परिषद सुंदरी संभाग का आयोजन

# 'उत्तम संयम के दुल्हन' प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

**जबलपुर।** शासनो उदय तीर्थ क्षेत्र शासनो उदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र स्थित जैन बड़ा मंदिर में पर्युषण महापर्व के अंतर्गत 'उत्तम संयम' दिवस के पावन अवसर पर अखिल दिगंबर भारतवर्षीय महिला परिषद, सुंदरी संभाग, मुनिसुब्रत नाथ शाखा के तत्वावधान में एक अनूठी और आकर्षक 'दुल्हन प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। यह आयोजन हनुमानतल ट्रस्ट कमेटी के सहयोग से संपन्न हुआ, जिसमें समाज की बहनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा एवं धार्मिक आस्था का परिचय दिया। प्रतियोगिता को तीन राउंड में विभाजित किया गया परिचय राउंड धार्मिक भजन पर नृत्य राउंड प्रश्नोत्तरी राउंड इन तीनों राउंड में प्रतियोगियों ने अपने-अपने हुनर और आत्मविश्वास से दर्शकों और निर्णायकों को प्रभावित किया। विजेताओं की घोषणा, प्रथम स्थानः श्रीमती अंशिका जैन द्वितीय स्थानः कु. आस्था जैन तृतीय स्थानः कु. श्रेया जैन इसके अतिरिक्त दो सांत्वना पुरस्कार भी प्रदान किए गए। निर्णायक मंडल में श्रीमती सरिता जैन (अट्रैक्शंस ब्यूटी पार्लर) संभागीय अध्यक्ष श्रीमती मौली जैन शाखा अध्यक्ष श्रीमती नेहा जैन। इस अवसर पर संभागीय सचिव श्रीमती स्वाति जैन, सचिव निधि जैन, कोषाध्यक्ष आस्था जैन सहित बहनें सरिता, अवनी, कीर्ति, सोनम, आरती, नीता, श्रेया, स्वाति आदि की गरिमामयी उपस्थिति रही।



## मध्य प्रदेश तैलीक साहू सभा का स्थापना दिवस समारोह



**जबलपुर।** मध्य प्रदेश तैलीक साहू सभा की स्थापना 5 सितंबर 1965 को की गई थी प्रदेशिक संगठन की स्थापना के 60वर्ष में हमारे संगठन के गठित प्रत्येक इकाई में सामाजिक बन्धुओं मातृ शक्तियों एवं युवा पीढ़ी की उपस्थिति में 60 स्थापना दिवस धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया इस उपलक्ष में 5 सितंबर को शिक्षक दिवस होने के कारण हम अपने समाज के शिक्षक वर्ग को उक्त कार्यक्रम में सम्मिलित कर उनका सम्मान कर रहे हैं राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष श्रीमती आभा साहू ने बताया की मध्य प्रदेश तैलीक साहू सभा की नींव जी पी साहू शिक्षक जबलपुर से थे जिन्होंने इस संगठन की नींव रखी और आज संस्थापक सदस्य बटन लाल दादा डॉक्टर हेमराज जी साहू एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री ताराचंद जी साहू के सतत प्रयासों से संगठन समाज हित में अग्रणी कार्य कर रहा है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष श्रीमती श्रद्धा साहू मंडल अध्यक्ष श्रीमती नम्रता साहू ने अपनी समस्त कार्यकारिणी के साथ समाज की शिक्षक मात्र शक्तियों को सम्मानित किया है इस अवसर पर वरिष्ठ श्रीमती रानी साहू श्रीमती विमला साहू श्रीमती अर्चना साहू श्रीमती आराधना साहू श्रीमती शिल्पा श्रीमती उल्का साहू श्रीमती नीतू साहू श्रीमती नीतू रंजीत साहू श्रीमती दर्पण ,निशा अंकित,दीपा,रजनी बद्री प्रसाद महिला शक्तियों की गरिमामई उपस्थिति रही।

**जबलपुर।** मां नर्मदा होम में विराजे गणपति का विसर्जन गोपालपुर नर्मदा घाट पर किया गया। समिति के अंकित परिहार राज मिश्रा,महेंद्र नामदेव,मूर्ति नामदेव, नीरजा मिश्रा, आवि मिश्रा,प्रीति परिहार,प्रथमेश,प्रीति मिश्रा, अन्या आरुष,अतिशय जैन आदि का आयोजन में योगदान रहा।



## श्रेया रजक का पांचवीं बार राष्ट्रीय महिला फुटबॉल प्रतियोगिता में हुआ चयन



**जबलपुर।** संस्कारधानी की उदीयमान फुटबॉल खिलाड़ी श्रेया रजक का सीनियर महिला राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता 2025 के लिए मध्यप्रदेश की फुटबॉल टीम में पांचवीं बार चयन किया गया है। श्रेया शास. इंजी. कॉलेज जबलपुर में कार्यरत सहदेव रजक एवं अनीता रजक की सुपुत्री हैं। श्रेया ने जबलपुर टीम से खेलते हुए कोच स्वर्ण सिंह के मार्गदर्शन में यह उपलब्धि हासिल की है। इस उपलब्धि पर मप्र फुटबॉल एसो. के सचिव अमित रंजन देव, हेड कोच आशीष पिल्ले, नकवी सर, गिरीश यादव, परम असवर, कोच वाहिद खान, जेईसी प्राचार्य डॉ. राजीव चांडक, डॉ. पीके झिंगे, डीन डॉ. कमल कुशवाहा सहित अन्य ने हर्ष व्यक्त किया है।

## आटो चालक से बदमाशों ने की मारपीट

**जबलपुर।** रांझी थाना अतंर्गत बजरंग नगर चौपाटी के पास शराब पीने के लिए रुपए नहीं मिलने की बात पर तीन बदमाशों ने एक आटो चालक के साथ मारपीट कर बेल्ट से हमला कर घायल कर दिया। रांझी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार बजरंग नगर निवासी 25 वर्षीय आटो चालक प्रिंस उर्फ बेटू सेन गत रात लगभग 10.30 बजे आटो चलाकर घर जा रहा था। बजरंग नगर चौपाटी के पास रूका, तभी अप्पू ठाकुर, अनुराग पटैल, शैलू विश्वकर्मा उससे शराब पीने के लिये एक हजार रूपये मांग करने लगे, उसने रूपये देने से मना किया तो तीनों उसके साथ गाली गलौज कर मारपीट कर दी। अप्पू ठाकुर ने बेल्ट से हमला कर चोटें पहुंचा दी। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 119(1), 351(2), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## पत्रकार पर हमला करवाने वाला अस्पताल संचालक अमित खरे गिरफ्तार


**जबलपुर।** गढ़ा थानांतर्गत बीते दिनों पिशनहारी की मढिया स्तिथ सिंघई पेट्रोल पंप के पास बिना नबंर की स्विफ्ट कार में आए हथियारो से लैस 4 बदमाशो ने निजी चैनल के पत्रकार सुनील सेन के ऊपर स्मार्ट सिटी हॉस्पिटल के फर्जीवाड़े की खबरे चलाए जाने को लेकर जानलेवा हमला करने के मामले में गढ़ा पुलिस ने 3 आरोपियो को शुक्रवार शनिवार की मध्यरात्रि 12.30 बजे गिरफ्तार किया है।वही अन्य आरोपियो की तलाश की जा रही है।जहा पुलिस ने राजू खटीक,राज उपाध्यय और हमला कराने का मास्टर माइंड स्मार्ट सिटी के डारेक्टर अमित खरे को गिरफ्तार किया है।गौरतलब है की पत्रकार सुनील सेन लगातार स्मार्ट सिटी के डारेक्टर अमित खरे के हॉस्पिटल में हो रहे फर्जीवाड़े को लगातार उजागर कर रहे थे।जिसको लेकर स्मार्ट सिटी के डारेक्टर के द्वारा अपने गुर्गों से सुनील सेन को लगातार धमकियां दिलवाई जा रही थी।वही कुछ समय पहले जब सुनील से मेडिकल कॉलेज से देर रात खबर बनाकर अपने घर वापस लौट रहे थे।इस दौरान सिंघई पेट्रोल पंप के पास रेकी कर रहे स्विफ्ट कार आये चार बदमाशो ने सुनील सेन के ऊपर हथियारो से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था।

**पर्यूषण पर्व के समापन पर हुए आचार्यश्री के प्रवचन**

# आत्मा में स्थिर हो जाना ही उत्तम ब्रह्मचर्य

**जबलपुर।** डी. एन. जैन महाविद्यालय परिसर में आयोजित दिगम्बर जैन समाज के दशलक्षण पर्व के अंतिम दिन आचार्यश्री समयसागर महाराज ने उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म पर प्रवचन दिया। उन्होंने कहा कि जब जीव सभी वस्तुओं से राग, द्वेष और मोह छोड़ देता है और आत्मा में स्थिर हो जाता है, तब वही उत्तम ब्रह्मचर्य है।

महाराजश्री ने बताया कि तीर्थंकरों के माता-पिता का जीवन भी अत्यंत पवित्र होता है। जब किसी तीर्थंकर का जन्म होता है, तो उनके माता-पिता ब्रह्मचर्य व्रत का पालन करने का संकल्प लेते हैं। 24 तीर्थंकरों में से 5 — वासुपूज्य, मल्लिनाथ, नेमीनाथ, पार्श्वनाथ और महावीर स्वामी ने विवाह नहीं किया, जबकि बाकी 19 तीर्थंकरों ने विवाह किया ताकि उनके वंशजों द्वारा धर्म की परंपरा आगे बढ़ सके।



उन्होंने कहा कि विषयों के प्रति विरक्ति ही शील है, और शील ही सच्चा ज्ञान है। भक्ति तो सभी करते हैं, लेकिन जब तक सम्यक्त्व (सही दृष्टि) नहीं होता, तब तक आत्मा का कल्याण नहीं हो सकता। अनंत संसार से छुटकारा केवल सम्यक्त्व से ही संभव है। जब दृष्टि केवल आत्मा के स्वरूप पर टिक जाती है, तभी सच्चा ब्रह्मचर्य मिलता है। महाराजश्री ने कहा कि आज पाश्चात्य संस्कृति के कारण वातावरण दूषित हो रहा है और लोग विषयों में डूबते जा रहे हैं। लेकिन यदि पुरुषार्थ करें तो अहंकार और आसक्ति मिट जाएगी और संसार से विरक्ति पैदा होगी, यही उत्तम ब्रह्मचर्य है। उन्होंने बताया कि जैन धर्म ऐसा अद्वितीय धर्म है जिसमें दया, इंद्रिय संयम, कषायों का त्याग और समाधि की साधना है।

सभा की शुरुआत में सम्यक जैन और गुड़गांव से आई आदिती ने मंगलाचरण का पाठ किया। आचार्यश्री विद्यासागर महाराज के चित्र के सामने मुनिश्री अनुष्दसागर महाराज के गृहस्थ जीवन के परिजनों — मुकेश एवं अन्य सदस्यों ने दीप प्रज्वलित किया और पूजन का सौभाग्य प्राप्त किया। आचार्यश्री का पूजन शशांक जैन ने कराया। सभा का संचालन विनय भैया और अमित पडरिया ने किया।

## तर्पण प्रिय है भगवान श्री गणेश : ब्रह्मचारी चैतन्यानन्द

**जबलपुर।** श्री बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य मठ सिविक सेंटर मढ़ाताल में श्री गणेश नवरात्र के समापन दिवस पर भगवान श्री गणेश का लाजा (लाई) , दूर्वा, लड्डू और मोदक से सहस्त्रार्चन ब्रह्मचारी श्री चैतन्यानन्द जी महाराज श्री के करकमलों से किया गया। ब्रह्मचारी श्री चैतन्यानन्द जी महाराज श्री ने बताया कि भगवान गणेश पंचदेव में एक है। भगवान गणेश तर्पण प्रिय हैं भगवान श्री गणेश का अलग-अलग मंत्र द्वारा तर्पण किया जाता है पुत्र प्राप्ति के लिए, ज्ञान प्राप्ति के लिए और ऐश्वर्य प्राप्ति के लिए एवं अपनी मनोकामना की पूर्ति के लिए भगवान गणेश का तर्पण किया जाता है। अनन्त भगवान की पूजा करके संकटों से रक्षा करने वाला अनन्तसूत्रबांधा जाता है। जब पाण्डव जुए में अपना सारा राज-पाट हारकर वन में कष्ट भोग रहे थे, तब भगवान श्रीकृष्ण ने उन्हें अनन्तचतुर्दशीका व्रत करने की सलाह दी थी। धर्मराज युधिष्ठिर ने अपने भाइयों तथा द्रौपदी के साथ पूरे विधि-विधान से यह व्रत किया तथा अनन्तसूत्रधारण किया अनन्तचतुर्दशी-व्रत के प्रभाव से पाण्डव सब संकटों से मुक्त हो गए। पूजन में आचार्य प्रकाश द्विवेदी, आचार्य नर्मदा प्रसाद शर्मा , आचार्य गौरीशंकर शास्त्री, आचार्य अजय शास्त्री, डॉ. संजय मिश्रा, श्री मति तृप्ति मिश्रा, अन्नपूर्णा नायकर, आदित्य गुरु, विजय कटारिया, मनोज सेन आदि उपस्थित थे।

## नर्मदा पंचकोषी स्वर्ण कलश की 108 परिक्रमा आज

**जबलपुर।** हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट में 4 माह चातुर्मास विश्राम के अवसर पर नर्मदा पंचकोषी स्वर्ण कलश लड्डू गोपाल जी तुलसी मैया भगवान राधा कृष्ण की एक साथ 108 परिक्रमा संकीर्तन के माध्यम से आश्रम के संस्थापक स्वामी रामचंद्रदास जी महाराज के सानिध्य में भादो पूर्णिमा 7 सितम्बर रविवार को प्रात 6 बजे की जाएगी। 5 नवंबर कार्तिक पूर्णिमा पर नर्मदा पंचकोषी परिक्रमा महाकुंभ हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट में आयोजन होगा। उपस्थिति की अपील नर्मदा महाआरती के संस्थापक एवं परिक्रमा अध्यक्ष डा सुधीरअग्रवाल परिक्रमा संरक्षक श्रीमती सुषमाशंकर पटेल मनमोहन दुबे श्याम मनोहर पटेल विनोद दीवान मनोज गुलाबबनी विशाल पांड्या कैलाश विश्वकर्मा सुरेश विश्वकर्मा दुर्गा पटेल गुड्डू नेता ने की है।

## नगर निगम और विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ महापौर ने की बैठक



**जबलपुर।** महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने नगर निगम और विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की और नगर निगम द्वारा विद्युत विभाग के ऊपर लगाये गए टैक्स एवं विद्युत विभाग के द्वारा प्रतिमाह प्रेषित विद्युत देयकों के संबंध में चर्चा की। बैठक में महापौर के द्वारा दोनों विभागों के अधिकारियों से कहा कि अधिकारी आपस में समन्वय बनाकर बैठक करें और बैठक के बीच में ही अपने-अपने विभाग से संबंधित देयकों का नियमानुसार परीक्षण कराकर कार्यवाही सुनिश्चित करें।

बैठक में विद्युत विभाग द्वारा निगम प्रशासन से राशि कटौती कर लेने के संबंध में विस्तारपूर्वक चर्चा हुई वहीं निगम द्वारा विद्युत विभाग के ऊपर बकाया करों की राशि के संबंध में भी महापौर को अवगत कराया गया। इस दौरान महापौर ने समझाईश देते हुए अधिकारियों से कहा कि विद्युत विभाग के ऊपर जो भी बकाया करों की राशि है उसका और निगम प्रशासन द्वारा विद्युत विभाग को जो प्रतिमाह भुगतान किया जा रहा है उसका सभी संबंधित तकनीकी अधिकारी बैठकर नियमानुसार परीक्षण करें, परीक्षण उपरांत कार्यवाही सुनिश्चित करें। बैठक में अपर आयुक्त व्ही.एन. बाजपेयी, प्रशांत गोटिया, कार्यपालन यंत्री विद्युत नवीन लोनारे, सहायक यंत्री संदीप जायसवाल, के साथ-साथ विद्युत विभाग के सभी वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी उपस्थित रहे।

**संत अलॉएसियस स्कूल में शिक्षक दिवस समारोह का भव्य आयोजन**

# शिक्षकों को समर्पित एक प्रेरणादायक दिवस

**जबलपुर।** हर वर्ष 5 सितम्बर को मनाया जाने वाला शिक्षक दिवस, संत अलॉएसियस स्कूल पोलीपाथर में इस बार 4 सितम्बर को बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह दिन भारत के महान शिक्षाविद् और पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को समर्पित होता है।

कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 11 बजे शिक्षकों के तिलक एवं शुभकामनाओं से स्वागत के साथ हुई। तत्पश्चात विद्यालय के प्रबंधन फादर एम. स्टेनलिन, प्राचार्या श्रीमती जेस्सी अनिल, उपाचार्य श्री डेनिस पैट्रिक एवं अन्य शिक्षकों द्वारा दीप प्रज्वलन और डॉ. राधाकृष्णन तथा मदर टेरेसा की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया गया।




छात्रों की ओर से सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहीं। इसमें श्लोक पाठ, नृत्य, गीत, नाटक आदि के माध्यम से छात्रों ने शिक्षकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता प्रकट की। एक विशेष नाटक में एक आदर्श शिक्षक की भूमिका को भावनात्मक रूप से प्रस्तुत किया गया।

प्राचार्या श्रीमती जेस्सी अनिल ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि – शिक्षक यदि आपको डांटते हैं या अनुशासन सिखाते हैं, तो वह आपकी भलाई के लिए होता है। वे आपसे प्रेम करते हैं और उसके बदले में केवल सम्मान और आदर चाहते हैं। कुछ वरिष्ठ शिक्षकों ने भी मंच पर आकर शिक्षक की भूमिका और समाज निर्माण में उनके योगदान पर अपने विचार व्यक्त किए। उनके अनुसारः शिक्षक एक मोमबत्ती की तरह होता है, जो स्वयं जलकर दूसरों को प्रकाश देता है। भावनाओं से भरा एक और क्षण तब आया जब छात्रों ने अपने अनुभव साझा किए और अपने प्रिय शिक्षकों की प्रेरणादायक शिक्षाओं का स्मरण किया। छात्र शिक्षक दिवस इस समारोह का सबसे विशेष भाग रहा, जिसमें सीनियर छात्रों ने शिक्षकों की भूमिका निभाई और अभिनय के माध्यम से कक्षा संचालन किया। इससे छात्रों में शिक्षक के प्रति समझ और सम्मान की भावना और भी गहराई। समापन भाषण में शाला प्रबंधक फादर एम. स्टेनलिन ने कहाः

एक शिष्य कभी गुरु नहीं बन सकता, लेकिन गुरु जैसा बनने की राह जरूर पकड़ सकता है। हर सफल व्यक्ति के पीछे किसी शिक्षक का योगदान छिपा होता है।

कार्यक्रम के अंत में शाला उप नायक एवं उप नायिका ने सभी शिक्षकों को उनके अथक योगदान के लिए धन्यवाद दिया और सभी का आभार प्रकट किया।

अंत में शिक्षकों के लिए खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विजेताओं को शाला प्रबंधन द्वारा सम्मानित किया गया।

यह संपूर्ण समारोह न केवल शिक्षकों के प्रति आदर और कृतज्ञता का प्रतीक रहा, बल्कि विद्यार्थियों में अनुशासन, नैतिक मूल्यों और गुरु के प्रति श्रद्धा को जागृत करने वाला एक प्रेरणादायक अनुभव भी सिद्ध हुआ। इस भव्य आयोजन का संचालन श्रीमती लता पिल्लई के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

## नदियों के किनारे पिंडदान करने से मिलता है मोक्ष

# आज से शुरू होंगे 15 दिन के पितृ पक्ष

*सनातन धर्म में नदियों, तालाबों का बहुत ही महत्व है। हर धार्मिक कार्य में इनकी उपयोगिता बताई गई है। आज से पितृ पक्ष या श्राद्ध पक्ष शुरू हो रहे हैं। इस दिन लोग अपने पितरों को घर बुलाने के लिए नदियों के किनारे जाते हैं।*

हरिभूमि जबलपुर।

नदियों के किनारे पिंडदान और तर्पण करने की परंपरा सनातन काल से ही चली आ रही है। ऐसी धार्मिक मान्यता है कि पवित्र नदियों के किनारे तर्पण या पिंडदान करने से पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है। प्रतिवर्ष लाखों लोग विदेशों से केवल पिंडदान करने के लिए भारत पहुंचते हैं।

### गया जी का महत्व

ज्योतिषाचार्य डॉ पीएल गौतमाचार्य के अनुसार वैसे तो नर्मदा समेत सभी नदियों में इस क्रिया को किया जा सकता है, लेकिन सबसे अधिक पुण्य या मान्यता गया जी घाट की है। कहा जाता है कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम ने पिता दशरथ की आत्म शांति के लिए यहां पिंडदान किया था तभी से यह मान्यता चली आ रही है। गरुड़ पुराण में वर्णित है कि पिंडदान करने गया जाने के लिए जो लोग घर से निकलते हैं, उनके एक एक कदम पितरों को स्वर्ग के द्वार जाने वाली सीढ़ी बन जाते है। स्वयं विष्णु यहां पितृ देवता के रूप में मौजूद हैं, इसलिए इसे पितृ तीर्थ भी कहा जाता है। फल्गु नदी के तट पर पिंडदान किए बिना पिंडदान हो ही नहीं सकता।

### गया में पिंडदान की कथा

पुराणों के अनुसार भस्मासुर के वंश में गयासुर नामक राक्षस ने कठिन तपस्या कर ब्रह्माजी को प्रसन्न किया। उसने यह वर मांगा कि उसका शरीर देवताओं की तरह पवित्र हो जाए। उसके दर्शन से सभी



पाप मुक्त हो जाएं। ब्रम्हाजी से वर प्राप्त होने के बाद लोग पाप करने के बाद भी गयासुर के दर्शन करके स्वर्ग पहुंच जाते थे। जिससे स्वर्ग पहुंचने वालों की संख्या तेजी से बढ़ने लगी। इस समस्या से बचने के लिए देवताओं ने यज्ञ के लिए पवित्र स्थल की मांग गयासुर से की। गयासुर ने अपना शरीर देवताओं को यज्ञ के लिए दे दिया। जब गयासुर लेटा तो उसका शरीर पांच कोस तक फैल गया। इससे प्रसन्न देवताओं ने गयासुर को वरदान दिया कि इस स्थान पर जो भी तर्पण करने पहुंचेगा उसे मुक्ति मिलेगी।

### इन स्थानों पर होता है पिंडदान

**बद्रीनाथः** बद्रीनाथ जहां ब्रह्मकपाल सिद्ध क्षेत्र में पितृदोष मुक्ति के लिए तर्पण का विधान है। **हरिद्वारः** यहां नारायणी शिला के पास लोग पूर्वजों का पिंडदान करते हैं। **गयाः** यहां साल में एक बार 15 दिन के लिए पितृ-पक्ष मेला लगता है। कहा जाता है पितृ पक्ष में फल्गु नदी के तट पर विष्णुपद मंदिर के करीब और अक्षयवट के पास पिंडदान करने से पूर्वजों को मुक्ति मिलती है।



## पंडालो में दी गई हवन आहुतियां

# मंगल मूर्ति की जय जयकार से गूंजा पनागर

**पनागर**। नगर में मंगल मूर्ति श्री गणेश भक्ति में श्रद्धालुजन लीन रहे। कहीं उनका अर्चन किया गया, तो कहीं भोग किए गए। आकर्षक विद्युत रोशनी से सजे पंडालो में विराजमान विघ्नहर्ता के दिव्य दर्शन हुए। इसके अलावा मंदिरों में गणेश अथर्वशीर्ष पाठ सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठान हुए। वही सिद्धि विनायक गणेश उत्सव समिति गौतम मोहल्ला प्रताप वार्ड पनागर में गणेश जी के विसर्जन के पूर्व हवन आहुतियां दी गई। इस दौरान समीर गौतम,नीलेश गौतम,अनिल सोनी चरणदास, धर्मेश गौतम, साहिल सराफ, उमा गौतम,ममता गौतम, शैलेश गौतम राधा बाई, उमारानी समेत सभी भक्त एवं श्रद्धालु जन उपस्थित रहे।

## संपूर्ण ब्राह्मण मंच कार्यालय में भगवान गणेश का पूजान संपन्न



**जबलपुर।** जय गणेश संपूर्ण ब्राह्मण मंच कार्यालय में भगवान गणेश का पूजन के साथ, विश्व शांति पाठ किया गया पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। भगवान को छप्पन भोग प्रसाद आदि भी चढ़ाया गया। इस अवसर पर डॉ अरुण मिश्रा, यदुवंश मिश्रा, धनंजय बाजपेई, रावेंद्र तिवारी, सीताराम कुरचानिया, निशांत शर्मा, केके दुबे आदि उपस्थित थे।



# ब्राह्मण संघ ने किया उत्कृष्ट महिला शिक्षिकाओं का सम्मान

**जबलपुर**। श्री परशुराम सर्व ब्राह्मण संघ एवं नेत्रहीन कन्या विद्यालय के तत्वावधान में विगत दिवस नेपियर टाउन, जबलपुर स्थित नेत्रहीन कन्या विद्यालय में शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में महिला शिक्षक सम्मान समारोह का भव्य गरिमामय आयोजन विधिवत संपन्न हुआ। इस दौरान परम पूज्य जगदगुरु राघव देवाचार्य ने पंडित शिवगणेश गौतम के मंत्रोपचार के साथ दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कहा कि शिक्षक बच्चों का व्यक्तित्व एवं भविष्य निखारने के अलावा उनका उज्जवल भविष्य भी संवारते हैं। ब्राह्मण संघ द्वारा उनका सम्मान किया जाना निश्चित ही प्रशंसनीय है। इस मौके पर उपस्थित पंकज दुबे एवं पूनमचंद मिश्रा ने शिक्षकों की भूमिका एवं महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के प्रथम चरण में नेत्रहीन कन्याओं द्वारा मनमोहक गुरु वंदना प्रस्तुत की गई, तत्पश्चात शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएं देने वाली नेत्रहीन कन्याओं एवं शिक्षिकाओं को शॉल, श्रीफल के साथ सम्मान पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्री परशुराम सर्व ब्राम्हण संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अरुण मिश्रा, दीपांशु शुक्ला, यदुवंश मिश्रा, धार्मिक विकास समिति के अध्यक्ष के.के. शुक्ला, विक्रम गौतम, अजय अवस्थी, देवसिंह उईके के साथ सम्मानित शिक्षक श्रीमती पंकजा शुक्ला, मनोरमा पटेल, पूजा साहू, ज्योति प्यासी, मृदुला शर्मा, रेखा नायडू, किरण इम्नाते, सतीश बर्मन, किरण केवट, अमरेश चंद्र तिवारी की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## कुशवाहा महासभा ने गणेश चल समारोह का पूजन किया

**जबलपुर**। दस दिवसीय श्री गणेश महापर्व के समापन अवसर पर 06 सितम्बर को तीन पत्ती चौक से गणेश चल समारोह निकाला गया। इस अवसर पर कछवाहा, कुशवाहा राजपूत महासभा ने गणेश चल समारोह का पूजन अर्चन किया। साथ ही चल समारोह में शामिल सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक सदस्यों तथा सांसद, विधायक, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिकों ने चल समारोह का पूजन कर आशीर्वाद लिया।

## संत रविदास विचार मंच की सभा आज

जबलपुर। संत रविदास विचार मंच के मोहनलाल चौधरी ने बताया कि 07 सितम्बर को झामनदास चौक खेरमाई मंदिर के पास लालमाटी में मंच की सभा आयोजित है। सभा के मुख्य अतिथि अध्यक्ष शारदा प्रसाद चौधरी होंगे, अध्यक्षता रामसिपाही सेठ करेंगे। मंच के काशीप्रसाद चौधरी, गणेश प्रसाद चौधरी, नर्मदा प्रसाद चौधरी, लीनव चक्रवर्ती, मीनाबाई, सीताबाई, श्यामबाई, सीमाबाई चौधरी, अभिषेक चौधरी सहित अन्य ने सभा में उपस्थिति की अपील की है।

## अखिल भारतीय कायस्थ महासभा द्वारा किया गया 61 शिक्षकों का अभिनंदन

# सुदृढ़ एवं समर्थ समाज के निर्माण में शिक्षक का अविस्मरणीय योगदान



**जबलपुर**। समाज की युवा पीढ़ी को शिक्षित और संस्कारवान बनाकर सुदृढ़ एवं समर्थ समाज के निर्माण में शिक्षक का योगदान अविस्मरणीय रहता है। एक शिक्षक ही है जो जीविका उपार्जन के साथ-साथ समाज को दिशा देने की सामर्थ रखता है। नौनिहालों को शिक्षित संस्कारित चरित्रवान, बनाते हुये राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देता है। आज हम सभी कायस्थ समाज के उन गुरूजनों का अभिनंदन कर रहे हैं जिन्होंने समाज के उत्थान हेतु शिक्षा कार्य का अपनाकर समाज और राष्ट्र का सर्वांगीण विकास करते हुये परम वैभव की ओर ले जाने के लिये संकल्पित है। उक्त आशय के उद्गार अतिथि वक्ताओं ने अखिल भारतीय कायस्थ महासभा द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक सम्मान समारोह में व्यक्त किये। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समरसता सेवा संगठन के अध्यक्ष और समाजसेवी संदीप जैन गुड्डा उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश अध्यक्ष एवं एपीएन ग्रुप आफ एजुकेशनल इंस्टीट्यशन्स के चेयरमेन चमन श्रीवास्तव ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में संयुक्त संचालक शिक्षा विभाग डॉ. धर्मेन्द्र खरे, समाजसेवी नीरज वर्मा एवं अजीत श्रीवास्तव उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ अतिथियों द्वारा भगवान श्री चित्रगुप्त की सामूहिक आरती एवं पूजन अर्चन के साथ किया गया। अतिथियों का स्वागत जिलाध्यक्ष सुनील श्रीवास्तव, विवेक खरे, डॉ. रेनू श्रीवास्तव, शिखा श्रीवास्तव, नवनीत श्रीवास्तव, संतोष श्रीवास्तव, ममता श्रीवास्तव आदि ने किया। तत्पश्चात समाज के 61 शिक्षकों का अभिनदंन किया गया। जिन्हें शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।



## कलाविद स्व. भगवानदास गुप्ता की मनाई 94वीं जयंती

**जबलपुर।** ललित कला महाविद्यालय में कलाविद स्व. भगवानदास गुप्ता की 94वीं जयंती 06 सितम्बर को पूर्व जनभागीदारी अध्यक्ष की उपस्थिति में मनाई गई। इस अवसर पर महाविद्यालय की ओर से पुष्पांजलि अर्पित कर उनकी कला शैली, व्यक्तित्व पर डॉ. मनीष कोष्टा ने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर डॉ. अजय कुमार गुप्ता ने उनकी कला के प्रति समर्पित जीवन यात्रा पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विकास चौरसिया, बृजमोहन आर्य, शैलजा सुल्लेरे, डॉ. प्रणव भट्ट, संजय प्रजापति, डॉ. अर्चना साहू, ऋतुराज श्रीवास्तव, सोमेश सोनी, राजकुमार झारिया, अनूप नामदेव, सविता पाठक सहित महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने कलाविद स्व. भगवानदास गुप्ता के प्रति श्रद्धा-सुमन अर्पित किए।




**श्रीमती पुष्पा देवी सिंह-** गोरखपुर लोधी मोहल्ला निवासी श्री गंधर्व सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती पुष्पा देवी सिंह (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री विक्रांत बर्मन-** छापर रामपुर निवासी श्री विक्रांत बर्मन (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती भगवती बाई कोरी-** बड़ी खेरमाई मंदिर के पास सती चौक निवासी श्री गौरी शंकर कोरी की धर्मपत्नी श्रीमती भगवती बाई कोरी (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती अनुसुईया-** रसीदगंज मस्जिद के पास नया मोहल्ला निवासी श्री अर्जुन की धर्मपत्नी श्रीमती अनुसुईया (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुकेसी बाई गुप्ता-** कांचघर आचार्य विनोबा भावे वार्ड निवासी श्री सरमन लाल गुप्ता की धर्मपत्नी श्रीमती सुकेसी बाई गुप्ता (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती स्नेहलता शील-** बिलहरी चेतना मैदान के पास निवासी श्री महेश शील की धर्मपत्नी श्रीमती स्नेहलता शील (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती मनजीत कौर पन्नू-** कृपाल चौक मदनमहल बंगाली काली बाड़ी के पास निवासी श्री काशमीरा सिंह पन्नू की धर्मपत्नी श्रीमती मनजीत कौर पन्नू (96) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती शकुंतला अरोरा-** नेपियर टाउन निवासी श्री आरसी अरोरा की धर्मपत्नी श्रीमती शकुंतला अरोरा (92) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री चंद्र शेखर श्रीवास-** भानतलैया बड़ी खेरमाई निवासी श्री चंद्र शेखर श्रीवास (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री देवेंद्र कुमार पिल्लई-** रामनगर अधारताल निवासी श्री देवेंद्र कुमार पिल्लई (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री प्रतीम चौधरी-** हनुमान टोरिया कांचघर निवासी श्री प्रतीम चौधरी (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री कुंवर नितिन सिंह-** नर्मदा नगर पोलीपाथर निवासी श्री कुंवर नितिन सिंह (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री संजय जैन-** दक्षिण मिलौनीगंज निवासी श्री संजय जैन (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती श्यामवती-** पटेल नगर मानेगांव रांझी निवासी श्री राधेश्याम की धर्मपत्नी श्रीमती श्यामवती (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303308294, 9407362100

## पयूर्षण पर्व के समापन पर श्रीजी की निकली विमान यात्रा



**सिहोरा।** जैन धर्मावलंबियों के दस दिवसीय पयूर्षण पर्व के समापन पर सकल जैन समाज द्वारा पंचायती जैन मंदिर से श्री जी की भव्य विमान यात्रा निकाली गई। जो सरावगी मोहल्ला,झंडा बाजार,आजाद चौक से होकर शुभारंभ स्थल पर संपन्न हुई। विमान यात्रा में शामिल सभी महिलाएं पीले वस्त्र एंव पुरुष सफेद वस्त्र धारण कर चल रहे थे सबसे आगे समाज के छोटे छोटे बच्चे जहां धर्म ध्वजा लेकर चल रहे थे वहीं विमान में श्री जी की प्रतिमा विराजमान थी।

## प्राचार्य अशोक उपाध्याय सम्मानित



**सिहोरा।** शिक्षक दिवस पर आयोजित जिला स्तरीय सम्मान समारोह में विकास खंड सिहोरा से संदीपनी पंडित विष्णु दत्त शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार उपाध्याय को अतिथियों के द्वारा शाल और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। उनको यह पुरस्कार शिक्षा के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्यो, बोर्ड परीक्षा परिणाम में वृद्धि, बच्चों के नामांकन में वृद्धि उनके ठहराव और बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए किए गए कार्यों के आधार पर प्रदान किया गया।

## लमकना के निशांत लेफ्टिनेंट बने



**सिहोरा।** लमकना जैसे छोटे गांव से आने वाले निशांत पांडे ने इंडियन आर्मी की पासिंग आउट परेड पास क्रर लेफ्टिनेंट पद पर चयनित होकर दिखा दिया की अगर लगन और मेहनत के साथ कार्य किया जाये तो कुछ भी असंभव नहीं है। निशांत की पहली पोस्टिंग ऑर्डनेन्स कोर कुपबाड़ा जम्मू काश्मीर में की गईं है। सिहोरा निवासी इनके पिता विनोद पांडे भी इंडियन आर्मी में रहते हुई कारगिल युद्ध का हिस्सा रह चुके है। निशांत भाजपा नेता नीलू बाजपेयी के भांजे है।

## शशांक करेंगे एशियन कराटे में भारत का प्रतिनिधित्व



**सिहोरा।** जबलपुर शहर के शशांक तिवारी आज 23 वीं कैडेट जूनियर और अंडर 21 कराटे प्रतियोगिता में चाइना में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। आज उनका मुक़ाबला चाइना के ही खिलाड़ी से होगा। ज्ञात हो कि शशांक का राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में अंडर 21 आयु वर्ग -60 किलोग्राम में स्वर्ण पदक जीतने पर एशियन कराटे प्रतियोगिता में सिलेक्शन हुआ था। उन्होंने श्रीलंका में आयोजित साउथ एशियन कराटे प्रतियोगिता में भी भारत के लिए स्वर्ण पदक जीता था। वे राइट टाउन स्टेडियम में कोच गौरव सिंधिया के सानिध्य में कराटे का अभ्यास कर रहे हैं।

## शिक्षक दिवस पर वरिष्ठ अध्यापिका पुष्पा वर्मा का सम्मान किया

**जबलपुर**। शिक्षक दिवस पर कायस्थ समाज की सबसे वरिष्ठ 96 वर्षीय शिक्षा विद श्रीमति पुष्पा वर्मा का सम्मान अखिल भारतीय कायस्थ के प्रांतीय महामंत्री समाज सेवी सहेन्द्र श्रीवास्तव ने शाल, श्रीफल, पुष्पमाला से घर जाकर किया और आशीर्वाद लिया। सम्मान कार्यक्रम में कायस्थ महासभा के अमेन्द्र नारायण श्रीवास्त,व अखिलेश ब्यौहार, पियूष वर्मा, सचिन खरे, गोपाल कृष्ण श्रीवास्तव आदि चित्रांश बंधुओं की उपस्थिति रही।

## *दुर्गेश ब्यौहार ने श्रीलंका में राम-हनुमान भजन प्रस्तुत किए*

**जबलपुर।** संस्कारधानी के भजन गायक दुर्गेश ब्यौहार द्वारा लिखित भजन पुस्तक “रामायण भजनावलि” का लोकार्पण विगत दिवस किया गया। सांस्कृतिक शोध संस्थान मुंबई द्वारा आयोजित श्रीलंका की सांस्कृतिक यात्रा में दुर्गेश ब्यौहार एवं अन्य 20 साथियों ने कवि गोष्ठी, सेमिनार, परिचर्चा, वाद-विवाद, रामलीला मंच आदि में भजनों की प्रस्तुति देकर जबलपुर एवं सम्पूर्ण भारत वर्ष का नाम रोशन किया। श्रीलंका में सीता नदी के उस पार जाकर अशोक वाटिका में हनुमान जी के चरणों में बैठकर दुर्गेश ब्यौहार एवं साथियों ने भजन प्रस्तुत किए।

# मुख्यमंत्री ने कहा, सेवा पखवाड़ा केवल कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनसेवा का आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा राष्ट्रहित, सांस्कृतिक गौरव और जनसेवा पर आधारित है, यही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। हमारे कार्यकर्ता तपोनिष्ठ एवं राष्ट्र सेवा के संकल्प से बने हैं। मध्यप्रदेश को भाजपा की नर्सरी कहते हैं और यहीं से जीत का रथ आगे बढ़ता रहेगा। सेवा पखवाड़ा हमारे लिए केवल कार्यक्रम नहीं है, बल्कि जनसेवा का जनांदोलन है।

यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कही। भाजपा प्रदेश कार्यालय में 'सेवा पखवाड़ा' पर प्रदेश स्तरीय कार्यशाला का आयोजन शुक्रवार को किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने कार्यशाला को दीप प्रज्वलन एवं महापुरूषों को पुष्पांजलि अर्पित कर संबोधित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि भारतीय जनता पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से महात्मा गांधी जयंती 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा के रूप में जनसेवा का संकल्प लिया है। यह पखवाड़ा उस नेतृत्व को समर्पित है, जिसने भारत को वैश्विक मंच पर सम्मान दिलाया है।

» भाजपा प्रदेश कार्यालय में 'सेवा पखवाड़ा' पर आयोजित हुई प्रदेश स्तरीय कार्यशाला

» मुख्यमंत्री, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री, प्रदेश प्रभारी, प्रदेश संगठन महामंत्री ने किया



## विपक्ष जानता है कि उसका भविष्य अंधकारमय है

मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा देश और प्रदेश में सेवा, समर्पण और सुशासन के माध्यम से जनता का विश्वास जीत रही है। हमें अपने-अपने जिलों, मंडलों और बूथ स्तर पर जनता के बीच जाकर यह संदेश पहुंचाना है कि यह पखवाड़ा केवल पार्टी ही नहीं, बल्कि जनसेवा का जनांदोलन है। हमें केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को लेकर घर-घर जाना है और मोदी सरकार की साफ नीयत और नीति को बताना है। उन्होंने विपक्ष की तुलना रावण से करते हुए कहा कि वे संविधान की किताब दिखाकर साधु का वेश धरते हैं, वहीं सबसे ज्यादा संविधान संशोधन और न्यायपालिका का अपमान करने के लिए जिम्मेदार हैं।

### पार्टी कार्यक्रमों का लक्ष्य कार्यकर्ताओं का निर्माण: जामवाल

क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने कहा कि जब तक लोगों में राष्ट्रप्रेम की भावना, राष्ट्र के प्रति गौरव का भाव जागृत नहीं होता, तब तक भौतिक विकास का कोई लाभ नहीं है। इसलिए समाज को योजनाओं की दृष्टि से, संस्कारों की दृष्टि से और विचारों की दृष्टि से जागृत करना हमारा लक्ष्य और दायित्व है। स्वदेशी और आत्मनिर्भर भारत जैसे विचारों से आज की युवा पीढ़ी को अवगत कराना सबसे बड़ी आवश्यकता है।

### आत्मनिर्भर भारत बनने 'वोकल फॉर लोकल पर जोर देना होगा: हितानंद

भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंत्र 'सेवा परमो धर्म' के आधार पर उनके जन्मदिवस 17 सितंबर से महात्मा गांधी जयंती 2 अक्टूबर तक प्रदेश भर में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से 'सेवा पखवाड़ा' मनाया जाएगा। 6 से 10 सितंबर तक जिला स्तर और 11 से 13 सितंबर तक मंडल स्तर में कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा। 17 से 24 सितंबर तक स्वास्थ्य शिविर, 18 सितंबर से 2 अक्टूबर तक रक्तदान शिविर व प्रदर्शनी, 19 -20 सितंबर को प्रबुद्धजन सम्मेलन और 21 से 25 सितंबर तक खेल प्रतियोगिताएं एवं प्रदेश के महानगरों में नमो मैराथन का आयोजन किया जाएगा। 25 सितंबर को पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर उनकी प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित कर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित होंगे। 27 और 28 सितंबर को दिव्यांग और विशिष्टजनों का सम्मान किया जाएगा। हमें 2 अक्टूबर को गांधी जयंती और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर की जयंती पर उनकी प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि कर खादी की सामग्री क्रय कर जन-जन को जागरूक करके स्वदेशी को बढ़ावा देना है।

### 'सेवा परमो धर्मः' में रम जाएं पार्टी कार्यकर्ता: डॉ. सिंह

भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है-नागरिक देवो भव। अर्थात देश का प्रत्येक नागरिक देवता है। सेवा पखवाड़े के अंतर्गत हमें भी प्रत्येक नागरिक को देवता मानते हुए सेवा कार्यों में जुटना होगा। हमारे प्रधानमंत्री ने कहा है कि सेवा परमो धर्मः। अर्थात सेवा ही परम धर्म है। कोविड काल में हमने इसके उदाहरण देखे भी हैं, जब भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपने जीवन को खतरे में डालकर पीड़ितों की सेवा की थी। उन्होंने कहा कि सेवा पखवाड़े में शामिल किए गए कार्यक्रमों का औचित्य समझते हुए हमें सेवा कार्यों में जुटना होगा।

## अग्रवाल ने संत हिरदाराम साहिब की समाधि के किए दर्शन

**संतनगर।** संत सिद्ध भाऊ से भोपाल उत्सव मेला समिति के अध्यक्ष मनमोहन अग्रवाल ने सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर जीव सेवा संस्थान के सचिव महेश दयारामानी और समाज सेवी वासदेव वाधवानी भी अग्रवाल के साथ थे। श्री अग्रवाल संतजी के शिष्यों द्वारा संचालित सेवाकार्यों से बहुत प्रभावित हुए और सिद्ध भाऊ के समक्ष इन कार्यों की प्रशंसा की। अग्रवाल ने परमहंस संत हिरदाराम साहिब की समाधि पर जाकर दर्शन किए।

### 106 करोड़ रुपए लागत के विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन

# बुंदेलखंड त्याग और बलिदान में कभी पीछे नहीं रहा, पन्ना हीरा और महावीरों की धरती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि अब लाड़ली बहनों को दीपावली के बाद भाई-दूज से हर माह 1500 रुपए प्रति माह मिलेंगे। धीरे-धीरे वर्ष 2028 तक लाड़ली बहनों को 3000 रुपए देंगे। लाड़ली बहनों के लिए सरकार के खजाने में कोई कमी नहीं है। कुछ दिन पहले एक सर्वे आया है कि जहां-जहां लाड़ली बहना योजना लागू की गई हैं। वहां घरों में सुख-समृद्धि आई है। प्रदेश सरकार हर कीमत पर माताओं-बहनों के सम्मान की रक्षा करेगी और उन्हें आर्थिक समृद्धि प्रदान करने के लिए संकल्पित है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को पन्ना जिले के अमानगंज में आयोजित महिला सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने पन्ना जिले को 106 करोड़ लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन भी किया। उन्होंने कहा कि पन्ना हीरा और महावीरों की धरती है। ईश्वर ने पन्ना को विशेष आशीर्वाद दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में हर वर्ग के कल्याण के लिए हमारी सरकार कार्य कर रही है। राज्य सरकार ने रक्षाबंधन के पावन पर्व पर सभी बहनों को अनेक योजनाओं की सौगात दीं। लाड़ली बहनों को 250 रुपए राखी का शगुन अलग से भेजा गया है। उन्होंने कहा कि पन्ना और बुंदेलखंड में आज भी महाराज छत्रसाल और आल्हा-ऊदल की वीरता की गाथाएं गाई जाती हैं। बुंदेलखंड क्षेत्र त्याग और बलिदान में कभी पीछे नहीं रहा।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पन्ना जिले के अमानगंज में महिला सम्मेलन में हितलाभ वितरित किए

**खास बातें**

- पन्ना में शीघ्र होगा मेडिकल कॉलेज का भूमिपूजन
- पन्ना में एक स्टेडियम और स्थाई हेलीपैड बनाया जाएगा




### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने की विकास कार्यों की घोषणाएं



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वे जल्द ही मेडिकल कॉलेज का भूमिपूजन करने के लिए पन्ना आएंगे। पन्ना को खजुराहो से रेल कनेक्टिविटी उपलब्ध कराई जाएगी। पन्ना में एक स्टेडियम और स्थाई हेलीपैड बनाया जाएगा। अमानगंज में अस्पताल के उन्नयन सहित विधानसभा क्षेत्र गुनौर में सात उप स्वास्थ्य केन्द्र खोलने, सलेहा में नवीन महाविद्यालय की स्थापना, देवेन्द्रनगर के शासकीय महाविद्यालय में नवीन संकाय शुरू करने एवं स्कूल उन्नयन, अगस्त्य मुनि आश्रम के सौंदर्यीकरण की घोषणा की।

### कृषि उत्पादन में पंजाब और हरियाणा को पीछे छोड़ेगा बुंदेलखंड

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार हर जिले में उद्योगों को बढ़ावा दे रही है। युवाओं को रोजगार-स्वरोजगार उपलब्ध कराने के लिए हर संभव कार्य कर रही है। प्रदेश में पुलिस के 22 हजार 500 पदों पर भर्ती की जा रही है। सालभर में कुल एक लाख से अधिक सरकारी पदों पर भर्तियां होंगी। अब मप्र के युवाओं को रोजगार के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने प्रदेश को 1 लाख करोड़ की नदी जोड़ो परियोजनाओं की सौगात दी है।

### नहर सिंचाई प्रणाली की उद्वहन सिंचाई परियोजना

*मुख्यमंत्री ने नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के तहत बरगी नहर सिंचाई प्रणाली की उद्वहन सिंचाई परियोजना की भी घोषणा की। इस परियोजना के क्रियान्वयन से क्षेत्र के 114 गांव लाभांवित होंगे और 25 हजार हेक्टेयर जमीन सिंचित होगी। मुख्यमंत्री ने गढ़ीपडरिया के वृन्दावन बांध की क्षमता बढ़ोतरी कर नहरों के जीर्णोद्धार कार्य सहित गुनूसागर सिंचाई परियोजना की भी घोषणा की। सांसद वीडी शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री प्रदेश के हर विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए प्रयासरत हैं। 12 हजार 500 करोड़ के जल जीवन मिशन में पन्ना जिले की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। पन्ना और गुनौर विधानसभा क्षेत्र में अस्पताल, नदी के पुल, खेल मैदान, सड़क जैसे अनेक विकास कार्य प्रगति पर हैं। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में विभागों की योजनाओं पर प्रदर्शनी देखी।*

### तीनों पुलिसकर्मियों के बच्चे, पुलिस लाइन में छाया मातम

# तालाब में नहाने गए तीन मासूमों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

जिले में रविवार को एक बड़ी दर्दनाक घटना घटित हुई, जिसने पूरे पुलिस महकमे को झकझोर कर रख दिया। सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत रिसदी तालाब में नहाने गए तीन बच्चों की डूबने से मौत हो गई। तीनों मृतक बच्चे पुलिसकर्मियों के पुत्र थे।

जानकारी के अनुसार मृतकों में युवराज सिंह ठाकुर (9 वर्ष) पुत्र राजेश्वर ठाकुर, आकाश लकड़ा (13 वर्ष) पुत्र जोलसा लकड़ा और प्रिंस जगत (12 वर्ष) पुत्र स्व. अयोध्या जगत शामिल हैं। तीनों बालक पुलिस लाइन क्षेत्र के रहने वाले थे और तालाब में नहाने के दौरान गहरे पानी में चले गए। घटना की सूचना मिलते ही कोरबा एसपी सहित पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य शुरू कराया। लेकिन तब तक बच्चों को पानी से बाहर निकाला गया, वे दम तोड़ चुके थे। इस हृदय-विदारक हादसे के बाद पुलिस लाइन में मातम छा गया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे क्षेत्र में



शोक की लहर दौड़ गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि रिसदी तालाब गहरा है और पहले भी यहां डूबने की घटनाएं हो चुकी हैं। बावजूद इसके सुरक्षा की कोई ठोस व्यवस्था नहीं की गई। हादसे के बाद पुलिस प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि बच्चों को बिना निगरानी तालाब या नदी-नालों में न जाने दें। फिलहाल तीनों बच्चों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। इस घटना से पूरा पुलिस महकमा और शहर गमगीन है।


### डीजीपी, एडीजी सहित कई पुलिस अफसर रहे मौजूद

# नक्सल समस्या को लेकर अफसरों ने की बड़ी बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के द्वारा मार्च 2026 तक नक्सल मुक्त करने की बात के चलते लालबाग स्थित कोऑर्डिनेशन सेंटर में शनिवार की सुबह सीआरपीएफ डीजी समेत देशभर के नक्सल प्रभावित राज्यों के सीआरपीएफ अधिकारी बस्तर पहुंचे, जहां नक्सल समस्या को लेकर बैठक आयोजित की गई।

इस महत्वपूर्ण बैठक को देखते हुए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। इस बैठक के माध्यम से नक्सल पर महत्वपूर्ण चर्चा होने की बात कही जा रही है। बता दें कि जगदलपुर में शनिवार की सुबह बड़ी बैठक शुरू



आयोजित हुई। इस बैठक में सीआरपीएफ डीजी जीपी सिंह की अध्यक्षता में बैठक की जा रही है। इस बैठक में डीजीपी छत्तीसगढ़ एडी गौतम, एडीजी इंटेलीजेंस विवेकानंद सिन्हा सहित सारे वरिष्ठ पुलिस अफसरों की मौजूदगी देखी गई है। इस महत्वपूर्ण बैठक में शामिल होने के लिए देशभर के नक्सल प्रभावित राज्यों के सीआरपीएफ अधिकारी शामिल हुए हैं।

### देवानी को मिला विजिटरी मेंटर अवॉर्ड

**संतनगर।** बजरंग सेना समिति के अध्यक्ष व वरिष्ठ समाजसेवी कमलेश देवानी को शिक्षक दिवस के अवसर पर त्रेता युग फाउंडेशन की तरफ से डॉ. एस. राधाकृष्णन विजिटरी मेंटर अवार्ड दिया गया है। त्रेता युग फाउंडेशन के प्रज्ञात सिंह ने बताया कि समिति अध्यक्ष कमलेश देवानी द्वारा ग्रीष्मकालीन में कई जरुरतमंदों को कंप्यूटर सीखाकर उन्हें रोजगार दिलवाया। इसके लिए हम उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। ऐसे ही समाज हित में कार्य करते रहे एवं देश का नाम रोशन करें।


**कार्यालय नगर परिषद तेंदूखेड़ा, जिला - नरसिंहपुर (म. प्र.)**
(Phone : 07791-252249 Email : cmotendukhedanarsinghpur@mpurban.gov.in)

पत्र क्र.712/ ई-टेण्डर/2025-26 — **निविदा सूचना** — तेंदूखेड़ा, दिनांक - 03/09/2025

निम्नलिखित कार्यों हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है । निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| स. क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2025_UAD_448312_1 04.09.2025 | नवीन चौपाटी में टीन शेड निर्माण कार्य । | 03 माह 1066531.00 | 2000.00 8000.00 | 13.10.2025 |
| 2 | 2025_UAD_443058_2 04.09.2025 | वार्ड क्र. 07 में पत्रकार भवन निर्माण कार्य । ( सांसद निधि) (द्वितीय आमंत्रण) | 03 माह 346658.00 | 2000.00 3470.00 | 15.10.2025 |
| 4 | 2025_UAD_443059_2 04.09.2025 | वार्ड क्र. 13 में शंकर मंदिर के पास चबूतरा एवं टीन शेड निर्माण कार्य ।( सांसद निधि) (द्वितीय आमंत्रण) | 02 माह 183134.00 | 1000.00 3665.00 | 15.10.2025 |
| 5 | 2025_UAD_443060_2 04.09.2025 | वार्ड क्र. 07 में पत्रकार भवन निर्माण कार्य (विधायक निधि) (द्वितीय आमंत्रण)। | 02 माह 259696.00 | 2000.00 2600.00 | 15.10.2025 |
| 6 | 2025_UAD_443061_2 04.09.2025 | वार्ड क्र. 14, जामुनपानी में मुक्तिधाम निर्माण कार्य । (द्वितीय आमंत्रण)। | 02 माह 271924.00 | 2000.00 2720.00 | 15.10.2025 |

नोट निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://www.mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा ।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर परिषद, तेंदूखेड़ा



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड जबलपुर**
ई-मेल-eephedjab@nic.in, दूरभाष क्रमांक 0761 2344814

निविदा क्रमांक 33 - 38/व.ले.लि./का.यं./2025-26 — जबलपुर दिनांक 03.09.2025

निम्न कार्यो हेतु निविदा का आनलाईन वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई हैं। ऑनलाईन निविदा विक्रय करने की अंतिम तिथि 17.09.2025 सायं 05.30 बजे तथा निविदा खुलने की तिथि 19.09.2025 11.00 बजे है। निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाईट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा । विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

A- Name of Work Revised work of Retrofitting Work of Piped Water Supply Scheme to achieve the target of JJM for supplying water at every doorstep through functional household tap connection (i.e. 100% FHTC's) in various Villages and Blocks of District - JABALPUR.

| NIT. No. | E-tender No | Block name | PACRs. in Lakhs | e-EMD in Rs. | Cost of Tender in Rs. | Completion period |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 33 | 2025_PHED_449077_1 | Majholi | 213.26 | 213260/- | 15000 | 03 months including rainy season |
| 34 | 2025_PHED_449123_1 | Majholi | 211.61 | 211610/- | 15000 | |
| 35 | 2025_PHED_449127_1 | Sihora | 179.61 | 179610/- | 12500 | |
| 36 | 2025_PHED_449135_1 | Sihora | 343.63 | 343630/- | 15000 | |
| 37 | 2025_PHED_4490145_1 | Jabalpur | 115.34 | 115340/- | 12500 | |

B- Name of Work - Hiring of two Vehicle for the department work with driver for O/o Chief Engineer PHE Zone Jabalpur & O/o Superintending Engineer, PHE Circle Jabalpur, in Distt Jabalpur.

| NIT. No. | E-tender No | PAC Rs. in Lakhs | e-EMD in Rs. | Cost of Tender in Rs. | Completion period |
|---|---|---|---|---|---|
| 38 | 2025_PHED_449151_1 | 5.28 | 10560 | 2000 | 365 Days including rainy season |

G-18309/25 "पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार"

( शरद सिंह )
कार्यपालन यंत्री



**खंड-1**
**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**
**मध्य प्रदेश शासन**
**कार्यालय पश्चिम सामान्य वनमण्डल मण्डला मध्य प्रदेश**

ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या05/ई-टेंडरिंग/2025-26 — दिनांक 25/06/2025

1. वनमण्डलाधिकारी पश्चिम सामान्य वनमंडल मण्डला द्वारा म. प्र. भण्डार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम, 2015 (यथा संशोधित-2022) के अन्तर्गत निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | स्पेशिफिकेशन | सत्यांकार निधि | निविदा दस्तावेजों का मूल्य |
|---|---|---|---|
| 1 | 1 पश्चिम सा. वनमण्डल मण्डला के क्षेत्र हेतु 09 चार पहिया वाहन | 66500/- | 1000/- |
| 2 | 2 मोहगांव परियोजना मण्डल मण्डला के क्षेत्र हेतु 03 चार पहिया वाहन | | |

★ निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर नि:शुल्क देखे और डाउनलोड किए जा सकते हैं। ★ इच्छुक निविदाकार क्रेडिट/डेबिट / कैश कार्ड / इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज को ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर दिनांक 08/09/2025 Time 12:00 pm बजे से दिनांक 28/09/2025 Time 12:00 pm बजे तक केवल ऑनलाइन खरीद सकते है। ★ ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्त्वपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लिखित निविदा प्रक्रिया तिथियां लागू होंगी। ★ ई-निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धिपत्र / परिशिष्ट, यदि कोई हो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा, समाचार पत्रों में नहीं । ★ ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल :https://www.mptenders.gov.in/, www.mpforest.org

वनमण्डलाधिकारी
G-18280/25 "स्वच्छता ही सेवा" पश्चिम सा. वनमण्डल मण्डला



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बांधवगढ़ जिला उमरिया (म.प्र.)**

रा.प्र. क्रमांक/0017/बी-121/2025-26 /1120 **सूचना पत्र** उमरिया दिनांक-29/08/2025

मध्यप्रदेश शासन ......................................................अपीलार्थी **बनाम**

1. श्री कृष्ण कुमार सिंह पिता नर्मदा प्रसाद सिंह निवासी ग्राम, अमड़ी, रा.नि.मं. तामन्नारा तहसील बांधवगढ़ जिला उमरिया म.प्र. 2. श्री रामप्रसाद पिता सहदेव सिंह निवासी, ग्राम अमड़ी, रा.नि.मं. तामन्नारा तहसील बांधवगढ़ जिला उमरिया म.प्र. 3. श्री दिनकर सिंह निवासी, ग्राम अमड़ी, रा.नि.मं. तामन्नारा तहसील बांधवगढ़ जिला उमरिया म.प्र. 4. श्री राज पाल पिता गोपाल शरण सिंह निवासी ग्राम अमड़ी, रा.नि.मं. तामन्नारा तहसील बांधवगढ़ जिला उमरिया म.प्र. 5. श्री अजय कुमार सिंह पिता गोपाल शरण सिंह निवासी ग्राम अमड़ी, रा.नि.सं. तामन्नारा तहसील बांधवगढ़ जिला उमरिया म.प्र. 6. श्री कृष्ण पाल पिता गोपाल शरण सिंह निवासी ग्राम अमड़ी, रा.नि.मं. तामन्नारा तहसील बांधवगढ़ जिला उमरिया म.प्र. 7. श्री हजारी बल्द सुदीन अहीर निवासी ग्राम अमड़ी, रा.नि.मं. तामन्नारा तहसील बांधवगढ़ जिला उमरिया म.प्र. 8. रघुनाथ शरण सिंह पिता कामता सिंह निवासी ग्राम अमड़ी, रा.नि.मं. तामन्नारा तहसील बांधवगढ़ जिला उमरिया म.प्र. 9. श्री अशोक कुमार सिंह पिता रघुनाथ शरण सिंह क्षत्रिय निवासी ग्राम अमड़ी, रा.नि.मं. तामन्नारा तहसील बांधवगढ़ जिला उमरिया म.प्र. 10. श्री शिरोमणि सिंह पिता चिंतामणि सिंह निवासी ग्राम बरताई/ सुखदास, जिला उमरिया म.प्र. ......... उत्तरार्थीगण

अपीलार्थी द्वारा ग्राम अमड़ी मे फर्जी नामांतरण रद्द करने के संबंध मे प्राप्त प्रतिवेदन अनुसार ग्राम अमडी राजस्व निरीक्षक मण्डल तामन्नारा वृत्त तामन्नारा स्थित आ.ख.न. 96 रकवा 0.644 हे., आ.ख.न. 101 रकवा 1.029 हे., आ.ख.न. 102 रकवा 1.104 हे., आ.ख.न. 128/1 रकवा 0.150 हे., आ.ख.न. 128 / 2 रकवा 0.150 हे. आ.ख.न. 128/3 रकवा 0.150 हे., आ.ख.न. 141/1 रकवा 0.214 हे., आ.ख. न. 141/2 रकवा 0.214 हे., आ.ख.न. 166 रकवा 0.255 हे.. आ.ख. न. 177 रकवा 0.219 हे., आ.ख.न. 182/429 रकवा 0.028 हे., आ.ख. न. 239/1 रकवा 0.085 हे, आ.ख.न. 239 / 2 रकवा 0.085 हे. आ.ख.न. 241/1 रकवा 0.088 हे. आ.ख.न. 241/2 रकवा 0.088 हे. आ.ख.न. 241/3 रकवा 0.087 हे., आ.ख.न. 252 रकवा 0.458 हे.. आ.ख.न. 258/1 रकवा 0.178 हे. आ. ख.न. 258/2 रकवा 0.182 हे. आ.ख.न. 267 रकवा 0.656 हे. आ.ख.न.276 रकवा 0.413 हे. आ.ख.न. 283 रकवा 1.125 हे. आ.ख. न. 291 रकवा 0.304 आ.ख.न. 329 रकवा 1.772 हे., आ.ख.न. 334 रकवा 2.489 हे. आ.ख.न. 335 रकवा 1.638 है. आ.ख.न. 338 रकवा 2.055 है. आ.ख.न. 339 रकवा 6.381 हे.. आ.ख.न. 346 रकवा 1.449 है. आ.ख.न. 347 रकवा 2.497 है. आ.ख.न. 349 रकवा 1.534 हे.. आ.ख.न. 350 रकवा 0.344 है. आ.ख.न. 351 रकवा 2.901 है., आ.ख.न. 352/1 रकवा 0.144 हे. आ.ख.न. 352 / 2 रकवा 0.144 है. आ.ख.न. 352/3 रकवा 0.144 हे. आ. ख.न. 359 / 1 रकवा 0.754 हे. आ.ख.न. 359/2 रकवा 0.753 हे.. आ.ख.न. 359 / 3 रकवा 0.753 हे. आ.ख.न. 367 / 1 रकवा 1.531 हे. आ.ख.न. 367/2 रकवा 1.531 हे., आ.ख.न. 367/3 रकवा 1.531 हे.. आ.ख.न. 378 रकवा 8.814 हे.. आ.ख.न. 380 / 1 रकवा 2.784 है. आ.ख.न. 380/2 रकवा 2.784 हे. आ.ख.न. 380/3 रकवा 2.784 हे.. कुल 46 किता जुमला रकवा 55.417 हे.. अंतर्गत वर्तमान बतौर भूमिस्वामियों का नाम दर्ज रिकार्ड है । जिसका प्रकरण इस न्यायालय मे विचाराधीन है। जिसमें पेशी तारीख 21.08.2025 नियत है। जरिये समाचार पत्र उत्तरार्थीगणों के उपस्थिति हेतु सूचना पत्र का प्रकाशन कराया जा रहा है। तत्सबंध में उत्तरार्थीगण विचाराधीन फर्जी नामांतरण रद्द करने संबंधी प्रकरण मे नियत दिनांक 17.09.2025 को स्वयं या अपने वैध प्रतिनिधि के माध्यम से प्रकरण की कार्यवाही हेतु अनिवार्य रूप से उपस्थित होवें । आनावेदकों के सूचनोपरांत अनुपस्थित पर प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही अवधारित की जावेगी ।

स्थानः- उमरिया
नियत पेशी दिनांक 17.09.2025

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)
G-18275/25 "स्वच्छता ही सेवा" बांधवगढ़ जिला उमरिया (म.प्र.)



**मध्यप्रदेश शासन नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण कार्यालय कार्यपालन यंत्री (वि./यां.) संभाग क्रमांक - 2, बरगीनगर, जबलपुर (म.प्र.) -482056**
Email ID-eeemdv2bargidam@gmail.com

**निविदा आमंत्रण सूचना वास्ते प्रकाशन**

निम्न कार्य की ऑन लाइन निविदा प्रतिशत दर (अपेडिक्स 2.10) ई-प्रोक्यूरमेंट सिस्टम पोर्टल www.mptenders.gov.in पर जारी की जा रही है। निविदा की संक्षिप्त जानकारी निम्नानुसार है :-

| निविदा क्र. | ई. निविदा क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित राशि (रू. में) | धरोवर राशि (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदाकार की श्रेणी | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 67/तक. 2025-26 दिनांक 02/09/2025 प्रथम आमंत्रण | 2025-NVDA-448759-1 | रा.अ.बा.लो. सा. परि. के दांयी एवं बांयी पार्श्व गैलरी के आंतरिक प्रकाश व्यवस्था का सुधार कार्य । | 3,16,167.00 (रुपए तीन लाख सोलह हजार एक सौ सड़सठ) मात्र | 6323.00 (रू. छः हजार तीन सौ तेविस) मात्र | 2000.00 (रु. दो हजार ) मात्र | प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.) भोपाल में पंजीकृत | 30 दिन (अनुबंध की तिथि से) |
| 68/तक. 2025-26 दिनांक 02/09/2025 प्रथम आमंत्रण | 2025-NVDA-448767-1 | रा.अ.बा.लो.सा. परि. के बांयी तट नहर की मगरधा माइनर की आर.डी. 0.27 किमी. से आर.डी. 17.80 किमी. पर लगे हेड रेगुलेटर गेटों का सुधार कार्य । | 2,25,232.00 (रुपए दो लाख पच्चीस हजार दो सौ बतीस) मात्र | 4505.00 (रू. चार हजार पांच सौ पांच) मात्र | 2000.00 (रु. दो हजार ) मात्र | प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.) भोपाल में पंजीकृत | 30 दिन (अनुबंध की तिथि से) |
| 69/तक. 2025-26 दिनांक 02/09/2025 प्रथम आमंत्रण | 2025-NVDA-448780-1 | रा.अ.बा.लो.सा.परि. के दांयी तट नहर की मझौली टेक वितरण नहर की आर. डी. 5.875 किमी. से आर.डी. 27.27 किमी. पर लगे हेड एवं क्रास रेगुलेटर गेटों का सुधार कार्य । | 1,61,747.00 (रुपए एक लाख इकसठ हजार सात सौ सेतालीस) मात्र | 3235.00 (रू. तीन हजार दो सौ पैंतीस) मात्र | 1000.00 (रु. एक हजार ) मात्र | प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.) भोपाल में पंजीकृत | 30 दिन (अनुबंध की तिथि से) |
| 70/तक. 2025-26 दिनांक 02/09/2025 प्रथम आमंत्रण | 2025-NVDA-448784-1 | रा.अ.बा.लो.सा. परि. के बरगी कॉलोनी की जल प्रदाय के अंतर्गत 10 एच.पी 16 स्टेज सम्बर्सिबल मोटर पंप तथा 15 एच. पी. मोनो ब्लाक बूस्टर पंप का सुधार कार्य । | 59,166.00 (रुपए उनसठ हजार एक सौ छैयासठ) मात्र | 1183.00 (रू. एक हजार एक सौ तेरासी) मात्र | 1000.00 (रु. एक हजार ) मात्र | प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.) भोपाल में पंजीकृत | 30 दिन (अनुबंध की तिथि से) |
| 71/तक. 2025-26 दिनांक 02/09/2025 प्रथम आमंत्रण | 2025-NVDA-448824-1 | रा.अ.बा.लो.सा.परि. के बांया पार्श्व गैलरी के ब्लाक क्र. 17 में 30 एच.पी. मोनोब्लाक सबमर्सिबल मोटर पंप लगाने का सुधार कार्य । | 3,04,038.00 (रुपए तीन लाख चार हजार अड़तीस) मात्र | 6081.00 (रू. छः हजार इक्यासी) मात्र | 2000.00 (रु. दो हजार ) मात्र | प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.) भोपाल में पंजीकृत | 30 दिन (अनुबंध की तिथि से) |
| 72/तक. 2025-26 दिनांक 02/09/2025 प्रथम आमंत्रण | 2025-NVDA-448830-1 | रा.अ.बा.लो.सा.परि. बायी तट नहर की डुंगरिया वितरण नहर की साडुमार वितरण नहर की साडुमार शाखा नहर की आर.डी. 0.00 किमी. से आर. डी. 21. 983 किमी. छितापार माइनर की आर.डी. 0.00 किमी. से आर. डी. 6.12 किमी. पर लगे हेड रेगुलेटर का सुधार कार्य । | 2,17,000.00 (रुपए दो लाख सत्तरह हजार) मात्र | 4340.00 (रू. चार हजार तीन सौ चालीस) मात्र | 2000.00 (रु. दो हजार ) मात्र | प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.) भोपाल में पंजीकृत | 30 दिन (अनुबंध की तिथि से) |
| | | कुल योग रू. | 12,81,350.00 | | | | |

निविदा प्रपत्र क्रय करने की तिथि अंतिम : 23/09/2025, 17:30 तक (केवल आनलाइन),प्राइज बीड जमा करने की तिथि अंतिम : 23/09/2025, 17:30 तक (केवल आनलाइन), निविदा की धरोहर राशि खुलने की तिथि : 25/09/2025, 10:30 से 25/09/2025 17:30 तक (केवल आनलाइन), प्राइज बीड खुलने की तिथि :25/09/2025, 10:31 से 25/09/2025, 17:30 तक (केवल आनलाइन) निविदा प्रपत्र को उपरोक्त वेबसाइट पर केवल ऑन लाइन क्रय किया जा सकता है, ऑन लाइन पर भुगतान डेबिट/कैश कार्ड या इन्टरनेट बैंकिंग अकाउण्ट्स के माध्यम से किया जा सकता हैं। निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाइट www.mptenders.gov.in का अवलोकन करें।

(शैलेन्द्र राठौर) कार्यपालन यंत्री,
G-18268/25 "स्वच्छता ही सेवा" नर्मदा विकास (वि./यॉं.) संभाग क्रमांक-2 बरगीनगर, जबलपुर (म. प्र.)

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर लाल किले से देशवासियों के साथ जो वादा किया था, वह साकार हो रहा है। वाकई इस बार दीपावली और अन्य त्योहारों पर 'दोहरा तोहफा' मिल गया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में जीएसटी परिषद ने 'सुधारों के उपहार' को स्वीकृति दे दी है। इससे महंगाई पर कड़ा प्रहार होगा। मध्यम वर्ग उत्पादों की खरीदी पर पैसा खर्च करेगा और मांग बढ़ने से निजी निवेश को भी बढ़ावा मिलेगा। इससे 47000 करोड़ रुपये के सालाना राजस्व नुकसान के बावजूद बाजार की गतिविधियों में तेजी आएगी और अर्थव्यवस्था को जिस तरह रफ्तार मिलेगी, उससे तात्कालिक नुकसान की सरलता से भरपाई हो सकेगी। निश्चित रूप से आम आदमी व मध्यमवर्गीय लोगों को कीमतों में राहत मिलेगी और लोगों की क्रय शक्ति बढ़ेगी और बाजार में नकदी प्रवाह भी बढ़ेगा। जो छोटे उद्योग ट्रंप टैरिफ के कारण निर्यात घटने को लेकर चिंतित हैं, उन्हें घरेलू उपभोक्ताओं की बढ़ती मांग से बड़ा सहारा मिलेगा। इतना ही नहीं, जीएसटी घटने से औद्योगिक उत्पादन बढ़ेगा और मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर से लेकर सर्विस सेक्टर तक मांग का बढ़ता हुआ नया अध्याय दिखाई देगा। जीएसटी सुधार से होने वाला प्रभावों का विश्लेषण करता आजकल का विशेष अंक।**

# त्योहारों से पहले जीएसटी का उपहार



**विश्लेषण**

राजेश माहेश्वरी
स्वतंत्र पत्रकार

**इस बार त्योहारों पर 'दोहरा तोहफा' मिलल रहा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में जीएसटी परिषद ने 'सुधारों के उपहार' को स्वीकृति दे दी है। अब 22 सितंबर के बाद से आम आदमी, महिलाएं, पुरुष, युवा और औसत घर लाभान्वित होंगे। इस तारीख से 'शारदीय नवरात्र' भी आरंभ हो रहे हैं। सभी का मासिक खर्च कम होगा तो बचत बढ़ेगी। वह बचत बाजार और औसत खपत में खर्च होगी। इससे एफएमसीजी (तेजी से बिकने वाली उपभोक्ता वस्तुएं), खुदरा और ऑटोमोबाइल आदि कई क्षेत्रों में घटे दामों पर उपभोक्ता-मांग में बढ़ोतरी होगी। विनिर्माण से लेकर सेवा क्षेत्रों में वृद्धि होगी। मांग और खरीद बढ़ेगी, तो उत्पादन भी बढ़ेगा। अंततः देश की अर्थव्यवस्था ही फलेगी-फूलेगी।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर लाल किले से देशवासियों के साथ जो वादा किया था, वह साकार होने की प्रक्रिया में है। वाकई इस बार दीपावली और अन्य त्योहारों पर 'दोहरा तोहफा' मिलेगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में जीएसटी परिषद ने 'सुधारों के उपहार' को स्वीकृति दे दी है। अब 22 सितंबर के बाद से आम आदमी, महिलाएं, पुरुष, युवा और औसत घर लाभान्वित होंगे। इस तारीख से 'शारदीय नवरात्र' भी आरंभ हो रहे हैं। सभी का मासिक खर्च कम होगा, तो बचत बढ़ेगी। वह बचत बाजार और औसत खपत में खर्च होगी। इससे एफएमसीजी (तेजी से बिकने वाली उपभोक्ता वस्तुएं), खुदरा और ऑटोमोबाइल आदि कई क्षेत्रों में घटे दामों पर उपभोक्ता-मांग में बढ़ोतरी होगी। विनिर्माण से लेकर सेवा क्षेत्रों में वृद्धि होगी। मांग और खरीद बढ़ेगी, तो उत्पादन भी बढ़ेगा। अंततः देश की अर्थव्यवस्था ही फलेगी-फूलेगी।

## आर्थिक चुनौतियों से निपटने का कदम

भारत में इनडायरेक्ट टैक्स में किया गया बड़ा बदलाव नई आर्थिक चुनौतियों से निपटने के लिए एक बेहतर कदम है। वैसे तो नई कर प्रणाली यानी जीएसटी के स्लैब में वर्ष 2017 में इसके लागू होने के बाद से कई परिवर्तन किए गए हैं लेकिन, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में जीएसटी परिषद ने हाल ही में जो फैसले किए, वे कई मायनों में अहम कहे जाएंगे। अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद से ही वैश्विक व्यापार में बड़ी उथल-पुथल चल रही है। ट्रंप ने खास तौर पर भारत को निशाना बनाया है, जिसके कारण कारोबारी तनाव में हैं और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित होने की आशंका है। ऐसे में देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले असर को देखते हुए टैक्स स्लैब में सुधार काफी जरूरी थे। वैसे भी चार तरह के टैक्स स्लैब के कारण जीएसटी प्रणाली का मूल उद्देश्य पूरा नहीं हो पा रहा था।

## रोजगार का मोर्चा संभालना भी जरूरी

उम्मीद की जा रही है कि टैक्स में छूट से घरेलू खपत बढ़ेगी जिससे 'ट्रंप टैरिफ' से होने वाले नुकसान को कम किया जा सकेगा। रोटी, कपड़ा और घर के रोजमर्रा के सामान पर जीएसटी 12 फीसदी से घट कर 5 फीसदी और इलेक्ट्रॉनिक्स के सामान पर कर 28 फीसदी से घटाकर 18 फीसदी हो जाएगा तो यकीनन आम आदमी राहत महसूस करेगा। महंगाई पहले से ही नियंत्रण में है।

यदि प्रधानमंत्री रोजगार के मोर्चे पर भी स्पष्ट योजनाओं की घोषणा कर दें तो यह देश और भी संपन्न होगा। यदि देश संपन्न होगा और खर्च का माद्दा बढ़ेगा, तो अर्थव्यवस्था भी व्यापक होगी और भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। वैसे जर्मनी और भारत की अर्थव्यवस्था के बीच बहुत कम फासला शेष है, लिहाजा हमारा तीसरी 'आर्थिक महाशक्ति' बनना तय है। जीएसटी 2.0 सुधारों के तौर पर आठ लंबे सालों के बाद 'ऐतिहासिक बदलाव' है। उसकी प्रक्रिया को आसान बनाया गया है, नतीजतन करोड़ों व्यापारी और खुदरा-व्यवसायी लाभान्वित होंगे। अब कारोबारियों को टैक्स से जुड़े नियमों और कानूनों पर कम खर्च करना पड़ेगा। वे ग्राहक और नवाचार पर अधिक फोकस कर सकेंगे। बताया जा रहा है कि देश में कर घटाने से 2 लाख करोड़ रुपये तक की खपत बढ़ सकती है।




**उम्मीद की जा रही है कि टैक्स में छूट से घरेलू खपत बढ़ेगी जिससे 'ट्रंप टैरिफ' से होने वाले नुकसान को कम किया जा सकेगा। रोटी, कपड़ा और घर के रोजमर्रा के सामान पर जीएसटी 12 फीसदी से घट कर 5 फीसदी और इलेक्ट्रॉनिक्स के सामान पर कर 28 फीसदी से घटाकर 18 फीसदी हो जाएगा तो यकीनन आम आदमी राहत महसूस करेगा। महंगाई पहले से ही नियंत्रण में है। यदि प्रधानमंत्री रोजगार के मोर्चे पर भी स्पष्ट योजनाओं की घोषणा कर दें तो यह देश और भी संपन्न होगा। यदि देश संपन्न होगा और खर्च का माद्दा बढ़ेगा, तो अर्थव्यवस्था भी व्यापक होगी और भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। वैसे जर्मनी और भारत की अर्थव्यवस्था के बीच बहुत कम फासला शेष है, लिहाजा हमारा तीसरी 'आर्थिक महाशक्ति' बनना तय है। जीएसटी 2.0 सुधारों के तौर पर आठ लंबे सालों के बाद 'ऐतिहासिक बदलाव' है। उसकी प्रक्रिया को आसान बनाया गया है, नतीजतन करोड़ों व्यापारी और खुदरा-व्यवसायी लाभान्वित होंगे।**

## दवाओं पर कर हटाना बेहतर कदम

इसका फायदा छोटे उद्यमों को ज्यादा होगा। आम आदमी और ग्राहकों को मिलने वाले उत्पादों और सेवाओं की गुणवत्ता में भी सुधार होगा। हालांकि कर्नाटक, तेलंगाना, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल, पंजाब, झारखंड, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल जैसी विपक्ष-शासित राज्यों की सरकारों ने करीब 48,000 करोड़ रुपये के राजस्व नुकसान का मुद्दा उठाया है, लिहाजा केंद्र सरकार से मांग की है कि 5 साल तक मुआवजा दिया जाए और वित्तीय सुरक्षा की गारंटी दी जाए। इसमें राजनीति भी हो सकती है। बहरहाल, इस मुद्दे पर पर्याप्त विमर्श हुआ होगा! सबसे महत्वपूर्ण यह है कि कैंसर समेत 33 जीवन-रक्षक दवाओं पर कोई जीएसटी नहीं लगेगा। अन्य सभी दवाओं पर अब जीएसटी 12 फीसदी से घटकर 5 फीसदी हो जाएगा। शिक्षण सामग्रियों में नक्शे, चार्ट, ग्लोब, पेंसिल, शार्पनर, पेस्टल, कॉपी, नोटबुक और इरेजर आदि 12 फीसदी और 5 फीसदी से घटाकर 'शून्य जीएसटी' वाले वर्ग में डाल दिए गए हैं। इनके अलावा, हेयर ऑयल, शैंपू, टॉयलेट सोप बार, टूथ ब्रश, शेविंग क्रीम, जिम, सैलून, योग केंद्र आदि पर जीएसटी 18 फीसदी से 5 फीसदी कर दिया गया है। बटर, घी, चीज और डेयरी स्प्रेड्स, प्री-पैक नमकीन, भुजिया, मिक्सचर, बर्तन, बच्चों के नैपकिन, क्लिनिकल डायपर, सिलाई मशीन और उसके पुर्जे, हैंडीक्राफ्ट आदि पर जीएसटी 12 फीसदी से 5 फीसदी किया गया है।

## स्वास्थ्य क्षेत्र पर विशेष ध्यान

अल्ट्रा हाई टेंपरेचर दूध, छेना, पनीर, रोटी और खाकरा, परांठा, ब्रेड समेत सभी भारतीय रोटी पर जीएसटी अब 5 फीसदी के बजाय शून्य लगेगा। स्वास्थ्य क्षेत्र में व्यक्तिगत स्वास्थ्य और जीवन बीमा 18 फीसदी से घटाकर शून्य किया गया है। हालांकि उपकरणों पर 5 फीसदी जीएसटी लगेगा। बीमा की दरें अब बहुत कम हो जाएंगी। देश में अभी 57 करोड़ से अधिक लोगों के पास स्वास्थ्य और करीब 31 करोड़ के पास जीवन बीमा है। कृषि, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी सस्ते हो जाएंगे। हालांकि 40 फीसदी का एक और स्लैब रखा गया है, जो सिगरेट, कोल्ड ड्रिंक्स, पान मसाला, तंबाकू, गुटखा आदि विलासिता की वस्तुओं के लिए होगा। इस वर्ग में 350 सीसी से अधिक क्षमता वाली बाइक और निजी विमान भी शामिल हैं। जानकारों के मुताबिक इस सुधार से 8 करोड़ से अधिक ग्रामीण किसान परिवारों, विशेषकर छोटे, सीमांत और भूमिहीन मजदूरों को सीधे लाभ होगा, जो अपनी आजीविका के लिए दुधारू पशुओं का पालन करते हैं। मंत्रालय ने कहा कि कम कराधान से परिचालन लागत कम करने और मिलावट पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी। भारत विश्व का सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश है। इसका उत्पादन 2023-24 में 239 मिलियन टन होगा, जो वैश्विक दूध उत्पादन का लगभग 24 प्रतिशत होगा।

## जीडीपी पर पड़ सकता है असर

भारतीय डेयरी क्षेत्र का कुल बाजार आकार 2024 में 18.98 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है। अर्थशास्त्रियों का अनुमान है कि 27 अगस्त से लागू 50 फीसदी 'ट्रंप टैरिफ' के कारण भारत के 60.2 अरब डॉलर के निर्यात पर असर पड़ा है। यह अमेरिका भेजे जाने वाले माल का 55 फीसदी और भारत के कुल निर्यात का 18 फीसदी है। सबसे ज्यादा असर कपड़ा, सी-फूड, रत्न व आभूषण और चमड़ा क्षेत्र पर पड़ा है। लघु और मध्यम श्रेणी के ये उद्योग-व्यापार श्रम पर अधिक निर्भर हैं। इन क्षेत्रों के तनाव में आने का असर गरीब परिवारों पर पड़ने की आशंका है। अनुमान है कि वित्त वर्ष 2026 की जीडीपी में 0.4 फीसदी से 0.6 फीसदी तक कमी हो सकती है। त्योहारी सीजन और बिहार चुनाव से ठीक पहले यह फैसला न सिर्फ कारोबारी बल्कि, दूसरे कारणों से भी अनुकूल माना जाएगा। घरेलू मांग मजबूत होने से संबंधित उद्योगों को बाहरी झटकों से बचाया जा सकेगा। जीएसटी 2.0 से हाथों में सीधे पैसे आएंगे, नतीजतन भारत वैश्विक निर्यात का मजबूत केंद्र बनेगा। हालांकि यह भी सच्चाई है कि आर्थिकी के क्षेत्र में भारत को अभी अमेरिका व चीन जैसे देशों की तुलना में लंबी दूरी तय करनी है।




# आम आदमी को राहत, आर्थिकी को रफ्तार



**जीएसटी**

डॉ. जयंतीलाल भंडारी
प्रसिद्ध अर्थशास्त्री

हाल ही में 3 सितंबर को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद की 56वीं बैठक में महंगाई से आम आदमी को राहत देने, ट्रंप टैरिफ से जूझ रहे उद्योग-कारोबार को गति देने और देश की आर्थिक रफ्तार बढ़ाने के मद्देनज़र जीएसटी ढांचे और जीएसटी दरों में आमूल सुधार करने के लिए प्रभावी निर्णय लिए गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा स्वतंत्रता दिवस के संबोधन में दिवाली से पहले उपहार के रूप में जीएसटी के नए राहतकारी सुधारों का ऐलान किया गया था। अब जीएसटी परिषद ने अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों पर मुहर लगा दी है।

## व्यापार करने में होगी आसानी

इस अहम कर सुधार पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जीएसटी में बदलाव के फैसलों से आम जनता, किसानों, एमएसएमई, मध्यम वर्ग महिलाओं और युवाओं को लाभ होगा। यह एक ऐतिहासिक बदलाव है। ये व्यापक सुधार नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाएंगे और खासतौर से छोटे व्यापारियों और कारोबारों के लिए व्यापार करने में आसानी सुनिश्चित करेंगे। खास बात यह है कि जीएसटी की नई दर व्यवस्था 22 सितंबर, नवरात्र के पहले दिन से लागू होगी। जीएसटी सुधारों का देश के शेयर बाजार ने स्वागत किया है और उम्मीद है कि आगामी दिनों में शेयर बाजार में जीएसटी में सुधार के ऐलान से नया जोश दिखाई देगा ।

गौरतलब है कि 1 जुलाई 2017 से देशभर में लागू जीएसटी पर जीएसटी परिषद ने विगत वर्षों में व्यापक मूल्यांकन और विश्लेषण के बाद जीएसटी में सरलता और नए जीएसटी ढांचे के रोडमैप को मंजूरी दी है। जीएसटी परिषद ने मौजूदा चार टैक्स स्लैब 5 फीसदी, 12 फीसदी, 18 फीसदी और 28 फीसदी में बदलाव करते हुए इन्हें घटाकर 5 फीसदी और 18 फीसदी स्लैब वाले दो-स्तरीय जीएसटी को मंजूरी दी है।

## सुधारों के तीन बड़े आधार

हालांकि अहितकर वस्तुओं की श्रेणी में आने वाली कुछ वस्तुओं पर 40 फीसदी कर स्लैब लागू होगा। अब जीएसटी सुधारों के तीन बड़े आधार हैं। एक, स्ट्रक्चरल सुधार, इसमें टैक्स ढांचे को और बेहतर किया गया है। दो, टैक्स दरों को तर्कसंगत बनाया गया है, ताकि जरूरी वस्तुएं सस्ती हों तथा तीन, नए रजिस्ट्रेशन, रिफंड को आसान बनाया गया है। इससे इनपुट और आउटपुट टैक्स रेट्स में संतुलन आएगा। जीएसटी के रजिस्ट्रेशन से लेकर पालन प्रतिवेदन की प्रक्रिया भी आसान की गई है।

## टैक्स रिटर्न में नहीं होंगी दिक्कतें

कारोबारी अब सिर्फ तीन दिन में जीएसटी पोर्टल पर अपना पंजीयन करा सकेंगे। उन्हें 7 दिनों में रिफंड देने की व्यवस्था होगी। कच्चे माल और तैयार माल की दरों में भिन्नता होने के कारण इनपुट टैक्स रिटर्न में होने वाली दिक्कतों को भी समाप्त कर दिया गया है। यह बात महत्वपूर्ण है कि जीएसटी दरों में नए बदलाव से वर्तमान में 12 फीसदी जीएसटी वाली लगभग 99 फीसदी वस्तुएं अब पांच फीसदी के स्लैब में आ जाएंगी।



जबकि 28 फ़ीसदी टैक्स वाली लगभग 90 फीसदी वस्तुएं 18 फीसदी के स्लैब में आ जाएंगी। इसके अलावा रोटी, परांठे, कैंसर समेत 33 जीवन रक्षक दवाओं पर अब जीएसटी नहीं लगेगा। लाइफ और हेल्थ इंश्योरेंस पूरी तरह से जीएसटी मुक्त हो गए हैं। अभी इन पर 18 फीसदी जीएसटी लगता है। सभी ऑटो पार्ट्स पर जीएसटी 18 फीसदी होगा। सीमेंट और तिपहिया वाहनों पर यह अब 28 फीसदी से घटकर 18 फ़ीसदी हो गया है। इससे अब घर बनाना भी सस्ता हो जाएगा। निश्चित रूप से नए बदलाव से आम आदमी से लेकर किसान और छोटे उद्योगों के इस्तेमाल में आने वाली सैकड़ों वस्तुएं सस्ती हो जाएंगी। उल्लेखनीय है किजीएसटी के सुधारों से घरेलू खपत में जोरदार तेजी आएगी।

## निजी निवेश को बढ़ावा मिलेगा

मध्यम वर्ग उत्पादों की खरीदी पर पैसा खर्च करेगा और मांग बढ़ने से निजी निवेश को भी बढ़ावा मिलेगा। सरकार को भी उम्मीद है कि 47000 करोड़ रुपये के सालाना राजस्व नुकसान के बावजूद बाजार की गतिविधियों में तेजी आएगी और अर्थव्यवस्था को जिस तरह रफ्तार मिलेगी, उससे तात्कालिक नुकसान की सरलता से भरपाई हो जाएगी। निश्चित रूप से आम आदमी व मध्यमवर्गीय लोगों को कीमतों में राहत मिलेगी और लोगों की क्रय शक्ति बढ़गी और बाजार में नकदी प्रवाह भी बढ़ेगा।

जो छोटे उद्योग ट्रंप टैरिफ के कारण निर्यात घटने को लेकर चिंतित हैं, उन्हें घरेलू उपभोक्ताओं की बढ़ती मांग से बड़ा सहारा मिलेगा। इतना ही नहीं, जीएसटी घटने से औद्योगिक उत्पादन बढ़ेगा और और मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर से लेकर सर्विस सेक्टर तक मांग का बढ़ता हुआ नया अध्याय दिखाई देगा।

## रोजगार के अवसर बढ़ेंगे

अनुमान है कि देश में जीएसटी घटने से करीब 2 लाख करोड़ रुपये की खपत बढ़ेगी और निर्यात को भी नई गति मिलेगी। मांग व उत्पादन बढ़ने से जीडीपी में भी वृद्धि होगी। रोजगार के अवसरों में भी वृद्धि होगी। वैश्विक स्तर पर भारत की इज ऑफ डूइंग रैंकिंग भी सुधरेगी। इस परिप्रेक्ष्य में वैश्विक साख निर्धारण करने वाली एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग ने कहा कि निश्चित रूप से भारत में पिछले 5-6 वर्षों के दौरान जीएसटी सुधार बहुत सफल साबित हुए हैं। अब जीएसटी के दो स्लैब बनने से इसकी कार्यान्वयन और लेखांकन प्रक्रिया आसान हो जाएगी। इससे राहत और राजस्व दोनों की ऊंचाई बढ़ेगी।

उम्मीद करें कि 22 सितंबर से लागू होने वाली नई जीएसटी व्यवस्था और दो स्लैब वाली कर प्रणाली के तहत नए बदलाओं के कार्यान्वयन पर सरकार शुरुआत से ही इस तरह ध्यान देगी कि इन कानूनों की सरलता से देश के करोड़ों लोग लाभांवित हों और भ्रष्टाचार भी नियंत्रित हो। जीएसटी के तहत नए अहम कर सुधारों से करदाताओं की संख्या बढ़ाने, टैक्स जटिलता और मुकदमों में कमी लाने और टैक्स संग्रहण बढ़ाने में महत्वपूर्ण उपयोगिता मिलेगी।

## देश का आर्थिक विकास होगा

जीएसटी सुधार से शुरुआती कुछ महीनों में जीएसटी संग्रह की राशि में जो कमी आ सकती है, उस कमी को आगामी महीनों में खपत बढ़ने से राजस्व वृद्धि पूरी करते हुए दिखाई देगी। जीएसटी में सुधारों से देश के उद्योग-कारोबार ट्रंप की टैरिफ चुनौतियों का मुकाबला करते हुए देश को आर्थिक रफ्तार देंगे और ऐसे में तेजी से बढ़ने वाला कर संग्रहण देश को वर्ष 2027 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने में भी अहम भूमिका निभाते हुए दिखाई देगा।

# आर्थिक प्रगति का आधार बनेगा परिवर्तन



**उम्मीद**

विकेश कुमार बडोला
स्वतंत्र पत्रकार

जीसटी परिषद् ने सर्वसहमति से महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) प्रणाली में नवीन उल्लेखनीय परिवर्तन किए हैं। इस अप्रत्यक्ष कर व्यवस्था के अंतर्गत अब अधिसंख्य विभिन्न वस्तुओं एवं सेवाओं (आपवादिक अहितकारी वस्तुयें व सेवायें छोड़कर) पर कर के क्रमशः 5 व 18 प्रतिशत के दो मूल्य संवर्ग बनाये गये हैं। महंगी कार, मोटरसाइकिल, पान मसाला, तंबाकू, सिगरेट, शीतल पेय (सॉफ्ट ड्रिंक्स), इत्यादि विलासी वस्तुओं तथा सेवाओं पर 40 प्रतिशत कर मूल्य की एक अन्य श्रेणी भी बनाई गई है। गत सप्ताह वर्ष 2025-2026 की अप्रैल-जून तिमाही में 7.8 प्रतिशत मूल्य वृद्धि के साथ भारतीय अर्थव्यवस्था की समृद्ध उपलब्धि के बाद अब जीएसटी परिषद् ने भारतवर्ष के प्रमुख त्योहारी माह से पूर्व जीएसटी संबंधी अनेक जनहितैषी कर-नीतियां बनाकर देश की अर्थव्यवस्था का भविष्य सुरक्षित करने का प्रयास किया है।

## जीवन बीमा पॉलिसी में छूट

परिषद् के प्रमुख निर्णयों के अनुसार, अब व्यक्तिगत जीवन बीमा व स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी के प्रीमियम पर जीएसटी से छूट मिलेगी। रोटी, परांठे, पनीर, छेना, इत्यादि खाद्य उत्पादों पर जीएसटी शून्य होगी। सभी प्रकार के वाहनों के कलपुर्जों पर एकमात्र 18 प्रतिशत मूल्य का कर लगेगा। सभी टेलीविजन सेटों पर जीएसटी मूल्यांकन घटकर 18 प्रतिशत हो गया है। छोटी कारों व 350 सीसी तक की क्षमता वाली मोटरसाइकिलों पर भी 18 प्रतिशत कर लगेगा। सीमेंट का जीएसटी मूल्य 28 से घटकर 18 प्रतिशत हो जायेगा। हस्तशिल्प, संगमरमर, ग्रेनाइट पत्थर पर कर मूल्य 5 प्रतिशत होगा। केश तेल, साबुन, साइकिल पर भी 5 प्रतिशत ही कर लगेगा। जबकि पेट्रोल चालित 1200 सीसी से अधिक क्षमतावान कारों एवं 1500 सीसी से अधिक क्षमताधारी डीजल कारों, 350 सीसी से अधिक क्षमता की मोटरसाइकिलों, व्यक्तिगत उपयोग वाले विमानों, पान मसाला, तंबाकू उत्पादों, सिगनेट एवं शीतल पेय पदार्थों पर 40 प्रतिशत का विशेष कराधान होगा। हालांकि तीन सितंबर की जीएसटी परिषद् की बैठक से पूर्व विपक्षी दलों के शासन वाले आठ राज्यों के वित्त मंत्रियों ने भेंटवार्ता की थी, जिसमें उन्होंने संभावित 5 व 18 प्रतिशत की दो जीएसटी श्रेणियां बनाने तथा चली आ रही 12 व 28 प्रतिशत की कर श्रेणियां समाप्त करने के संबंध में आपत्तियां प्रकट की थीं।

## राज्यों को आश्वासन

नके अनुसार नवीन कर श्रेणीयन के कारण राज्यों को राजस्व हानि उठानी पड़ सकती है। किंतु जीएसटी परिषद् में विपक्षी शासन वाले राज्यों की आपत्तियों पर विमर्श के उपरांत केंद्र ने अहितकारी व विलासिता युक्त वस्तुओं एवं सेवाओं पर कर को 40 प्रतिशत करने का निर्णय लिया। कुछ राज्य तो नई कर श्रेणियों के लागू होने पर राजस्व हानि की क्षतिपूर्ति चाहते थे, किंतु वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने उन्हें आश्वस्त किया कि सामान्य जन की दैनिक आवश्यकताओं वाली



वस्तुओं व सेवाओं पर कर में 5 या शून्य प्रतिशत के अंकन द्वारा भारतीय बाजारों में मांग व खपत बढ़ेगी, जिससे कुछ ही समय में पुरानी जीएसटी कर श्रेणी के समाप्त होने से होनेवाला आर्थिक विचलन संतुलित हो जाएगा। नवीन जीएसटी कर श्रेणियों पर राजनीतिक दृष्टि के साथ किंतु-परंतु नहीं होना चाहिए। इसकी तुलना में यह देखा-समझा जाना चाहिए कि जिस समय संपूर्ण विश्व में आर्थिक मंदी की उठापटक चल रही है, उसी अवधि में भारत की जीडीपी वृद्धि दहाई के प्रतिशत मूल्य की ओर बढ़ रही है। देश में जीएसटी संरचना के साकार होने एवं हर तिमाही में नए ढंग से क्रियान्वित होने के बाद जीडीपी में नई कर श्रेणियों की घोषणा के बाद, इनके क्रियान्वयन से पूर्व केंद्रीय शासन को अग्रिम आकलन करते हुए संभावित अर्थहानियों का विचार सम्मुख रखना होगा। इस विचार की आवश्यकता इसलिये है क्योंकि इस वर्षा ऋतु में जम्मू एवं कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखण्ड तक के पर्वतों पर हो रही अतिवृष्टिकारी वर्षा ने न केवल इन तीनों पर्वतीय प्रांतों, अपितु पंजाब, राजधानी दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान तथा अन्य प्रदेशों में भी विनाशक बाढ़ की परिस्थितियां उत्पन्न की हैं। अतः इन आठ-दस राज्यों के आपदाग्रस्त लाखों-करोड़ों लोगों के अनुसार तो आगामी त्योहारी समय में 5 व 8 प्रतिशत के कर-मूल्य द्वारा बाजारों में मांग एवं खपत बढ़ने की आशा नहीं की जानी चाहिए। केंद्र को इन राज्यों के लिए आपदा राहत राशि आबंटित करनी होगी, जो आगामी पांच-छह माह तक तो केंद्र पर अतिरिक्त भार ही होगा।जीएसटी कर-प्रणाली में हुआ नवप्रवर्तन का प्रभाव आगामी कुछ माह तक भारत के विभिन्न प्रांतों में पृथक-पृथक लाभ व हानि के अनुपात में होगा। लाभ-हानि की स्थितियां धीरे-धीरे ही दीर्घावधि में समग्र लाभ में परिणत होंगी। अधिक युवा जनसंख्या होने का लाभ भारत को हर स्थिति में मिलेगा। जीएसटी कर मूल्यों के दो संवर्ग बनाने का निर्णय भी युवा जनसंख्या की अतिसक्रियता को देखकर लाभकारी ही प्रतीत होता है। अर्थव्यवस्था के अनुरूप अनेक औद्योगिक, प्रौद्योगिक एवं सेवा क्षेत्र हैं जो लोगों की दैनिक इच्छाओं, विचारों, कार्यों व गतिविधियों के आधार पर बाजार की मांग व आपूर्ति निर्धारित करते हैं और ऐसे में जब अधिसंख्य घरेलू, सामान्य एवं दैनिक उपयोग की वस्तुओं के मूल्य में न्यून कर के कारण कमी होगी, तो निश्चित रूप में बाजार में उनकी मांग बढ़ेगी, और मांग बढ़ेगी तो आपूर्ति के लिये उद्योगों, प्रौद्योगों तथा सेवा इकाइयों के उत्पादन-सृजन में वृद्धि होगी। अर्थव्यवस्था के उन्नति, समृद्धि तथा प्रगति के लिये यही चक्र तो चाहिये होता है।

## समृद्ध होगा बाजार

यह तो निश्चित है कि 5 और 18 प्रतिशत की कर-परिधि में आने वाली वस्तुओं का बाजार अधि जनसंख्या के अनुपात में अति समृद्ध होगा। खाद्यान्न, दूध, कृषि, वस्त्र, आवास निर्माण, परिवहन, इत्यादि मूलभूत आवश्यकताओं वाले क्षेत्रों की वस्तुओं एवं सेवाओं के मूल्य में कमी से बाजार में तेजी आयेगी ही आयेगी। राज्यों, लोकसेवकों, उद्योगों, व्यापारियों के लिये नई कर व्यवस्था का अनुपालन सुगम होगा। कर आकलन, मूल्यांकन, संग्रहण एवं अप्रत्याशित कराधान उलझनों के कारण उत्पन्न होनेवाले विवादों का समुचित निस्तारण हो सकेगा। अप्रत्यक्ष कर की दो श्रेणियों के कार्यकारी निष्पादन से पूर्व संभावित हानियों, जोखिमों, आपत्तियों के आकस्मिक उपाय भी किये गये हैं। एक अपीलीय पंचाट भी गठित किया गया है, जो सितंबर की समाप्ति से पूर्व ही कार्य करना आरंभ कर देगा। केंद्रीय शासन द्वारा जनहित की भावना को आगे रखकर किया गया जीएसटी का परिवर्तन, वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में भारत की सुदृढ़ आर्थिक प्रगति का सबसे बड़ा आधार बनेगा।

मुंह में नली डालते समय निकला खून, रीवा रेफर करने से पहले तड़प कर हुई मौत

# बस स्टैंड स्थित चित्रकूट अस्पताल में महिला की मौत के बाद हंगामा

**सतना।** कोलगवां थाना क्षेत्र के बस स्टैंड इलाके में स्थित चित्रकूट चैरिटेबल हॉस्पिटल में एक 60 वर्षीय महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान हनुमान नगर नई बस्ती निवासी सियावाई विश्वकर्मा के रूप में हुई। मृतका के परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल में जमकर हंगामा किया। घटना की शिकायत पुलिस से की गई है। पूरे मामले की जांच की जा रही है। इस अस्पताल





में यह कोई नया और पहला मामला नहीं है। बताया जाता है कि महिला को बुखार और पेट में इन्फेक्शन की शिकायत थी। पिछले तीन दिनों से डॉ.एस.पी.तिवारी से उनका इलाज चल रहा था। शनिवार को अस्पताल के कंपाउंडर ने परिजनों को वार्ड से बाहर निकाल दिया। कचरा साफ करने का बहाना बनाकर उसने महिला के मुंह में नली डाली। नली डालते समय महिला को ब्लीडिंग शुरू हो गई। इससे उनकी हालत बिगड़ गई। गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें रीवा रेफर किया गया। लेकिन अस्पताल से बाहर निकलने से पहले ही उनकी मृत्यु हो गई। सियावाई के बेटे विष्णु विश्वकर्मा ने अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया। उनका कहना है कि गलत तरीके से नली डालने के कारण उनकी मां की जान गई। परिजनों ने मामले की जांच और अस्पताल के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

## ईर्ष्या के चलते युवक पर पत्थर से हमला

**छतरपुर।** हरपालपुर थाना क्षेत्र के पुलिस लाइन के पीछे रहने वाले एक युवक पर ईर्ष्या के कारण हमला करने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार हरिओम अहिरवार (22) घर पर मौजूद था, तभी रंजीत अहिरवार ने उससे गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। जब हरिओम ने इसका विरोध किया तो नंदलाल, तूफान और मिना प्रियंका ने भी मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान रंजीत अहिरवार ने पत्थर उठाकर हरिओम के सिर पर जोरदार वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

# सगी बहनों को सांप ने काटा, मौत



सपना साहू



निशा साहू

**सतना।** दो सगी बहनों को करैत सांप ने डस लिया। 24 घंटे के अंदर दोनों की मौत हो गई। घटना ग्राम छींदा खम्हारिया खुर्द की है। वन विभाग की टीम ने सांप को रेस्क्यू कर लिया है। जानकारी के अनुसार, गांव में जमीदार साहू की 10 साल की बेटी सपना साहू गुरुवार देर रात घर में सो रही थी। इसी दौरान जहरीले सांप ने उसे काट लिया।परिवार उसे इलाज के लिए ले गए,लेकिन उसकी मौत हो गई। शुक्रवार रात को सपना की बड़ी बहन निशा साहू 17 वर्ष को भी सांप ने डस लिया। परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद निशा को मृत घोषित कर दिया। किसान जमीदार साहू की 5 बेटियां थी। उनका कोई बेटा नहीं है। लगातार दो बेटियों की मौत से परिवार टूट गया है और पूरे गांव में मातम छाया हुआ है। बड़ी बहन निशा पढ़ाई नहीं करती थी। छोटी बहन सपना 5वीं की छात्रा थी। सपना और निशा सगी बहनें थीं।

### डसने के बाद पेट में तेज दर्द उठा

जमीदार साहू ने बताया कि छोटी बेटी सपना खाट पर सो रही थी। उसके पैर में सांप ने काटा तो परिवार को लगा कि मच्छर ने काटा है। कुछ देर बाद उसके पेट में तेज दर्द उठा तो उसने मां को बताया। हमने देखा तो उसके पैर में सांप के काटने के छोटे लाल निशान थे। जमीदार ने बताया कि वे उसे गांव से 18 किलोमीटर दूर जिला अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शाम को पोस्ट मार्टम के बाद परिजन शव लेकर घर पहुंचे। शुक्रवार की रात में जब सभी लोग शव के पास बैठे थे, तभी दूसरे कमरे में सो रही बड़ी बेटी निशा की चीख सुनाई दी। परिजन ने देखा कि उसके हाथ में सांप ने काट लिया है। वे उसे रात में ही जिला अस्पताल ले गए। वहां ड्यूटी डॉक्टर ने एंटी स्नेक वेनम लगाकर इलाज शुरू किया, लेकिन जहर का असर ज्यादा था, इसी दौरान शनिवार की सुबह निशा की भी मौत हो गई। जनपद सदस्य गौरव सिंह ने बताया,शनिवार को दोनों बहनों के शवों का जिला अस्पताल सतना में पोस्टमार्टम कराया जाएगा। इसके बाद गांव में अंतिम संस्कार होगा। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार सर्पदंश की घटनाएं हो रही हैं। समय पर प्राथमिक उपचार और जागरूकता के अभाव में लोगों की जान चली जाती है। वहीं ग्रामीणों की मांग है कि गांवों में सर्पदंश से बचाव और इलाज के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाए। साथ ही,स्वास्थ्य केंद्रों में जरूरी दवाइयां और सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

# नाबालिग का अपहरण कर जबरन कर ली शादी, गिरफ्तार

**सतना।** पुलिस ने एक नाबालिग लड़की का अपहरण कर उसके साथ जबरन शादी करने और शारीरिक संबंध बनाने के आरोप में सोनू उर्फ सुनील विश्वकर्मा को गिरफ्तार किया है। फरियादी काशी प्रसाद प्रजापति ने थाना सिटी कोतवाली में अपनी नाबालिग बेटी के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने अखबारों में पंपलेट और पोस्टर लगाकर, मुखबिरों से जानकारी जुटाकर और साइबर सेल की मदद से आरोपी और पीड़िता का पता लगाना शुरू किया। जांच के दौरान, पुलिस को पता चला कि नाबालिग और आरोपी सोनू उर्फ सुनील विश्वकर्मा इंदौर में हैं। पुलिस टीम ने नायता मुंडला,देवगदरिया रोड,इंदौर से उन्हें ढूंढ निकाला। पूछताछ में नाबालिग ने बताया कि सोनू उर्फ सुनील विश्वकर्मा ने उसे फोन करके रेलवे स्टेशन बुलाया,फिर उसे विदिशा और बाद में इंदौर ले गया। वहाँ उसने किराए का कमरा लेकर उससे जबरन शादी की और उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता के बयान के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया और न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

# पिकअप में ठूंसठूंस कर भरे थे मवेशी, बछिया की मौत

**रीवा।** सामाजिक कार्यकर्ता शिवानंद द्विवेदी की शिकायत पर गढ़ थाने में गौतस्करी एवं पशु क्रूरता को लेकर अपराध पंजीबद्ध कर लिया गया है। बताया गया की घटना 01 सितंबर 2025 रात्रि लगभग 9 की है जब पंजाब सिंह परिहार, विपिन सिंह परिहार, धीरज सिंह परिहार, मार्तंड सिंह परिहार, कमलेश पांडेय, प्रभाकर सिंह आदि की उपस्थिति में एक बोलेरो पिकअप क्रमांक एमपी 19 जीए 6606 मौके के वारदात पर सेदहा मोड़ के पास पकड़ा गया था जहां लगभग एक दर्जन गौवांशों को ठूस दूस कर भरा गया था। इस प्रकार क्रूरता पूर्वक क्षमता से अधिक मवेशी भरे जाने के कारण लगभग एक डेढ़ वर्ष की बछिया की दबकर मृत्यु भी हो गई थी। इसके बाद गढ़ थाना पुलिस को जानकारी दी गई एवं तत्काल एक्शन लेते हुए गढ़ थाना प्रभारी अवनीश पांडेय ने अपना दल भेजा और मौके पर बोलेरो को जब्त कर आरोपियों को थाने ले गए। इसके अगले दिन 02 सितंबर 2025 को अपराध क्रमांक 393/2025 के तहत पशु क्रूरता अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कर दी है। जांच का जिम्मा हेड कांस्टेबल राहुल बर्सेना को सौंपा गया है। सामाजिक कार्यकर्ता शिवानंद ने गौशाला की व्यवस्थाओं पर सवाल उठाते हुए उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

# पेड़ से लटकी मिली लड़का लड़की की लाश

## घटना की जानकारी लगने के बाद क्षेत्र में फैली सनसनी



**अपनी बहन के यहां रह रहा था लड़का, बहन की नंद के साथ पेड़ से लटका मिला यवक**


**एक दुपट्टे के सहारे लड़का एवं लड़की की लटकी मिली लाश क्षेत्र में प्रेम प्रसंग को लेकर चर्चा तेज**

**सिमरिया।** पन्ना जिले के सिमरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले छोटी माहोड ग्राम में एक सनसनी खेज वारदात सामने आई है जिसने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी है दरअसल छोटी महोड गांव के बाहर एक पेड़ से एक दुपट्टे के सहारे एक लड़का एवं लड़की की लाश लटकी मिली। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह घटनाक्रम 5 सितंबर का बताया जा रहा है। जहां 5 सितंबर की दोपहर 3:00 युवक और युवती की लाश पेड़ से लटकी मिली पुलिस थाना सिमरिया से मिली जानकारी के अनुसार मृतक लड़की का नाम निराशा दहायत निवासी छोटी माहौड एवं मृतक युवक का नाम रमेश दहायत भडपुरा चौकी हरिदुआ बताया गया लड़का अपनी बहन के यहां महोड़ में रहता था और जेके कंपनी में काम करता था क्षेत्र में यह जन चर्चा तेज है कि दोनों ने दुपट्टे के सहारे फांसी लगाई है और एक ही दुपट्टे से दोनों की लास लटकी मिली है जिसे कहीं ना कहीं प्रेम प्रसंग का मामला प्रतीत हो रहा है जबकि परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है और मामले को लेकर उन्होंने हत्या की आशंका जाताई है पूरे घटनाक्रम की जानकारी जैसे ही सिमरिया पुलिस को लगी तो पुलिस ने दोनों सबों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाया।

## प्रतिबंधित कफ सिरप के साथ युवक गिरफ्तार

**शहडोल।** जिले के पपौंध थाना पुलिस ने शुक्रवार को कार्रवाई करते हुए एक युवक को प्रतिबंधित दवा की अवैध बिक्री के आरोप में गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम पौंढ़ निवासी रमेश उर्फ गुड्डा जायसवाल उम्र 25 वर्ष सफेद रंग की एक्टिवा स्कूटी पर प्रतिबंधित ओनरेक्स कफ सिरप लेकर घूम रहा है। सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर संदिग्ध को पकड़ा। तलाशी के दौरान आरोपी की स्कूटी की डिक्की से 10 नग ओनरेक्स कफ सिरप बरामद किए गए, जिनकी कीमत लगभग 2,150 रुपये बताई गई। इसके साथ ही करीब 40 हजार रुपये मूल्य की स्कूटी भी जब्त की गई। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह यह प्रतिबंधित सिरप अवैध रूप से बेचने की फिराक में था।

# बहू की जल रही थी चिता, पेड़ के नीचे बैठे ससुर के ऊपर गिरी बाइक, अस्पताल में मौत



**रीवा।** जिले के लौर थाना अंतर्गत फरहदा गांव में गुरुवार को एक हृदय विदारक हादसा हो गया। एक ओर जहां परिवार अपनी बहू की चिता को मुखाग्नि दे रहा था, वहीं दूसरी ओर एक अप्रत्याशित दुर्घटना ने उसके ससुर की जान ले ली। अंतिम संस्कार स्थल पर हुई इस दुर्घटना से गांव में शोक की लहर और गहरा गई है। जानकारी के अनुसार, ग्राम फरहदा निवासी कमला विश्वकर्मा उम्र लगभग 25 वर्ष का बीते 20 दिन पूर्व प्रसव के दौरान निधन हो गया था। शुक्रवार को उनका अंतिम संस्कार गांव के ही फरहदा मोड़ के पास किया जा रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रहे दो नाबालिग बाइक सवारों ने ऐसा कहर बरपाया, जिसे देखकर हर कोई स्तब्ध रह गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तेज गति में दौड़ रही बाइक एक पत्थर से टकराई और बेकाबू होकर फिल्मी अंदाज में हवा में उछल गई। बाइक हवा में घूमती हुई पास में खड़े भगवानदीन कारपेंटर उम्र लगभग 60 वर्ष के ऊपर आ गिरी। सिर पर गंभीर चोट लगने के बाद उन्हें तत्काल परिजन इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां देर रात उनकी मौत हो गई। भगवानदीन, कमला विश्वकर्मा के ससुर थे और अंतिम संस्कार के समय शोकग्रस्त परिजनों के साथ मौजूद थे। हादसे ने पहले से शोक में डूबे परिवार को एक और गहरा सदमा दे दिया। बताया जा रहा है कि बाइक चला रहे दोनों किशोर बिना हेलमेट और ड्राइविंग लाइसेंस के तेज रफ्तार में वाहन चला रहे थे।

# बाबा के तेरहवीं के दिन नातिन की भी मौत, सांप के काटने से गई 11 वर्षीय मासूम की जान

**रीवा।** जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के नदना गांव में एक ही परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। पहले घर के बुजुर्ग की दीवार गिरने से मौत हो गई और अब तेरहवीं के दिन ही उनकी 11 वर्षीय नातिन की भी सांप के काटने से मौत हो गई। यह हृदय विदारक घटना पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ा गई है। घटना ने न सिर्फ परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है, बल्कि पूरे गांव में दहशत और अंधविश्वास का माहौल भी बना हुआ है। ग्रामीणों के बीच यह चर्चा का विषय बना हुआ है कि कहीं यह किसी देवी-देवता के क्रोध का परिणाम तो नहीं। मिली जानकारी के अनुसार, नादना गांव निवासी मान्या सिंह (11 वर्ष) को 3 सितंबर की तड़के लगभग 4 बजे सोते समय एक जहरीले सांप ने काट लिया। परिवार ने तुरंत उसे रीवा के संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन चार दिनों तक चले उपचार के बाद शुक्रवार को मासूम मान्या ने दम तोड़ दिया। परिजनों ने बताया कि मान्या बेहद चंचल और होनहार बच्ची थी। पूरे परिवार की आंखों का तारा अब इस दुनिया में नहीं रहा, जिससे घर में मातम पसरा हुआ है। इस घटना को और ज्यादा दुखद बना देता है यह तथ्य कि शुक्रवार को ही मान्या के बाबा की तेरहवीं थी। दरअसल कुछ दिन पहले घर में नए भवन निर्माण के लिए दीवार गिराई जा रही थी, उसी दौरान मलबे में दबकर वृद्ध की मौत हो गई थी। परिवार 13वीं की रस्मों की तैयारी में व्यस्त था, और उसी दिन मान्या की भी मौत की खबर मिल गई। अब घर में एक साथ दो-दो शवों की चीख-पुकार है। परिजन रो-रोकर बेहाल हैं और गांव में सन्नाटा छा गया है। गांव में इस दुहरे दुख को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। कुछ ग्रामीणों का कहना है कि जिस जगह दीवार गिराई गई थी, वहां किसी स्थानीय देवी-देवता का वास था। उनका मानना है कि उसी स्थान के छेड़छाड़ के चलते ये दुखद घटनाएं हो रही हैं।

# सहकारी समिति ने 50 हजार में बेच दी एनओसी

## नियमों को किया दरकिनार, मनमर्जी जारी

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** सरकार द्वारा मछुआ संघ को बढ़ावा देने के लिए अनेकों योजनाएं संचालित कर समाज के लोगों को लाभांवित किया जा रहा है। वही प्रशासन व समिति के गैर जिम्मेदार कर्मी व सदस्यों के कारण पात्र लोगों को लाभ नहीं मिल पाता है। इसी प्रकार का मामला हरिजन मत्स्योद्योग सहकारी समिति मर्यादित बचई का सामने आया जहां पर समिति को मिली एनओसी का विक्रय किया गया। समिति के सदस्यों द्वारा विधिवत बैठक कर दूसरी समिति को 50 हजार रूपए मे एनओसी विक्रय कर दी तथा मत्स्य पालन भी प्रारंभ कर दिया गया।जनपद पंचायत नरसिंहपुर अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायात बबरिया में बने तालाब मे मत्स्य पालन के लिए जनपद पंचायत नरसिंहपुर द्वारा तालाब का पट्टा 6 अक्टूबर से 2023 से 30 जून 2033 तक दस वर्ष के लिए शिवम मछुआ स्व सहायत समूह बचई को जारी किया गया। पट्टे के शर्तो के अनुसार समूह को प्रतिवर्ष 32.922 हेक्टेयर के जलाशय पट्टे की राशि अग्रिम जमा करनी पड़ेगी तथा सभी शर्तो को मान्य करना पड़ेगा। उक्त पट्टे को हरिजन मत्स्योद्योग को परिवर्तित कर दिया गया। पट्टा लेने के बाद समिति द्वारा मत्स्य पालन का कार्य दूसरे समूह से कराया जा रहा है। हरिजन मत्स्योद्योग सहकारी समिति बचई पंजीयन क्रमांक 276 द्वारा जारी किए गए पत्र में उल्लेख किया गया है कि समिति के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष व कार्यकारिणी सदस्यों की उपस्थिति मे बैठक कर निर्णय लिया गया कि बबरिया जलाशय जो शिव मछुआ एवं स्वसहायता समूह बचई को एन ओ सी दी थी। उक्त एन ओ सी को समिति के अध्यक्ष गीता बाई कहार द्वारा हरिजन मत्स्योद्योग सहकारी समिति मर्यादित बचई को नगद 50 हजार रूपए लेकर दी गई। पत्र में यह भी उल्लेख है कि समिति का कोई भी सदस्य किसी प्रकार से कोई शिकायत नही करेगा यदि शिकायत करेगा तो उसकी समिति से सदस्यता समाप्त कर दी जावेगी।

# बरघाट पुलिस ने 400 ग्राम गांजे के साथ आरोपी को धर दबोचा

पुलिस अधीक्षक सुश्री सिमाला प्रसाद के द्वारा नशे के विरुद्ध अभियान व कार्यवाही हेतु जारी दिशा निर्देशो के पालन में व अति. पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एव अनु. अधि. बरघाट ललित गठरे के कुशल मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरी. मोहनीश सिंह बैस के नेतृत्व में अरघाट पुलिस ने नशे के खिलाफ एक महत्वपूर्ण कार्यवाही करते हुए 400 ग्राम गांजे के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।



आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। बरघाट पुलिस को दिनांक 02:00:2025 को मुखबिर की सूचना पर कि साल्हे कोसमी तिराहा मंदिर के पास एक व्यक्ति अवैध रुप से गांजा रखा हुआ है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी बरघाट निरी, मोहनीश सिंह बैस ने तत्काल टीम गठित कर आरोपी को स्टाफ की सहायता से घेराबंरी कर पकड़ा। जिससे स्टाफ द्वारा नाम पता पूछने पर अपना नाम अक्षय पिता कामता प्रसाद रजक उम्र 30 साल निवासी वार्ड न.4 नीलगिरी हनुमान मंदीर के पास बारापत्थर सिवनी जिला सिवनी का रहने वाला बताया जिसके कब्जे से एक थैले में रखी प्लास्टिक की पारदर्शी पन्नी में मादक पदार्थ गांजा कुल वजन 400 ग्राम किमती 6000 रुपये करीबन को जप्त किया जाकर आरोपी के विरुध्द अपराध क्रमांक 489/25 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया है। आरोपी अक्षय पिता कामता प्रसाद रजक उम्र 30 साल निवासी बारापत्थर सिवनी जप्त सामग्री 400 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमती लगभग 6000/- रुपये।

**सराहनीय कार्यः** अनु, अधि. बरघाट श्रीमान ललित गठरे के मार्गदर्शन में निरीक्षक मोहनीश सिंह बैस, सउनि लुपेश रहांगडाले. आर. 741 संजू उइके, आर.575 नपेन्द्र, आर. 734 उलेश, आर. 783 केशरीनंदन एंडे, आर. 805 उमेन्द्र, आर. 846 अनिल मर्सकोले।

# जिले में दिल दहला देने वाली घटना

# 13 वर्षीय बच्ची, बनी आवारा कुत्तों का शिकार

**जिले के कान्हीवाड़ा थाना क्षेत्र से गुरुवार की शाम एक ऐसी दर्दनाक खबर सामने आई है जिसने पूरे गाँव को सन्न कर दिया। समनापुर गाँव की 13 वर्षीय अवनी विनोखे अपनी सहेली के साथ खेत घूमने गई थी।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।



लेकिन कुछ ही पलों में यह सैर एक खौफनाक हादसे में बदल गई। खेत में अचानक आवारा कुत्तों का झुंड बच्चियों पर टूट पड़ा। हमले से सहमी अवनी की सहेली जैसे-तैसे अपनी जान बचाकर गाँव पहुँची और परिजनों को सूचना दी। लेकिन जब तक परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुँचे, तब तक दृश्य इतना भयावह था कि किसी की भी आँखें भर आईं। कुत्तों ने मासूम अवनी को इतनी बुरी तरह नोच डाला था कि उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। ग्रामीणों ने बताया कि कुत्ते इतने आक्रामक थे कि उन्हें भगाने में भी कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

घटना की सूचना मिलते ही कान्हीवाड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुँची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जाँच की जा रही है और ग्रामीणों से शांत व संयम बनाए रखने की अपील की है।

### गाँव में मातम का माहौल

जैसे ही यह खबर पूरे गाँव में फैली, समनापुर में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक अवनी के परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में लंबे समय से आवारा कुत्तों का आतंक है। कई बार बच्चे और बुजुर्ग इनके हमले का शिकार हो चुके हैं, लेकिन इतनी निर्मम और दर्दनाक घटना पहली बार घटी है। इस हादसे ने हर किसी को अंदर तक झकझोर दिया है। अब ग्रामीण प्रशासन से माँग कर रहे हैं कि जल्द से जल्द आवारा कुत्तों की समस्या का समाधान किया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी दुर्घटनाएँ दोबारा न हों।


**दर्दनाक हादसे के बाद जिला पंचायत सदस्य रजनी ठाकुर ने शोकाकुल परिजनों से की मुलाकात**



**सिवनी।** सिवनी जिले के ग्राम समनापुर में शुक्रवार को एक अत्यंत हृदय विदारक घटना में 13 वर्षीय बालिका अवनी विनोखे की आवारा कुत्तों के हमले में मौत हो गई। अवनी अपनी सहेली के साथ खेत से लौट रही थी, तभी रास्ते में अचानक आवारा कुत्तों के झुंड ने उस पर हमला कर दिया। इस हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गई और उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र की जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रजनी श्रीराम ठाकुर ग्राम समनापुर पहुँचीं और शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा, यह एक बेहद दर्दनाक और चिंताजनक घटना है। प्रशासन को चाहिए कि वह पीड़ति परिवार को शीघ्र आर्थिक सहायता प्रदान करे और गाँव में आवारा कुत्तों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए ठोस कदम उठाए। रजनी ठाकुर ने परिजनों की आर्थिक स्थिति को देखते हुए तत्काल राहत के तौर पर राशन की व्यवस्था हेतु नगद राशि दी और आश्वासन दिया कि भविष्य में भी हरसंभव मदद की जाएगी। उन्होंने इस संबंध में जिला कलेक्टर से भी फोन पर चर्चा कर परिवार को सरकारी सहायता दिलाने की बात की। गाँव के नागरिकों ने भी प्रशासन से आग्रह किया है कि इस प्रकार की दर्दनाक घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए आवारा पशुओं पर नियंत्रण हेतु प्रभावी और ठोस कार्यवाही की जाए। यह घटना न केवल समनापुर के लिए, बल्कि पूरे समाज के लिए एक चेतावनी है कि आवारा जानवरों की समस्या को अब और अनदेखा नहीं किया जा सकता।

## ड्यूटी के दौरान आरक्षक का आकस्मिक निधन

**अनूपपुर।** पुलिस लाइन में पदस्थ आरक्षक निर्मल सिंह पवार निवासी जिला मंदसौर की ड्यूटी के दौरान अचानक मृत्यु हो गई। जानकारी के अनुसार निर्मल सिंह पवार साथी पुलिसकर्मी राम सिंह टेकाम के साथ रात्रिकालीन गश्त पर थे। गश्त के दौरान जेल बिल्डिंग सकरिया के पास निर्मल सिंह को अचानक उल्टी हुई। इस दौरान उनकी हालत नाजुक हो गई और अचानक उनका निधन हो गया। जिसकी जानकारी साथी पुलिसकर्मी श्री टेकाम ने पुलिस अधीक्षक समेत वरिष्ठ अधिकारियों को दी जिसके बाद वरिष्ठ अधिकारी तत्काल पहुंचकर मामले का जायजा लिया। श्री पवार के आकस्मिक निधन पर पुलिस अधीक्षक मोतीउर रहमान ने तात्कालिक सहायता के लिए 50 हजार रूपये परिजनों को दिये। श्री पवार के निधन पर रक्षित निरीक्षक श्रीमती ज्योति दुबे व समस्त स्टाफ ने दो मिनट का मौन रख मृतात्मा की शांति के लिए ईश्वर से कामना की। श्री पवार के निधन पर पुलिस अधीक्षक मोतीउर रहमान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मो. इसरार मंसूरी, एसडीओपी सुमित केरकेट्टा, रक्षित निरीक्षक श्रीमती ज्योति दुबे समेत सभी पुलिस कर्मियों ने गहरा शोक व्यक्त किया है।




# 'अवतारः द वे ऑफ..' सिनेमाघरों में दोबारा हो रही रिलीज...

**मुंबई।** जेम्स कैमरून के निर्देशन में बनी फिल्म 'अवतारः द वे ऑफ वॉटर' 16 दिसंबर, 2022 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। सैम वर्थिंगटन, जो सलदाना और सिगोरनी वीवर की मुख्य भूमिका वाली इस फिल्म को काफी पसंद किया गया था और बॉक्स ऑफिस पर भी इसने कई कीर्तिमान हासिल किए। अब करीब 3 साल बाद फिल्म 'अवतारः द वे ऑफ वॉटर' एक बार फिर सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। 'अवतारः द वे ऑफ वॉटर' को 2 अक्टूबर, को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। बता दें कि दुनियाभर में लोकप्रिय फिल्म फ्रेंचाइजी 'अवतार' की तीसरी किस्त का दर्शक बड़ी ही बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जो जल्द खत्म होने वाला है।

लाइफ Style



# शनाया

## 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर 3' में करेंगी डबल धमाका

एजेंसी ▶▶ मुंबई

शनाया के साथ 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर 3' में अलाया एफ भी मुख्य भूमिका निभा रही हैं। मुख्य अभिनेता के लिए कास्टिंग फिलहाल चल रही है। रीमा माया ने इस सीरीज के निर्देशन की कमान संभाली है।


संजय कपूर की बेटी शनाया कपूर ने फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' से अभिनय की दुनिया में कदम रखा था, जिसमें उनके काम को काफी सराहा गया। हालांकि, उनकी पहली फिल्म बॉक्स ऑफिस पर मुंह के बल गिरी। आने वाले समय में शनाया एक से बढ़कर एक फिल्मों में नजर आएंगी। अब संजय की बेटी ओटीटी की दुनिया में कदम रखने के लिए तैयार हैं। शनाया जल्द ही करण जौहर की वेब सीरीज 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर 3' में नजर आएंगी। एक रिपोर्ट के अनुसार, शनाया सीरीज 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर 3' में डबल रोल से डबल धमाका करने वाली हैं। सीरीज पर काम काफी समय से चल रहा है। करण ने 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' से वरुण धवन, आलिया भट्ट और सिद्धार्थ मल्होत्रा को बॉलीवुड में लॉन्च किया था। शनाया के साथ 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर 3' में अलाया एफ भी मुख्य भूमिका निभा रही हैं। मुख्य अभिनेता के लिए कास्टिंग फिलहाल चल रही है। रीमा माया ने इस सीरीज के निर्देशन की कमान संभाली है। यह जियो हॉटस्टार पर रिलीज होगी। हालांकि, अभी इसकी रिलीज तारीख सामने नहीं आई है। बता दें कि शनाया जल्द ही 'वृषभ' में नजर आएंगी, जिसके हीरो सुपरस्टार मोहनलाल हैं।

हॉलीवुड मसाला




# विद्युत का हॉलीवुड में डेब्यू

**लॉस एंजिल्स।** बॉलीवुड अभिनेता विद्युत जामवाल इन दिनों अपनी अपकमिंग हॉलीवुड फिल्म 'स्ट्रीट फाइटर' को लेकर सुर्खियों में हैं। इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है और आधिकारिक तौर से विद्युत जामवाल इस फिल्म से जुड़ चुके हैं। मशहूर वीडियो गेम फ्रैंचाइजी पर आधारित इस फिल्म में कई मशहूर हॉलीवुड सितारों सहित एक बड़ी टीम शामिल है। पैरामाउंट पिक्चर्स के प्रोडक्शन हाउस ने पोस्ट में लिखा 'अखाड़े में राज बहुत देर तक राज नहीं रहते।




# पॉपुलर म्यूजिक कंपोजर रिकी केज ने भारत का बढ़ाया मान

**लॉस एंजिल्स।** पॉपुलर म्यूजिक कंपोजर रिकी केज ने भारत का नाम तो रोशन किया ही है साथ ही उन्होंने अब पापुआ न्यू गिनी देश का नाम भी रोशन कर दिया है, उनकी वजह से इस देश को पहली बार ऑस्कर्स में एंट्री मिली है। पापा बूका के बैकग्राउंड स्कोर के लिए ऑस्कर्स नॉमिनेशन पाने के बाद रिकी ने रिएक्ट भी किया है। 3 बार जीतने वाले भारतीय मूल के म्यूजिक कंपोजर ने अब इस देश का बढ़ाया मान। फेमस म्यूजिशियन रिकी केज की दुनिया दीवानी है। अपने संगीत से उन्होंने ना सिर्फ सीमाएं तोड़ी हैं बल्कि उन्होंने संगीत के जरिए ही पूरी दुनिया को जोड़ने की कोशिश की है। रिकी भारतीय मूल के हैं और वे अमेरिका में रहते हैं। इसके अलावा अब उन्होंने कुछ ऐसा किया है जिससे पापुआ न्यू गिनी नाम के देश का मान बढ़ गया है।



# सनी विक्रमादित्य के साथ मिलाया हाथ

**मुंबई।** पिछली बार अनन्या पांडे के साथ फिल्म 'सीटीआरएल' लेकर आए निर्देशक विक्रमादित्य मोटवानी अब एक नई वेब सीरज लेकर आ रहे हैं। खास बात ये है कि उन्होंने अपने नए प्रोजेक्ट के लिए अभिनेत्री सनी लियोनी से हाथ मिलाया है। दोनों मिलकर एक वेब सीरीज लेकर आ रहे हैं, जो एक सच्ची कहानी पर आधारित होगी। सनी न सिर्फ इस सीरीज को विक्रमादित्य के साथ मिलकर बना रही हैं, बल्कि इसमें मुख्य भूमिका भी खुद ही निभाएंगी। सनी ने इस पर कहा, मैं इस सहयोग को लेकर बेहद उत्साहित हूं। यह बायोपिक एक ऐसी कहानी पर आधारित है जिसने मुझे वास्तव में बहुत प्रेरित किया है और मैं इसे लेकर दर्शकों की प्रतिक्रिया का बेसब्री से इंतजार कर रही हूं। वेब सीरीज की कहानी से जुड़ी कोई जानकारी सामने नहीं आई है।



# 'डॉन-3' की तैयारी, अब अमिताभ की बारी

**मुंबई।** रणवीर सिंह एक ओर जहां आदित्य धर के निर्देशन में बन रही फिल्म 'धुरंधर' को लेकर चर्चा में हैं, वहीं उनकी फिल्म 'डॉन 3' भी आने वाली है। इस फिल्म से जुड़े आए दिन नए-नए अपडेट सामने आ रहे हैं। अब इससे जुड़ी ऐसी रोचक जानकारी सामने आई है, जिसके बाद इसे लेकर दर्शकों का उत्साह दोगुना हो जाएगा। दरअसल, खबर है कि फिल्म में शाहरुख खान के बाद अब अमिताभ बच्चन की एंट्री भी हो गई है। फिल्म में शाहरुख के कैमियो पर तो चर्चा पहले ही हो रही थी और अब ताजा अपडेट ये है कि बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन भी इससे जुड़ गए हैं। बता दें कि पर्दे पर पहली बार डॉन अमिताभ ही बने थे। फिर फरहान अख्तर उनकी कालजयी फिल्म 'डॉन' का रीमेक लेकर आए और शाहरुख को नया डॉन बनाया।

टीवी मसाला



# 12वें सवाल का पूजा के कड़क जवाब से बिग बी भी हुए इंप्रेस

**मुंबई।** कौन बनेगा करोड़पति 17 के 5 सितंबर के एपिसोड की शुरुआत रोलओवर कंटेस्टेंट कुमारी पूजा के साथ हुई, जिन्हें पढ़ने-लिखने का बहुत शौक है। वे पैसों की तंगी की वजह से पीएचडी नहीं कर पाईं, जिसे जानने के बाद अमिताभ बच्चन भी दुखी हुए। वे 2 लाख रुपये जीत चुकी थीं। उनके पास एक लाइफ लाइन बची थी। खेल की शुरुआत 9वें सवाल के साथ होती है। 3 लाख रुपये का 9वां सवाल रहा इनमें से कौन सा शब्द ग्रेट हिमालय के लिए प्रयोग किया जाता है, जो हिमालय बनाने वाली पर्वतमालाओं में सबसे ऊंची और सबसे उत्तरी पर्वतमाला है? विकल्प हैं- हिमाचल, शिवालिक, कुनलुन, हिमाद्रि।

कंटेस्टेंट पूजा ने जवाब के तौर पर विकल्प डी. हिमाद्रि को चुना, जो सही साबित हुआ। उन्होंने 5 लाख रुपये के 10वें सवाल का सही जवाब दिया। सुपर संदूक राउंड में कुमारी पूजा ने 8 सवालों के सही जवाब दिए, जिससे उन्होंने ऑडियंस पोल को जिंदा कर लिया। उन्होंने 11वें सवाल पर ऑडियंस पोल का इस्तेमाल किया।


सवाल है- भारत के प्रथम नारीवादी ग्रंथों में से एक मानी जाने वाली 1882 की 'स्त्री पुरुष तुलना' किसने लिखी थी? विकल्प हैं- ए. ताराबाई शिंदे, बी. रमाबाई रानाडे, सी. पंडिता रमाबाई, डी. सावित्रीबाई फुले।

कंटेस्टेंट पूजा ने ऑडियंस के साथ जाते हुए विकल्प बी. ताराबाई शिंदे को चुना, जो सही साबित हुआ। 12.50 लाख रुपये के 12वें सवाल पर पूजा दुविधा में थीं, लेकिन रिस्क उठाकर गेम खेला। सवाल था- 'इनमें से किस जीव को 2025 में विलुप्ति से वापस लाए जाने का दावा किया गया था?' विकल्प हैं- ए. टाई रैनोसॉरस रेक्स, बी. तस्मानियाई बाघ, सी. डोडो, डी. डायर-वुल्फ।

पूजा ने विकल्प डी. डायर-वुल्फ को चुना और 12.50 लाख जीतने में सफल रहीं। उन्होंने 25 लाख के सवाल पर गेम क्विट कर दिया।

कंटेस्टेंट से सवाल-जवाब के अलावा अमिताभ बच्चन क्विज शो में अपनी जिंदगी से जुड़े किस्से भी दर्शकों को सुनाते रहे हैं। उन्होंने पिछले एपिसोड में एक कंटेस्टेंट के सवाल पर अपने घर के माहौल के बारे में बताया। वे बोले, 'हमारे घर का माहौल सामान्य था। बच्चों की देख-रेख जया करेंगी और हम जाएंगे काम पर। उन्होंने सब कुछ देखा है। हमारे मन में एक क्लेश रहा है कि हम बच्चों के साथ ज्यादा वक्त नहीं बिता पाए। जब हम सुबह निकल रहे होते, तो वह सो रहे होते। घर आता, तो वह सोते हुए मिलते। हमें लगता कि काश हम भी अभिषेक-श्वेता के साथ वक्त बिता सकते। फिर यह तय हुआ कि आप इतवार को काम नहीं करेंगे।

# कार्तिक-अनन्या ने 'जुम्मा चुम्मा दे दे' पर किया डांस



**मुंबई।** अभिनेता कार्तिक आर्यन जल्द ही फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी' में नजर आएंगे। इसमें उनकी जोड़ी अनन्या पांडे के साथ बनी है। समीर विद्वांस के निर्देशन में बन रही इस रोमांटिक फिल्म की शूटिंग खत्म हो गई है। करण जौहर इस फिल्म का निर्माण कर रहे हैं। अब इस बीच अनन्या और कार्तिक का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें दोनों को 'जुम्मा चुम्मा दे दे' गाने पर थिरकते हुए देखा जा सकता है। वीडियो में अनन्या और कार्तिक को साथ में साल 1991 में आई फिल्म 'हम' के सुपरहिट गाने 'जुम्मा चुम्मा दे दे' गाने में नाचते हुए देखा जा सकता है। इस गाने को असल में अमिताभ बच्चन और किमी काटकर पर फिल्माया गया था। 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' की बात करें तो इस फिल्म को अगले साल वैलेंटाइन डे के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। फिल्म 13 फरवरी, 2026 को दर्शकों के बीच आएगी।

# टाइगर श्रॉफ से लेकर संजय दत्त तक 'बागी 4' के लिए किसने ली कितनी फीस?

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'बागी 4' आखिरकार सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। इस फिल्म में संजय दत्त, हरनाज संधू और सोनम बाजवा भी अपनी अदाकारी का तड़का लगा रहे है। फिल्म को समीक्षकों के साथ-साथ दर्शकों से बढ़िया प्रतिक्रिया मिली है और देखना होगा कि यह पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर कैसा प्रदर्शन करती है। आइए जानते हैं 'बागी 4' के लिए किस कलाकार ने कितनी फीस ली है।

***टाइगर को मिले 20 करोड़ रुपए :*** 'बागी 4' का बजट 70 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। इस फिल्म के लिए निर्माताओं से टाइगर 20 करोड़ रुपये चार्ज कर रहे हैं। वह एक बार फिर रॉनी के किरदार में दिख रहे हैं। फिल्म में उनका धाकड़ अवतार देखने को मिल रहा है। कहा जा रहा है कि संजय को इस एक्शन थ्रिलर फिल्म में अभिनय करने के लिए 5.5 करोड़ रुपये मिल रहे हैं। संजय फिल्म में खूंखार खलनायक की भूमिका में दिख रहे हैं।



### अन्य कलाकारों की फीस

*'बागी 4' में टाइगर की जोड़ी हरनाज के साथ बनी है और यह पहला मौका होगा, जब ये दोनों कलाकार पर्दे पर साथ दिखाई दे रहे हैं। इस फिल्म के लिए हरनाज को 1 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है। सोनम ने भी फिल्म के लिए 1 करोड़ रुपये की फीस ली है। श्रेयस तलपड़े को इस फिल्म के लिए 1 करोड़ रुपये और सौरभ सचदेवा को 50 लाख रुपये दिए गए हैं।*

## 'ऑफिसर ऑन ड्यूटी' सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म का खिताब हासिल किया था

# 'लोकाह' से पहले इन मलयालम फिल्मों ने की ताबड़तोड़ कमाई

***मुंबई।** इन दिनों सिनेमाघरों में इस समय 'कुली', 'हृदयपूर्वम' और 'लोका चैप्टर 1', 3 चर्चित फिल्में मौजूद हैं। हालांकि, मोहनलाल और रजनीकांत जैसे सितारों के बीच प्रियदर्शन की बेटी कल्याणी प्रियदर्शन की कम बजट में बनी फिल्म 'लोकाह चैप्टर 1' बॉक्स ऑफिस पर सबसे ज्यादा कमाल कर रही है। इस सुपरहीरो मलयालम फिल्म के धमाकेदार प्रदर्शन के बीच आइए जानें मलयालम सिनेमा की कुछ ऐसी फिल्मों के बारे में, जिन्होंने कम बजट में बॉक्स ऑफिस पर ताबड़तोड़ कमाई की।*

### 'मंजुम्मेल बॉयज'

सच्ची घटना पर आधारित मलयालम फिल्म 'मंजुम्मेल बॉयज' का भी बॉक्स ऑफिस पर खूब बोलबाला रहा। फरवरी 2024 यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी, जिसने रिलीज के साथ ही बॉक्स ऑफिस पर हंगामा मचाना शुरू कर दिया था। फिल्म में सौबिन शाहिर और श्रीनाथ भासी जैसे कलाकारों ने अहम भूमिका निभाई। 20 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने भारत में 141 करोड़ रुपये कमाए थे। यह फिल्म जियो हॉटस्टार पर देखी जा सकती है।

### 'दृश्यम'

साल 2013 में आई मलयालम फिल्म 'दृश्यम' ने न केवल मलयालम सिनेमा बल्कि पूरे भारतीय बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा दी थी। फिल्म में मोहनलाल लीड रोल में नजर आए थे।

जियो हॉटस्टार और यूट्यूब पर मौजूद इस फिल्म ने कई बड़े रिकॉर्ड बनाए। 5 करोड़ रुपये की लागत वाली इस फिल्म की कमाई 75 करोड़ के पार पहुंच गई थी। इस जबरदस्त सफलता के बाद इसी नाम से बॉलीवुड में इसका रीमेक बना, जिसके हीरो अजय देवगन थे।



### 'आवेशम' और 'प्रेमलु'

मलयालम एक्शन कॉमेडी फिल्म 'आवेशम' का निर्माण फहाद फासिल ने किया था और इसके हीरो भी वो खुद ही थे। 'आवेशम' का बजट लगभग 30 करोड़ रुपये था और इसने बॉक्स ऑफिस पर 156 करोड़ से ज्यादा की कमाई की थी। अमेजन प्राइम वीडियो और जियो हॉटस्टार पर यह फिल्म मौजूद है। दूसरी ओर 3 करोड़ रुपये के बजट में बनी रोमांटिक कॉमेडी फिल्म 'प्रेमलु' ने 136 करोड़ रुपये कमाए थे। ये फिल्म जियो हॉटस्टार पर है।

### 'ऑफिसर ऑन ड्यूटी'

मलायलम थ्रिलर फिल्म 'ऑफिसर ऑन ड्यूटी' ने बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई की थी। फिल्म के हर मोड़ पर खतरनाक ट्विस्ट देखकर दर्शकों की आंखें खुली रह गई थीं। कुंचाको बोबन, प्रियामणि और ऐश्वर्या राज ने इसमें अहम भूमिका निभाई है। मात्र 10 से 12 करोड़ रुपये के बजट में बनने वाली इस फिल्म ने 55 करोड़ रुपये की कमाई कर केरल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म का खिताब हासिल किया था। नेटफ्लिक्स पर ये फिल्म मौजूद है।




## शास्त्र विश्वविद्यालय के डीन को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार प्रदान किया गया

**तंजावुर।** कंप्यूटिंग के डीन और प्रोफेसर डॉ. शंकर श्रीराम ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की उपस्थिति में भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू से राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार प्राप्त किया। डॉ. श्रीराम इंजीनियरिंग शिक्षा श्रेणी में यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त करने वाले तमिलनाडु के एकमात्र शिक्षक हैं। इस पुरस्कार में सम्मान प्रमाण पत्र, पदक, 50,000 रुपये की नकद राशि शामिल है और इसे शिक्षक दिवस पर नई दिल्ली के विज्ञान भवन में एक शानदार समारोह में भारत के विभिन्न हिस्सों से आए 21 शिक्षकों को प्रदान किया गया। भारत के प्रधानमंत्री ने गत दिवस पुरस्कार विजेता शिक्षकों के साथ रात्रिभोज पर बातचीत की वहीं केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रधान ने भी 5 सितंबर को स्कूल शिक्षकों सहित सभी विजेताओं को बधाई देने के लिए रात्रिभोज का आयोजन किया।

# वीआईटी चेन्नई में 13वां वार्षिक दीक्षांत समारोह आयोजित

**चेन्नई।** वीआईटी चेन्नई का 13वां वार्षिक दीक्षांत समारोह शनिवार 6 सितंबर, 2025 को आयोजित किया गया। तमिलनाडु सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी एवं डिजिटल सेवा मंत्री डॉ. पलानीवेल त्याग राजन ने मुख्य अतिथि के रूप में दीक्षांत समारोह में भाग लिया और रैंक धारकों और पीएचडी शोधार्थियों को पदक और उपाधि प्रमाण पत्र प्रदान किए। शेली सालेहिन, बांग्लादेश के उप उच्चायुक्त, बांग्लादेश उप उच्चायोग, चेन्नई, मुख्य अतिथि थे। वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (वीआईटी) के संस्थापक एवं कुलाधिपति डॉ. जी. विश्वनाथन ने दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता की। वीआईटी के उपाध्यक्ष श्री शंकर विश्वनाथन और डॉ. जी.वी. सेल्वम ने दीक्षांत समारोह में भाग लिया।

डॉ. पलानीवेल त्याग राजन ने संबोधन में, लिंग, समुदाय और धर्मों के आधार पर सभी के लिए शिक्षा तक सार्वभौमिक पहुँच के महत्व पर बल दिया। डॉ. पलानीवेल थियागा राजन ने युवाओं से अपने दृष्टिकोण और मार्ग पर चलने की अपील की। उन्होंने कहा कि शिक्षा से लोगों का समाज के प्रति एक नरम दृष्टिकोण विकसित होना चाहिए और तकनीकी संस्थानों में मानविकी, सामाजिक विज्ञान और विधि की शिक्षा प्रदान करने की अवधारणा महत्वपूर्ण है।




उन्होंने याद दिलाया कि एक सदी से भी पहले तमिलनाडु में सभी लड़कों और लड़कियों के लिए अनिवार्य शिक्षा लागू की गई थी। मंत्री ने कहा, "एक सदी से भी अधिक समय से, हम तमिलनाडु में देख रहे हैं कि शिक्षा अच्छे सामाजिक परिणामों की कुंजी है। सामाजिक न्याय और समानता की अवधारणाएँ शिक्षा तक समान पहुँच से शुरू होती हैं और इस अर्थ में, मैं डॉ. जी. विश्वनाथन की दशकों पहले की उनकी दूरदर्शिता और तमिलनाडु तथा देश के अन्य हिस्सों में शिक्षा की सूरत बदलने के उनके तरीके की सराहना करता हूँ।

इस अवसर पर श्री सालेहिन ने कहा कि चरित्र और प्रतिभा युवाओं के लिए दो सबसे महत्वपूर्ण गुण हैं। उन्होंने कहा कि दीक्षांत समारोह न केवल छात्रों के लिए, बल्कि उनके अभिभावकों और शिक्षकों के लिए भी एक उत्सव होता है, जिन्होंने हमेशा उनका साथ दिया।

वीआईटी के संस्थापक एवं कुलाधिपति डॉ. जी. विश्वनाथन ने कहा कि यदि इतने सारे युवा गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा प्राप्त कर पा रहे हैं, तो इसका मुख्य कारण अभिभावकों का निवेश है। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकारों से शिक्षा, विशेषकर उच्च शिक्षा में और अधिक निवेश करने की अपील की। लगभग 6,581 स्नातक, स्नातकोत्तर और शोधार्थियों ने अपनी उपाधियाँ प्राप्त कीं।

वीआईटी के कुलपति डॉ. वी.एस. कंचना भास्करन, वीआईटी चेन्नई के प्रो-कुलपति डॉ. टी. त्यागराजन, वीआईटी वेल्लोर के प्रो-कुलपति डॉ. पार्थ शरथी मलिक, वीआईटी के रजिस्ट्रार डॉ. टी. जयाबरथी ने दीक्षांत समारोह में भाग लिया।

## भारत का मान बढ़ाने में हमारे गुरूजनों का बहुत महत्वपूर्ण योगदान : मंत्री सिंह

भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में बेहतर कार्य करने वाले शिक्षक हुए सम्मानित

# किसी ने प्रयास कर बच्चों में जगाई शिक्षा की अलख, किसी ने नई पद्धति से बनाया होनहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

देश दुनिया में भारत का मान बढ़ाने में हमारे गुरूजनों का बहुत महत्वपूर्ण योगदान है। यह शिक्षकों के आशीर्वाद और समर्पण का ही प्रतिफल है कि दुनिया के किसी भी देश में अच्छे शिक्षक की बात होती है, तो उसमें भारतीय भी होते हैं। यह बात स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने शुक्रवार को भोपाल के आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह के स्वागत उद्बोधन को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि आज जीवन के हर क्षेत्र में सक्रिय व्यक्तियों का सामर्थ्य शिक्षकों और माता-पिता के आशीर्वाद और समर्पण का प्रतिफल है। उनके प्रति आदरांजलि देना समाज का परम कर्तव्य है।

### बच्चों को यह मार्गदर्शन देते हैं कि बड़े संस्थानों तक कैसे पहुंचे



बालाघाट के शासकीय मॉडल स्कूल के शिक्षक सौरभ कुमार शर्मा ने बताया कि वह वर्ष 2015 से स्कूल शिक्षा विभाग में सेवाएं दे रहे हैं। तब स्कूल में विद्यार्थियों की संख्या 248 थी। आज यह 692 पहुंच गई है। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय, एनआईटी, आईआईटी जैसे शैक्षणिक संस्थानों में बच्चे सेलेक्ट हुए हैं। हमने स्कूल में मेंटॉरशिप की एक चेन तैयार की है। जिसके तहत शिक्षक बच्चों को यह मार्गदर्शन देते हैं कि बड़े संस्थानों तक कैसे पहुंचे।

### डिजिटल साक्षरता और नैतिक मूल्यों को बढ़ावा दिया



शाजापुर के सदर वल्लभभाई पटेल सांदीपनी स्कूल के शिक्षक दिलीप जायसवाल बताते हैं। उन्होंने शिक्षण को पाठ्यपुस्तकों से आगे ले जाते हुए विद्यार्थियों में डिजिटल साक्षरता और नैतिक मूल्यों को बढ़ावा दिया। उन्होंने हुक टीचिंग मेथड और श्सेल्फी स्टैंड प्रोजेक्ट जैसे नवाचारी तरीकों से छात्रों में सीखने की जिज्ञासा जगाई।

### *1100 बालिकाओं को शिक्षा से जोड़कर प्राथमिक और उच्च शिक्षाएं दिलवाई*



*मंदसौर के शासकीय हाई स्कूल की शिक्षिका डॉ. सुनीता गोधा ने बताया कि स्कूल में छात्र संख्या काफी कम थी। इसके बाद डॉ. गोधा ने गरीब तबके की युवतियों को शिक्षा के क्षेत्र से जोड़ने का काम किया। उन्होंने 25 सालों के दौरान 1100 बालिकाओं को शिक्षा से जोड़ा।*

सभी यात्री सुरक्षित, सड़क निर्माण कंपनी की लापरवाही

# निर्माणाधीन मार्ग में बस घुसी, बड़ा हादसा टला

▶▶ गौरेला पेंड्री मरवाही



बीती शाम उस समय हड़कंप मच गया। जब एक सवारियों से भरी तेज रफ्तार यात्री बस निर्माणधीन सड़क पर घुस गई। बस एक ओर झुक गई। आनन-फानन में सभी यात्रियों को बस से बाहर निकाला गया। पास ही निर्माणाधीन सड़क कंपनी के क्रेन से बस को सुरक्षित निकाला गया।

तब कहीं लोगों ने राहत की सास ली है। मामला केंवची गौरेला मुख्यमार्ग का है, जहां पर बीती शाम एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। जब सवारियों से भरी जय माँ खैरावाली यात्री बस जो मंडला से चलकर अमरकण्टक होते हुए केंवची मार्ग से गौरेला आ रही थी। उसी दौरान केंवची और गौरेला के बीच चल रहे नेशनल हाइवे 45 में सड़क निर्माण कार्य के दौरान ठेका कंपनी के लोगों के द्वारा सड़क निर्माण से संबंधित कोई भी सूचना बोर्ड नहीं लगाया गया, जिसके चलते सवारियों से भरी यात्री बस निर्माणाधीन सड़क पर घुस गई और सड़क के दोनों ओर गड्ढे होने के चलते झुकते जा रही थी।

रातीबड़ और बैरसिया रोड पर कार्रवाई

## खनिज के 22 अवैध उत्खनन-परिवहन पर लगाया डेढ़ करोड़ का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के रातीबड़ और बैरसिया रोड पर खनिज के अवैध उत्खनन का काम किया जा रहा है, जिससे सरकार को करोड़ों रुपए की रायल्टी का नुकसान हो रहा है। जिसको देखते हुए खनिज विभाग ने 22 मामले पकड़े गए हैं। जिसमें 3 अवैध उत्खनन, 2 अवैध भंडारण, 17 अवैध परिवहन केस दर्ज किए गए हैं। खनिज निरीक्षक सुचि माथुर का कहना है कि करीब डेढ़ करोड़ से ज्यादा का जुर्माना लगाया गया है। अवैध खनन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर रहे हैं।

30+ साल की विरासत को 'क्वालिटी भी, किफ़ायत भी' संदेश के साथ मजबूत किया

# कृति कुकिंग आयल का नया कैंपेन और पैकेजिंग लॉन्च

**इंदौर।** कृति न्यूट्रिएंट्स लिमिटेड के द्वारा उत्पादित कृति कुकिंग आयल, जिसने पिछले 30 से भी अधिक वर्षों से उपभोक्ताओं का विश्वास जीता है, ने आज अपना नया ब्रांड कैंपेन और पैकेजिंग लॉन्च किया। यह कैंपेन ब्रांड की मुख्य सोच – "क्वालिटी भी, किफायती भी" – पर आधारित है, जो प्रत्येक भारतीय परिवार की मूलभूत आवश्यकता है।



नए कैंपेन की थीम "क्वालिटी और किफ़ायत" इस सोच को परिभाषित करता है कि किफ़ायत का मतलब सस्ता नहीं, बल्कि "वैल्यू-फॉर-मनी" यानी स्मार्ट और सही चयन है। स्वतंत्र लैब सर्टिफिकेशन के आधार पर, यह सिद्ध हुआ है कि कृति सोयाबीन तेल अन्य पैक्ड तेल की तुलना में करीब 11% तक कम लगता है, जिससे खाना और भी स्वास्थकारी बनता है और साथ ही कृति तेल अन्य तेल के मुकाबले अधिक चलता है ।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए कृति न्यूट्रिएंट्स लिमिटेड के सीईओ श्री प्रफुल अंचलिया ने कहाः "पिछले तीन दशकों से कृति कुकिंग आयल भारतीय रसोई का हिस्सा रहा है। हमारा नया कैंपेन हल्के-फुल्के हास्य पर आधारित है, जिसके जरिए हम यह संदेश दे रहे हैं कि कृति कुकिंग आयल का चुनाव करने पर ग्राहकों को क्वालिटी और किफ़ायत दोनों एक साथ मिलते हैं। (हमारे ब्रांड की असली पहचान है स्वाद स्वास्थ और किफ़ायत का सही संतुलन) हमने तीन मनोरंजक फिल्में बनाई हैं जो अलग-अलग उपभोक्ता समूहों – पारंपरिक परिवारों, आधुनिक शहरी परिवारों और युवाओ – को ध्यान में रखकर तैयार की गई हैं।"

33वीं वर्षगांठ का जश्न मनाने के लिए, ब्रांड ने कृति सोयाबीन तेल के हर 13/15 लीटर एवं किलो जार के साथ आकर्षक करछी फ्री दे रही है। इस पहल का उद्देश्य गृहिणियों और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक परिवारों के साथ कृति के रिश्ते को और मजबूत करना और उनके निरंतर विश्वास के लिए धन्यवाद कहना है।

सोयाबीन तेल के अलावा, कृति कुकिंग तेल रेंज में रिफ़ाइंड सनफ्लॉवर, फ़िल्टर्ड ग्राउंडनट और कच्ची घानी सरसों तेल भी शामिल है, इसके अतिरिक्त सोया बड़ी भी प्रोडक्ट में शामिल है । नए कैंपेन और पैकेजिंग के साथ, कृति कुकिंग आयल अपनी छवि को एक भरोसेमंद, प्रीमियम और फिर भी किफ़ायती ब्रांड के रूप में और मजबूत करने जा रहा है।

## सिंघार अवसरवादी आदिवासी, चुनावी हिन्दू

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी ने नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के बयान पर कहा कि उमंग सिंघार ने जनजातीय समाज को भ्रमित करने का काम किया है। देश और प्रदेश की आदिवासी समाज से माफी मांगने की बजाय वे लगातार अपने बयान पर कायम हैं और कह रहे हैं कि उनके बयान पर पार्टी नेताओं का भी समर्थन है। उमंग सिंघार जनजातीय समाज को भ्रमित कर विभाजनकारी राजनीति कर रहे हैं। उमंग सिंघार का बयान आदिवासी धार्मिक अस्मिता को ठेस पहुंचाने, समाज विरोधी और देश तोड़ने वाला है।

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें:- 9202613238, 9229187457 (रायपुर/19/सितम्बर/25)

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**वैवाहिकी**

**वर चाहिए**

वर चाहिए- जाति बंधन नहीं - उम्र 62 वर्ष, हाइट- 5'4'', M.A.,B.ed, गवर्नमेंट टीचर (रिटायर्ड) मासिक पेंशन- 65,000/- सुंदर, सुशील महिला हेतु विदुर तलाकशुदा घर जमाई सभी वर मान्य है संपर्क 7083617207 (1145)

**वधु चाहिए**

वधु चाहिए- बंगाली डायवोसी विदुर 40/5'3" इलेक्ट्रिकल कॉन्टेक्टर प्रतिमाह इनकम- 50000/- हेतु वधु चाहिए। जातिबंधन नहीं ,बच्चे वाले संपर्क ना करें (मैरिज ब्यूरो क्षमा करें) मो.-98262 94381, 9389024361 (671)

**हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें**

**मों. 9340637789**

## राशिफल

**मेष** – मन में नकारात्मक विचारों से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। माता का सानिध्य मिलेगा।

**वृष** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। संगीत में रुचि हो सकती है।

**मिथुन** – भागदौड़ अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अनियोजित खर्चों में वृद्धि हो सकती है। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**कर्क** – क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह** – नौकरी में तरक्की के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। यात्रा पर जाना हो सकता है। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**कन्या** – धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार का विस्तार हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**तुला** – व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। धन की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** – क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। माता से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**धनु** – पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** – आलस्य की अधिकता रहेगी। कारोबार का विस्तार होगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बहन-भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ** – कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। बातचीत में संयत रहें।

**मीन** – शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा, परन्तु शैक्षिक कार्यों में कठिनाई भी आ सकती है। जीवनसाथी से मतभेद बढ़ सकते हैं। सुखद समाचार मिलेगा।

## शहीद वन कर्मियों की याद में पौधरोपण 11 को

**भोपाल।** मप्र कर्मचारी मंच वन विभाग 11 सितंबर को राष्ट्रीय वन शहीद दिवस पर शहीद कर्मचारियों के याद में कान्हा कुंज पार्क बंजारी कोलार में पौधारोपण करेगा। मंच के प्रदेशाध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि वन कर्मचारी मंच ने निर्णय लिया है कि पिछले 20 साल में शहीद हुए 56 वन कर्मचारियो की याद में 56 पौधे रोपण कर वन शहीदों की याद को चिरस्थाई बनाया जाएगा।

## 'चूहों से मासूमों की मौत सरकार का अपराध': कांग्रेस

**भोपाल।** इंदौर के महाराजा यशवंतराव (एमवाय) अस्पताल में दो नवजात शिशुओं की चूहों के काटने से मौत की घटना कोलेकर कांग्रेस आक्रामक है। मध्य प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक ने कहा कि यह कोई दुर्घटना नहीं बल्कि भाजपा सरकार की भ्रष्ट व्यवस्था, आपराधिक लापरवाही और अमानवीयता का नतीजा है।

## शब्द पहेली - 5981



**बाएँ से दाएँ**
1.राजीव गांधी की पत्नी का नाम-3,2
4.उदारता,बडप्पन-4
7.भोजन,खाद्य पदार्थ-2
8.प्रहरी,रक्षा करने वाला-3
9.अपशिष्ट पदार्थ-2
10.कामदेव,चंद्रमा-4
11.नाड़ी,नस-2
13.जबरन,जबरदस्ती-3
14.वायदा,वचन-2
15.भवन,आलय-3
17.आर्ट,हुनर-2
19.ख्वाबगाह, आरामगाह, सोने का कमरा-5
22.उद्देश्यहीनता-5
25.परिणाम-2
26.अंजन,नेत्रांजन-3
28.सांझ,संध्या-2
29.अधीन-3
30.निश्चित-2
32.निष्ठावान,सत्तानिष्ठ-4
34.बेइमान,सेंधमार-2
36.दाम,मूल्य-3
37.एक छोटी सवारी गाड़ी-2
38.मुस्लिम कैलेंडर का एक महीना-4
39.अश्रु,आंसू-5

**ऊपर से नीचे**
1.स्वर्ण,कनक-2
2.गुजर करना-3
3.धैर्यवान-3,2
4.राशिचक्र की एक राशि-3
5.आंशिक भीगा हुआ-2
6.सामंजस्य-4
7.यायावर,बंजारा-5
10.चुनाव,वोटिंग-4
12.दुख,कष्ट-2
16.यज्ञ,होम-3
17.कमरा,रूम-2
18.उम्मीद,आस-2
20.जुड़वा-3
21.प्याला-2
22.हृदय,हार्ट-2
23.निकृष्टतर-4
24.बलवान,दमदार-5
25.स्वदेशवासी-5
26.आलसी,निठल्ली-4
27.बुरी आदत-2
31.भरोसा,विश्वास-3
33.आंचल,पल्लू-3
35.अंग्रेजी शराब का एक प्रकार-2
37.समय, वक्त-2

**शब्द पहेली -5980 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5991

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | | 3 | | | 8 | 7 |
| 8 | 7 | | 1 | | 5 | | | |
| | | 2 | | | 9 | | | 4 |
| | 6 | | | | 2 | | 3 | 5 |
| 3 | 8 | | 4 | 1 | 7 | | 2 | 9 |
| 2 | 4 | | 6 | | | | 1 | |
| 7 | | | 3 | | | 8 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 7 | 3 |
| 9 | 3 | | | 2 | | | 6 | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5990 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 |



# जब कोई अपना हो परेशान-तनावग्रस्त
# कुछ देर रहने दें उसे अपने मन के साथ

हम सभी के जीवन में परेशानियां और तनाव के क्षण आते रहते हैं। ऐसे में कुछ लोग दूसरों से सलाह लेने में असहज महसूस करते हैं, वे नहीं चाहते कि उनसे कोई सवाल पूछा जाए। वे कुछ समय तक अपने मन के साथ एकांत रहना चाहते हैं। इस कंडीशन में हमें अपने अजीज की भावनाओं का सम्मान करना चहिए।

कवर स्टोरी
डॉ. मोनिका शर्मा

बीते दिनों मशहूर कैनेडियन सिंगर जस्टिन बीबर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट इंस्टाग्राम पर खुलासा किया कि वह टूट चुके हैं। गुस्से की समस्या से जूझ रहे हैं। जस्टिन ने अपनी मानसिक सेहत को लेकर भी चिंता जताई। दुनिया भर में मशहूर इस सिंगर ने अपनी पोस्ट में लिखा कि 'लोग मुझे ठीक होने के लिए कहते रहते हैं। क्या आपको नहीं लगता कि अगर मैं खुद को ठीक कर सकता, तो मैं पहले ही कर चुका होता? मुझे पता है कि मैं टूट चुका हूं। मुझे पता है कि मुझे गुस्से की समस्या है। मैंने अपनी पूरी जिंदगी उन लोगों की तरह बनने की कोशिश की, जो मुझे कहते रहे कि मुझे उनके जैसा ठीक होना चाहिए। यही बात मुझे और ज्यादा थका देती है, ज्यादा गुस्सा दिलाती है।' अपनी एक दूसरी पोस्ट में जस्टिन यह भी कह चुके हैं कि 'मुझसे यह पूछना बंद करो कि मैं ठीक हूं या नहीं। मुझसे यह पूछना भी बंद करो कि मैं कैसा हूं? क्या कर रहा हूं? मैं जानता हूं कि हम सभी के लिए जीवन कठिन है। आइए हम अपने लोगों को प्रोत्साहित करें, न कि अपनी सुरक्षाओं को एक-दूसरे पर प्रोजेक्ट करें। हर बार आपकी चिंता देखभाल के रूप में सामने नहीं आती है। यह सिर्फ अजीब रूप से ऑप्रेसिव यानी चिंता और तकलीफ थोपने वाली भी हो सकती है।'

### उचित नहीं ज्यादा सवाल-सलाह

असल में जस्टिन के विचार आम लोगों के लिए भी सार्थक सलाह लिए हैं। इस युवा और चर्चित चेहरे की बातें किसी अपने-पराए के जीवन में आई हैरान-परेशान करने वाली परिस्थितियों में हरदम कुछ पूछते रहने के बर्ताव पर लगाम लगाने की जरूरत को रेखांकित करती हैं। समझना आवश्यक है कि उलझाऊ हालातों में, क्या चल रहा है? कैसा चल रहा है? कैसे हो? खुश क्यों नहीं दिखते हो? या टेंशनफ्री होने-रहने का प्रयास करो। जैसी सलाहों और सवालों का दोहराव हमारे प्रिय की मुश्किलों को और बढ़ा देता है। पहले से ही तकलीफ के घेरे में आए मन को और पीड़ा देने लगता है। डगमगाते मन से जूझते युवा और सशंकित हो जाते हैं। अपने ही जीवन की दिशा को लेकर घेरने वाली ये शंकाएं-आशंकाएं और भटकाने वाली साबित होती हैं। साथ ही मन में आक्रोश भी उपजने लगता है, कभी खुद के प्रति तो कभी उन अपनों-परायों को लेकर, जो बिन मांगी सलाहें देते हैं। हर समय सवाल पूछते हैं। सही गाइडेंस की जरूरत बताते हुए पहले से ही उलझे-बिखरे दिलो-दिमाग को और भटकाते हैं। ऐसे दौर में किसी भी इंसान को थोड़ा समय देना सही रहता है। समस्याओं से जूझ रहा इंसान चाहता है कि कोई बेवजह सवाल ना पूछे। आते-जाते तसल्ली ना दे। बात-बात में कोई नसीहत कोई राय ना मिले। ऐसी बातें और बर्ताव मददगार बनने के बजाय मनोभावों को और उलझाते हैं।

### संभलने का समय दें

मन हो या जीवन, किसी भी मोर्चे पर प्रतिकूल परिस्थितियों में पूछताछ करने वाले हमारे अपनों का इरादा हर बार गलत नहीं होता है। बावजूद इसके परेशान मन को संभलने का समय देने के बजाय जांच-पड़ताल करते रहने का व्यवहार मन को ठेस पहुंचाता है। इसीलिए जान-पहचान वाले घर में किसी व्यक्ति की नौकरी छूट जाए। उम्मीद के मुताबिक परीक्षा का परिणाम ना आए। रिश्ते-नाते टूट जाएं या कोई हारी-बीमारी घेर ले तो ऐसे में उनकी निजता का सम्मान करना जरूरी है। आमना-सामना होने पर असहज महसूस करवाने वाले प्रश्नों के बजाय संभलने का समय देना चाहिए। बहुत से लोग दूसरों से अपना सब कुछ नहीं बताना चाहते। ऐसी परिस्थितियों में कोई गाइडलाइन देने के बजाय गंभीरता से उनकी मनःस्थिति को समझना एक अच्छा तरीका है। बेहतर महसूस करने के बाद वे स्वयं आपसे अपनी बात साझा करने की सोचेंगे। अगर नहीं तो यह उनका अधिकार है कि वे कितना और क्या दूसरों को बताना चाहते हैं? युवा पीढ़ी अपने निजी जीवन में दूसरों की ताक-झांक को ज्यादा पसंद नहीं करती। ऐसे में समझना आवश्यक है कि आपका संवाद एकतरफा तो नहीं। आपके सवाल बहुत अधिक पर्सनल हुए तो अगले इंसान को असहज ही करेंगे। साथ ही बिन मांगी सलाह भी दूसरे के लिए भार और तनाव का कारण बन सकती है।





### समझें तनावग्रस्त व्यक्ति की मनोदशा

आज के दौर में अधिकांश लोग जो कुछ भी अपनों-परायों, परिचितों-अपरिचितों से साझा करना चाहते हैं, वह वर्चुअल दुनिया में मौजूद होता ही है। ऐसे में निजी समस्याओं को खुद तक रखकर अपनी प्राइवेसी चाहने वालों को परेशान करना सही नहीं होता है। देखा जाए तो कई बार निजी संबंधों में दूरियां आने की बड़ी वजह जरूरत से अधिक ऐसी दखलंदाजी भी होती है। ठीक जस्टिन की तरह ही किसी को यह कहना कि 'मेरी तरह रहो, मेरे जैसे बनो या इस हाल में यह करो, वह करो।' किसी भी व्यक्ति, खासकर युवाओं को नहीं भाता। ऐसा व्यवहार जीवन में दूरियां और मन में शिकायतें बढ़ाता है। खासकर जब यह पता ही ना हो कि अगला इंसान किन हालातों से जूझ रहा है। कुछ बातों पर गौर करते हुए उसकी मनोदशा को समझने का प्रयास करना उचित है। आपसे जुड़ा इंसान अगर आई कॉन्टेक्ट किए बिना बात करे, आते-जाते बचकर निकलने की सोचे, पूछने पर कुछ भी स्पष्ट कहने से बचे या शब्दों को घुमा-फिराकर अपनी बात रखे तो समझ जाइए कि वह अपनी परिस्थिति और मनःस्थिति को बताने में सहज नहीं है। कुछ समय के लिए ऐसे लोगों को उनके हाल पर छोड़ देना चाहिए। उनके दिलो-दिमाग को रिकवर होने का वक्त मिलना ही चाहिए। आगे सही समय देखकर उनके साथ संवाद की राह बनानी चाहिए। *



यह सही है कि तकनीक और आधुनिक महानगरीय जीवनशैली ने बेशुमार सुख-सुविधाएं प्रदान की हैं। लेकिन इन पर आश्रित होकर हद से अधिक आलसी या निष्क्रिय बने रहना आपको शारीरिक, मानसिक रूप से बीमार बनाने के साथ ही सामाजिक रूप से एकाकी भी कर सकता है।

# सही नहीं हद से अधिक निष्क्रियता

लाइफस्टाइल / चैतन्या

हाल ही में सोशल मीडिया पर एक पोर्टर डिलीवरी एजेंट का वीडियो वायरल हुआ। वीडियो में उसने बताया कि उसे दो मिनट की दूरी पर पार्सल पहुंचाने का ऑर्डर आया। इसके लिए डिलीवरी एजेंट ने हंसी-मजाक के सहज अंदाज में ग्राहक को आलसी कहा। स्वयं पोर्टर डिलीवरी एजेंट द्वारा बनाए गए वीडियो में वह बताता है कि ऑर्डर एक ही अपार्टमेंट के टॉवर सी से उठाकर टॉवर ई में देना था। यह दूरी इतनी कम थी कि पैदल चलकर सिर्फ दो मिनट में तय की जा सकती थी। यही वजह है कि डिलीवरी एजेंट मजाकिया लहजे में कहता है कि 'ये लोग इतने आलसी हैं कि सिर्फ एक बिल्डिंग से दूसरी बिल्डिंग में सामान पहुंचाने के लिए भी खुद नहीं चल सकते, इसके लिए भी पोर्टर बुक कर रहे हैं।' देखा जाए तो यह वाकया हंसकर टाल देने भर का लगता है। गंभीरता से सोचा जाए तो हमारी बदलती जीवनशैली और दूसरों पर बढ़ती निर्भरता की कड़वी सच्चाई से रूबरू करवाता है। ऐसी सच्चाई जो छोटे-छोटे काम भी खुद न करने के बर्ताव को सामने रखती है। हमारे चारों ओर कसते जाते आलस के घेरे की बानगी है।



**सेवाओं-सुविधाओं का विस्तार:** हाल के बरसों में जिंदगी को सहज बनाने वाली सर्विसेस बढ़ी हैं। सामान भिजवाना हो या मंगवाना, इन सुविधाओं का एक बड़ा बाजार बन गया है। गौरतलब है कि आमतौर पर शहर बदलने पर लोग सामान शिफ्ट करने के लिए पोर्टर सर्विसेस का इस्तेमाल करते हैं। पोर्टर एप की मदद से किसी भी तरह के सामान को बाइक या छोटे वाहनों के जरिए एक जगह से दूसरी जगह तक आसानी से पहुंचा दिया जाता है। एक ही शहर में लंबी दूरी के लिए भी ऐसी सर्विसेस बहुत काम की होती हैं। यही वजह है कि मामूली दूरी के लिए भी किसी सामान को खुद पहुंचाने की जहमत ना उठाने के बर्ताव से जुड़ा यह वाकया अजीब लगता है। चिंताजनक यह है कि ऐसी सर्विसेस पर निर्भर होने वाले लोगों के आंकड़े तेजी से बढ़ रहे हैं। सेवाओं-सुविधाओं का यह विस्तार खुद इंसानों के मूवमेंट को समेटने लगा है।


**निर्भरता की अति के नुकसान:** व्यस्त जीवनशैली, तकनीकी विस्तार और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म की बढ़ती पहुंच के चलते ऐसी बहुत सी सुविधाओं पर डिपेंडेंसी बढ़ी है। व्यस्तता के साथ-साथ एक पहलू यह भी है कि अपने-अपने कोजी कॉर्नर में बैठे लोग अब सब्जी तक लेने घर से बाहर नहीं जाना चाहते। क्लिक भर में ऑर्डर कर फ्री हो जाने का काम सुविधाजनक लगने लगा है। अफसोस कि यह स्थिति शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य पर तो नेगेटिव असर डालती ही है, सामाजिक फ्रंट पर भी इसके कई नुकसान हैं। फूड डिलीवरी एप्स के जरिए दस मिनट में कुछ भी मंगा लेने की सुविधा लोगों में हरदम कुछ ना कुछ खाते रहने की आदत भी डाल रही है। बहुत से लोगों को ऑनलाइन शॉपिंग की लत लग रही है। अनचाहा सामान भी ऑर्डर किया जा रहा है। देखा जाए तो यह स्थिति साइकोलॉजिकल निर्भरता बढ़ने से जुड़ा पहलू भी लिए है। जिसका मेंटल हेल्थ पर भी बुरा असर पड़ता है। धीरे-धीरे आलस के कारण हर तरह की रचनात्मकता और सक्रियता भी खत्म होने लगती है। चिंता, अवसाद और तनाव जैसी प्रॉब्लम्स जड़ें जमाने लगती हैं। सब कुछ घर बैठे ऑर्डर कर देने की आदत हो जाए तो सामाजिक गतिविधियों में भी भागीदारी कम होने लगती है। इसीलिए इस तरह की डिपेंडेंसी की सीमा तय करना आवश्यक है।

**किसी बहाने बने रहें सक्रिय:** कोई भी सुविधा जब आदत बनकर हद से ज्यादा निर्भर बनाने लगे तो चेत जाना चाहिए। जरूरत से ज्यादा निर्भर होना केवल सुविधा का लाभ लेना भर बल्कि अपनी क्षमताएं खो देने के हालात पैदा करता है। इसीलिए सक्रिय बने रहना जरूरी है। अपने काम-काज निपटाने के लिए एक्टिव रहना शारीरिक ही नहीं मानसिक और सामाजिक रूप से सक्रिय रहने से भी जुड़ा है। आस-पास के बाजार तक जाना या आस-पड़ोस के किसी घर में कोई सामान लेने या पहुंचाने जाना इंसानी जीवन का सहज हिस्सा रहा है। इन एक्टिविटीज से सामाजिक संबंध बनते हैं। एक्टिव रहने के बहाने तलाशिए। हर काम के लिए उपलब्ध सुविधाओं के इस दौर में खुद को निष्क्रियता से बचाने के लिए खास कोशिशें करने की दरकार है। *

इमोशंस / अंतरा पटेल

आमतौर पर आंसू बहाने को कमजोरी की निशानी और न रोने वाले को कठोर हृदयी मान लिया जाता है। लेकिन वास्तव में आंसू केवल मन की अभिव्यक्ति होते हैं, जो कई बार हमारे मन का उपचार भी करते हैं।

# आंसुओं से बयां होती है मन की सच्ची हकीकत



कई लोग ऐसे होते हैं, जिन्हें आसानी से रोना नहीं आता है। उनके किसी रिलेटिव या करीबी की डेथ हो जाए तब भी नहीं रोते। जब उनका कहीं अपमान हो जाए या उन्हें गहरा सदमा लगे या कोई गंभीर नुकसान हो जाए वे तब भी नहीं रोते। जिन अवसरों जैसे-अंतिम संस्कार, विदाई या भावनात्मक फिल्म देखते हुए, जब अधिकतर लोग रोते हैं, उन पर भी उनके आंसू नहीं छलकते। हालांकि उनकी आंखों में आंसू होते हैं, लेकिन वो आंखों से छलकते नहीं। तो क्या इससे यह साबित होता है वे भावनाशून्य इंसान होते हैं? शायद ऐसे ही कठोर या कहें मजबूत मन वाले लोगों के लिए सुदर्शन फाकिर ने यह शेर कहा है, 'आप कहते थे कि रोने से न बदलेंगे नसीब/उम्र भर आपकी इस बात ने रोने न दिया।' इनसे उलट कुछ लोग ऐसे भी होते हैं, जो अपनी भावनाओं को, आंसुओं को छिपाते नहीं हैं। जैसे एक बार टेनिस स्टार अमांडा अनिसिमोवा विंबलडन फाइनल में हारने के बाद सबके सामने फूट-फूट कर रो पड़ी थीं। सैंकड़ों लोगों और कैमरों के जरिए पूरी दुनिया के सामने भी उन्होंने अपने आंसुओं को रोकने का प्रयास नहीं किया और न ही चेहरे पर दिखावटी मुस्कान लाने की कोई कोशिश की थी। कुछ लोगों को उनका ऐसे रोना, अजीब या कहें अनुचित लगा। लेकिन वास्तव में देखा जाए तो अमांडा के रोने में सच्चाई थी और बहादुरी भी। वास्तव में सबके सामने रोने वालों और न रोने वालों को लेकर समाज में अलग-अलग तरह की राय रखी जाती है।

**मानते हैं कमजोरी का लक्षण:** आमतौर पर रोने को, कमजोरी या अत्यधिक भावुकता या नियंत्रण के खोने से जोड़ते हैं। विशेषकर पुरुषों के संदर्भ में कहा जाता है कि 'मर्द रोते नहीं हैं।' बचपन में जब कोई लड़का रोता है तो उससे कहा जाता है, 'लड़कियों की तरह रोना बंद करो।' रोने को लड़कियों का एक्सक्लूसिव गुण मान लिया गया है। ऐसे जुमले केवल लड़कों या पुरुषों को नीचा दिखाने के लिए ही नहीं बल्कि लड़कियों या स्त्रियों का भी अपमान हैं। घर और स्कूल में बच्चों की इस सोच के साथ परवरिश की जाती है कि संयम (या बर्दाश्त) का अर्थ ताकत है और आंसू बहाना, कमजोरी या अस्थिरता की निशानी है।

**गम-खुशी में छलकते हैं आंसू:** वास्तव में रोना हमारी सोच और धारणा से कहीं अधिक जटिल है। यकीनन दुःख (जो किसी के निधन पर होता है) रोने का सबसे आम कारण है। लेकिन लोग कुंठा, पीड़ा, असफलता या भयंकर अपमान के कारण भी रोते हैं। इसी के साथ खुशी के आंसुओं को कैसे अनदेखा किया जा सकता है? शतरंज का विश्व कप (महिला) जीतने के बाद दिव्या देशमुख खुशी से रो पड़ी थीं। हालांकि वह जब पिछली प्रतियोगिता में हार गई थीं, तब नहीं रोई थीं, लेकिन विजयी होने पर रोईं। अकसर राहत, बड़ी सफलता, अत्यधिक खुशी भी दुःख जितना ही हमें भाव-विभोर कर देती है। बड़े-बड़े नेता, कलाकार, खिलाड़ी सार्वजनिक मंच पर रो पड़ते हैं। असम के बाढ़ पीड़ितों का हाल सुनाते हुए हेम बरुआ संसद में रोए थे। अपनी फेयरवेल स्पीच देते हुए क्रिकेटर राहुल द्रविड़ रोए थे। आंसुओं ने इन लोगों को छोटा नहीं कर दिया। आंसुओं ने उन्हें अधिक संवेदनशील मनुष्य और भावनाओं से जुड़ा हुआ साबित किया।

**मन का उपचार करे आंसू:** रोना दवा की तरह भी काम करता है। बड़े-बुजुर्ग कहते हैं कि रोने से गम हल्का हो जाता है। चिकित्सा विज्ञान भी यही कहता है, भावनात्मक आंसुओं में स्ट्रेस हॉर्मोन होते हैं। रोने से तनाव कम हो जाता है, नर्वस सिस्टम को आराम मिलता है और राहत का अहसास होता है। इसलिए लोग कहते हैं, 'रोने के बाद हल्का महसूस हो रहा है।' जापान में तो रोने के लिए क्लब भी बने हैं, जहां लोग साथ रोने के लिए एकत्र होते हैं। इस प्रथा को 'रुई-कत्सु' (आंसुओं की तलाश) कहते हैं।

कहने का सार है कि हमें आंसुओं को कमजोरी की निशानी के तौर पर नहीं देखना चाहिए कि व्यक्ति ने अपने ऊपर का नियंत्रण खो दिया है। बल्कि यह समझना चाहिए कि आंसू व्यक्ति की सच्ची अभिव्यक्ति है। आज जब हम सब दिखावे के युग में जी रहे हैं, बनावटी सोशल मीडिया के विभिन्न माध्यमों पर। ऐसे संसार में सच्चे आंसू ही इंसान की सच्ची अभिव्यक्ति है, जो साबित करते हैं कि हम इंसान हैं। *

गीत / कृष्ण बिहारी

## क्या लिखोगे



देवता बनकर दिखोगे, क्या लिखोगे?
देवता बनकर लिखोगे, क्या लिखोगे?
सादगी से पूर्ण रचना एक भी तो जन नहीं पाए,
सच कहूं तो आदमी भी इसलिए तुम बन नहीं पाए।
खोजकर अमृत पियोगे, क्या लिखोगे?
देवता बनकर दिखोगे, क्या लिखोगे?
जो अहर्निश एक घातक विष पिएगा वह रचेगा,
छटपटाई मौत मरकर जो जिएगा वह बचेगा।
तुम शहीदाना जियोगे, क्या लिखोगे?
देवता बनकर लिखोगे, क्या लिखोगे?
कोरे कागजों पर तुमने बस चिड़िया उड़ाई है,
अबतलक समझे नहीं यह भी कि झूठी कमाई है।
रद्दियों जैसे बिकोगे, क्या लिखोगे?
देवता बनकर लिखोगे, क्या लिखोगे?

व्यंग्य
केदार शर्मा

धीरे-धीरे ऐसे लोगों की संख्या में इजाफा होता जा रहा है, जिनके लिए रील अगर शमा है, तो वे उसके परवाने हैं। रील ही इनका धर्म, कर्म और मर्म है, जान है, मान है और सम्मान है। जिनका श्रम, समय और डेटा, सब कुछ रीलों पर कुर्बान है।

# रील की झील में डूबते लोग



वैश्विक स्तर पर भारत डेटा उपयोग में दुनिया का नंबर एक देश बना हुआ है, यह समाचार अखबार में पढ़कर गर्व से मस्तक ऊंचा हो गया। दरअसल डेटा, स्क्रीन पर चलने वाली समस्त गतिविधियों का ईंधन है। अगर डेटा न हो तो स्क्रीन की हालत धोबी के कुत्ते जैसी हो जाए, जो न घर का रहता, न घाट का। इस समय डेटा का थोक में उपयोग सबसे लोकप्रिय गतिविधि रील बनाने और देखने में भरपूर हो रहा है। धीरे-धीरे ऐसे लोगों की संख्या में इजाफा होता जा रहा है, जिनके लिए रील अगर शमा है, तो वे उसके परवाने हैं। रील ही इनका धर्म, कर्म और मर्म है, जान है, मान है और सम्मान है। जिनका श्रम, समय और डेटा, सब कुछ रीलों पर कुर्बान है। सुबह बिस्तर से उठने से लेकर रात को सोने तक ये रील-रानी के संग ही उठते-बैठते हैं।

कई बार तो हैरतअंगेज रीलें देखकर दांतों तले अंगुली दब जाती है। प्री-वेडिंग शूटिंग में वर-वधु के बकरा-बकरी की आवाज निकाल कर उनके पोज में एक-दूसरे को प्रपोज करते हुए, क्लास रूम में डांस करती शिक्षिका की, गधे पर उल्टा बैठकर दौड़ाने वाली टाइप, एक से बढ़कर एक अनगिनत रीलें इंस्टाग्राम, यू-ट्यूब और फेसबुक के आकाश में बेरोक-टोक पतंगों की तरह मंडरा रही हैं। अभिव्यक्ति की बेलगाम, बेकाबू असीम और स्वच्छंद आजादी के एक साथ यहां दर्शन होते हैं। इनमें से ही कुछ लोग रील देखते-देखते रील बनाने में उस्ताद बन गए हैं। वे ही इनके प्रोड्यूसर हैं और वे ही कैमरामैन। खेत हो या खलिहान, छत की मुंडेर हो या रेल की ट्रैक, समंदर हो या बवंडर, जो जगह दिल को भाए, वही स्टूडियो बन जाता है। अभिनय के लिए पत्नी-बच्चे ही पर्याप्त हैं। दो से पांच मिनट की रील के लिए क्या स्क्रिप्ट, क्या पटकथा? जरूरत है तो बस चटपटे, हैरतअंगेज और कभी-कभी मूर्खतापूर्ण करतबों की, गालियों की, कंचन-काया की माया के दर्शन कराने और कमर लचकाने की। रीलों ने हर हाथ और हर आंख को काम थमा रखा है। अगर कोई रील खूब वायरल हो गई, तो कमाई भी बल्ले-बल्ले होती है। रीलों की इस दुनिया के आगे 'रीयल' दुनिया फीकी, नीरस और बेमजा लगने लगी है। संस्कारों की दुनिया में भले ही मंदी हो, पर रीलों के सितारों पर बुलंदी है। संस्कारों की थाली भले ही खाली हो, पर रीलों की थाली नित नए मसालेदार 'व्यंजनों' से मालामाल है।

यह कहना बहुत मुश्किल है कि रील को हम बना रहे हैं या रील हमें बना रही है। रील को हम चला रहे हैं या रील हमें चला रही है। एक बार बिना सेंसर की इस गाड़ी में बैठने के बाद ढलान पर लुढ़काती हुई यह हमें कहां ले जाकर छोड़ेगी, भगवान ही मालिक है। कहीं हम रील युग में तो प्रवेश नहीं कर रहे हैं? कुछ भी हो बिना विवेक का इस्तेमाल किए इसमें सफर करने की लत लग गई तो गत का बिगड़ना सुनिश्चित है। रील की इस झील में जो एक बार डूबता है तो बस डूबता ही चला जाता है। रील देखने और बनाने की दीवानगी इस कदर हर उम्र और वर्ग के लोगों पर हावी है कि जैसे उन्हें अपने आस-पास किसी की सुध-बुध ही नहीं रहती, जैसे उनका पूरा अस्तित्व स्मार्टफोन के तल पर टिका गया है। *

पुस्तक चर्चा / विज्ञान भूषण

## निर्बंध-उदात्त प्रेम कविताएं



**तसलीमा नसरीन** जो भी लिखती हैं, वो निर्बंध, भयमुक्त और विचारों का नया आयाम खोलने वाला होता है। हाल में छपकर आई उनकी प्रेम कविताओं के अनुवाद की किताब 'यदि प्यार करो' में भी उनकी लेखनी का वही तेवर देख सकते हैं। वे प्रेम को मन की गहनतम अनुभूति मानती हैं, और इन्हें अभिव्यक्त करने से परहेज नहीं करती हैं। 'जब मेरे साथ तुम नहीं होते/मेरे साथ तब तुम सबसे ज्यादा रहते हो।' और 'तुम्हें देखने पर/मन करता है, शुरू से/शुरुआत करूं जीवन की।' जैसी भावप्रवण पंक्तियों के साथ ही वे इसकी जटिलता को भी बयां करती हैं 'कौन कहता है बहुत आसान है प्रेम/कि चाहो और हो जाए।' *

**पुस्तक:** यदि प्यार करो, **लेखिका:** तसलीमा नसरीन, **अनुवाद:** कल्लोल चक्रवर्ती, **मूल्य:** 199 रुपए, **प्रकाशक:** राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली

अगर आपकी है रचनात्मक लेखन में रुचि
अगर आप अपने आस-पास की बदलती दुनिया पर नजर रखते हैं। आप हटकर सोचते हैं, आपके भीतर विवेचन और लेखन की क्षमता है, आप पत्रकारिता-लेखन के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो जुड़िए दैनिक हरिभूमि से।
हमें दिल्ली में अपने फीचर विभाग के लिए आवश्यकता है-
- वरिष्ठ उप संपादक / उप संपादक
- प्रशिक्षु उप संपादक
- हिंदी टाइपिंग में कुशल ऑपरेटर भी आवेदन कर सकते हैं।
यथाशीघ्र अपना बायोडाटा मेल करें-
E-Mail: haribhoomifeaturedep@gmail.com
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से एक साथ प्रकाशित

# फिडे ग्रैंड स्विस: गुकेश को 14 साल के यागिज ने ड्रॉ पर रोका, वैशाली शीर्ष पर

एजेंसी ▶▶| समरकंद

विश्व चैंपियन भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश को फिडे ग्रैंड स्विस के दूसरे दौर में तुर्किये के 14 वर्षीय यागिज खान एर्दोगमस ने ड्रॉ पर रोका, जबकि गत चैंपियन आर वैशाली ने महिलाओं के वर्ग में शानदार प्रदर्शन किया। दो गेमों में जीत के साथ वह ऑस्ट्रिया की ओलगा बेडेल्का के साथ संयुक्त रूप शीर्ष पर हैं। ओपन वर्ग में गुकेश ने एर्दोगमस के खिलाफ जीत की स्थिति गंवा दी और अंततः ड्रॉ के लिए समझौता करना पड़ा, लेकिन शीर्ष वरीयता प्राप्त प्रज्ञानंद ने इवान जेनलियान्स्की को हराकर इस प्रतियोगिता में अपनी पहली जीत हासिल की।



## प्रज्ञानानंद ने की वापसी

*ओपन वर्ग में गुकेश ने एर्दोगमस के खिलाफ जीत की स्थिति से शुरुआत की थी, लेकिन वह अपनी लय बरकरार नहीं रख सके। दूसरी ओर, भारत के एक अन्य ग्रैंडमास्टर प्रज्ञानानंद ने वापसी की और रूस के जेनलियान्स्की के खिलाफ जीत हासिल करने में सफल रहे। जेनलियान्स्की फिडे झंडे के तले खेलने उतरे क्योंकि रूस पर प्रतिबंध लगा हुआ है। ओपन वर्ग में फ्रांस के अलिरेजा फिरोजा, ईरान के परहम माघसूदलो और स्लोवेनिया के एंटन डेमचेंको दो-दो अंकों के साथ संयुक्त बढ़त बनाए हुए हैं।*



## वैशाली के पास एकल बढ़त बनाने का मौका



महिलाओं के वर्ग में भारत की आर वैशाली ने विजयी अभियान जारी रखा और लगातार दो जीत दर्ज कर दो अंक लेकर वह संयुक्त रूप से शीर्ष पर पहुंचीं। रेटिंग में अपनी मजबूत स्थिति के कारण वैशाली के पास एकल बढ़त हासिल करने का मौका है। उन्होंने दो साल पहले यहां जीत दर्ज की थी और एक बार फिर खिताब की प्रबल दावेदार हैं। यह ग्रैंड स्विस का चौथा सत्र है, जहां दोनों वर्ग के शीर्ष दो खिलाड़ियों के पास अगले साल होने वाले फिडे कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई करने का मौका होगा। आठ खिलाड़ियों के कैंडिडेट्स टूर्नामेंट से विश्व चैंपियनशिप का अगला चैलेंजर तय होता है।

## खबर संक्षेप



### नफीस-रुद्रा ने जीता अंडर-19 खिताब

**जयपुर।** युशा नफीस और रुद्रा सिंह ने इंडियन जूनियर ओपन स्क्वाश चैंपियनशिप में क्रमशः लड़कों और लड़कियों के अंडर-19 वर्ग के खिताब जीते। इस साल की शुरुआत में एशियाई जूनियर टीम चैंपियनशिप में भारत की कांस्य पदक विजेता टीम का हिस्सा रहे नफीस ने रचित शाह को पांच गेम के रोमांचक मुकाबले में हराकर शीर्ष स्थान हासिल किया।लड़कियों के अंडर-19 फाइनल में रुद्रा ने व्योमिका खंडेलवाल को सीधे गेम में हराया।सप्ताह भर चले इस टूर्नामेंट में 12 स्पर्धाओं में 520 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और सभी आयु वर्गों के फाइनल के साथ इसका समापन हुआ।

### विश्व वुशु चैंपियनशिप : भारत का शानदार प्रदर्शन




**नई दिल्ली।** भारत ने ब्राजील में 17वीं विश्व वुशु चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें तीन महिला खिलाड़ी फाइनल में और दो पुरुष खिलाड़ी नाकआउट चरण में पहुंच गए। महिला वर्ग में अपर्णा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 52 किग्रा भार वर्ग में इंडोनेशिया की थारिसा डीया फ्लोरिएंटिना को हराकर फाइनल में जगह पक्की की। अपर्णा का अगला मुकाबला रविवार को स्वर्ण पदक के लिए वियतनाम की एनजी थी भुओंग नगा से होगा। करीना कौशिक ने 60 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में ब्राजील की नथालिया ब्रिकेसी सिल्वा को हराया। अब उनका मुकाबला चीन की शियाओवेई वू से होगा। शिवानी ने रूस की एकातेरिना वालचुक को हराकर 75 किग्रा वर्ग के फाइनल में अपनी जगह पक्की की, जहां उनका मुकाबला ईरान की शाहरबानो मंसूरियान सेमीरोमी से होगा।

### अफगानिस्तान ने यूएई को हराया



**शारजाह।** अफगानिस्तान ने टी20 त्रिकोणीय श्रृंखला में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) पर चार रन की रोमांचक जीत दर्ज की। अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 170 रन बनाए। इसके जवाब में यूएई एक समय टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत हासिल करने के करीब पहुंच गया था लेकिन आखिर में उसकी टीम पांच विकेट पर 166 रन ही बना सकी। यूएई को अंतिम ओवर में 17 रन चाहिए थे और पावर-हिटर आसिफ खान (40) ने आखिरी तीन गेंदों पर लक्ष्य को पांच रन तक पहुंचा दिया। लेकिन बाएं हाथ के तेज गेंदबाज फरीद अहमद ने संयम बनाए रखा और अगली दो गेंदों पर एक भी रन नहीं दिया। उन्होंने अंतिम गेंद पर आसिफ खान को लॉन्ग ऑफ पर कैच कराया। इस तरह से इस टूर्नामेंट में लक्ष्य का सफलतापूर्वक बचाव करने का सिलसिला भी जारी रहा।

## अमेरिकी ओपन : अल्काराज और सिनर के बीच खिताबी मुकाबला

# एक साल में तीसरी बार, सबसे बड़े मुकाबले में आमने-सामने दो दिग्गज



एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क । दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर और नंबर दो खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने अपना विजय अभियान जारी रखते हुए अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के फाइनल में जगह बनाई। यह इस वर्ष लगातार तीसरा अवसर होगा जबकि दुनिया के शीर्ष रैंकिंग वाले यह दो खिलाड़ी किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के खिताबी मुकाबले में आमने-सामने होंगे।

### कोर्ट में कार्लोस ने निकाला मोबाइल

अल्काराज ने खेले गए पहले सेमीफाइनल में 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच को 6-4, 7-6 (4), 6-2 से हराया। उन्होंने जीत हासिल करने के बाद सभी को एक पल रुकने के लिए कहा। अल्काराज ने जेब से अपना मोबाइल फोन निकाला ताकि वह सिनर और फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे के बीच दूसरे सेमीफाइनल का स्कोर देख सके लेकिन तब उस मैच का पहला सेट ही चल रहा था। सिनर ने इसके कुछ घंटे बाद ऑगर-अलियासिमे पर 6-1, 3-6, 6-3, 6-4 से जीत हासिल करके अपने सबसे बड़े प्रतिद्वंदी के खिलाफ एक और रोमांचक मुकाबले की नींव रखी।

### मैं परिपक्व हो रहा हूं : अल्काराज

अल्काराज ने कहा, 'मैं मैचों, टूर्नामेंट, पूरे साल, कुल मिलाकर, निरंतरता बनाए रखने पर काम कर रहा हूं। बस किसी भी मैच में उतार-चढ़ाव न हो। शायद, मैं परिपक्व हो रहा हूं, खुद को और बेहतर तरीके से जान रहा हूं और यह समझ रहा हूं कि कोर्ट के अंदर और बाहर मुझे क्या करना चाहिए।' सिनर का 2024 की शुरुआत से अल्काराज के खिलाफ रिकॉर्ड 1-6 है जबकि अन्य खिलाड़ियों के खिलाफ उनका रिकॉर्ड 109-4 है।

### नंबर एक रैंकिंग का होगा फैसला

रविवार को होने वाले फाइनल का परिणाम जो भी हो यह सुनिश्चित है कि यह जोड़ी पिछली आठ ग्रैंड स्लैम ट्रॉफियों को साझा करेगी और पिछले 13 में से 10 पर कब्जा करेगी। अल्काराज ने अभी तक पांच और सिनर ने चार ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं। इस मैच से नंबर एक रैंकिंग का भी फैसला होगा। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी इस मैच को देखने के लिए आ सकते हैं। अल्काराज ने जून में फ्रेंच ओपन में सिनर को हराया था। सिनर ने जुलाई में विंबलडन में इसका बदला चुकता कर दिया था।



### एक दूसरे के खिलाफ काफी मैच खेले: सिनर

सिनर ने कहा, 'हमने इस साल एक दूसरे के खिलाफ काफी मैच खेले हैं। इसलिए हम एक-दूसरे के खेल को बहुत अच्छी तरह जानते हैं।' अल्काराज को जोकोविच के खिलाफ हाल में जिन दो मैच में हार का सामना करना पड़ा था उनमें पिछले साल पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक का मुकाबला और इस साल जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन का क्वार्टर फाइनल मैच शामिल है।

### सिनर की दूसरी बार चैंपियन बनने की कोशिश


सिनर न्यूयॉर्क में लगातार दूसरी बार चैंपियन बनने की कोशिश करेंगे। रोजर फेडरर ने 2004 से 2008 तक लगातार पांच साल तक यह हार्ड-कोर्ट टूर्नामेंट जीता था। सिनर ने लगातार पांच ग्रैंड स्लैम फाइनल में भी जगह बनाई है, जिसकी शुरुआत 12 महीने पहले अमेरिकी ओपन से हुई थी। अल्काराज ने अपना छठा प्रमुख खिताब और फ्लशिंग मीडोज में दूसरा खिताब जीतने की कवायद में एक भी सेट नहीं गंवाया है।

## डाब्रोवस्की- रुटलिफ ने दूसरी बार जीता महिला युगल का खिताब




गैब्रिएला डाब्रोवस्की और एरिन रुटलिफ ने फाइनल में सीधे सेटों में जीत दर्ज करके तीन वर्षों में दूसरी बार अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में महिला युगल का खिताब जीता। तीसरी वरीयता प्राप्त डाब्रोवस्की और राउटलिफ ने आर्थर ऐश स्टेडियम में खेले गए फाइनल में टेलर टाउनसेंड और कैटरीना सिनियाकोवा की शीर्ष रैंकिंग वाली जोड़ी को 6-4, 6-4 से हराया। इसके बाद डाब्रोवस्की और रुटलिफ गले मिले। इन दोनों ने स्तन कैंसर के इलाज के बाद डाब्रोवस्की की पहली बड़ी जीत का जश्न मनाया। उन्होंने पिछले साल विंबलडन में खेलने के लिए अपना इलाज कुछ समय के लिए टाल दिया था। तब वे फाइनल में टाउनसेंड और सिनियाकोवा से हार गए थे। डाब्रोवस्की ने मैच के बाद कहा, 'कैंसर और चोटिल होने के कारण हमारे लिए यह सफर बहुत मुश्किल था। सच कहूं तो यह किसी पागलपन से कम नहीं है। मुझे हम दोनों पर गर्व है। यहां तक पहुंचना वास्तव में आसान नहीं था।

### 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने की कोशिश जारी रखूंगा : जोकोविच



दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने अमेरिकी ओपन के सेमीफाइनल में हारने के बाद कहा कि वह 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने की अपनी कोशिश जारी रखेंगे। कार्लोस अल्काराज के खिलाफ मुकाबले में जोकोविच कुछ अवसरों पर अच्छी स्थिति में दिखे लेकिन आखिर में उन्हें सीधे सेटों में हार का सामना करना पड़ा। जोकोविच ने मैच के बाद कहा, 'मैं अभी पीछे नहीं हटने जा रहा हूं। मैं ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट जीतने की अपनी कोशिश जारी रखूंगा। मैं फाइनल में पहुंचने के लिए अपनी तरफ से हर संभव प्रयास करुंगा। मैं कम से कम एक और ट्रॉफी जीतने के लिए अपनी लड़ाई जारी रखूंगा।' सेमीफाइनल मैच के बारे में जोकोविच ने कहा, 'दुर्भाग्य से, दूसरे सेट के बाद मेरी ऊर्जा खत्म हो गई। मेरे पास उनसे मुकाबला करने और दो सेट तक उनकी लय बनाए रखने के लिए पर्याप्त ऊर्जा थी। उसके बाद मैं पूरी तरह थक गया और वह लगातार अच्छा खेलते रहे।'

वर्ल्ड रिकॉर्ड

## ब्रीट्जके ने पहले 5 वनडे में बनाए सर्वाधिक रन



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

साउथ अफ्रीका के धाकड़ युवा बल्लेबाज मैथ्यू ब्रीट्जके ने वनडे क्रिकेट में धमाल मचा दिया। मैथ्यू ब्रीट्जके ने अपने करियर के पहले पांच वनडे मैचों में ही एक बड़ा कमाल किया और उनके नाम अब वर्ल्ड रिकॉर्ड दर्ज हो गया है। मैथ्यू ब्रीट्जके वनडे क्रिकेट के इतिहास में डेब्यू करने के बाद से पहले पांच वनडे मैचों में सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। इतना ही नहीं करियर के पहले पांच वनडे मैचों में पांच बार फिफ्टी प्लस का वर्ल्ड रिकॉर्ड भी उनके नाम दर्ज हो गया है।

### टॉम कूपर को पछाड़ा

मैथ्यू ब्रीट्जके के नाम वनडे क्रिकेट में डेब्यू करते हुए पहले पांच मैचों में 463 रन हो गए हैं। इस मामले में उन्होंने टॉम कूपर को पछाड़ दिया। जबकि अपने ही देश के कप्तान टेम्बा बवुमा से भी आगे निकल गए। इस लिस्ट में तीसरे स्थान पर अन्य साउथ अफ्रीकी खिलाफी एलन लैंब का नाम आता है। एलन लैंब ने अपने करियर के पहले पांच वनडे मैचों में 328 रन बनाए थे और उन्होंने 122 वनडे में 4010 रन बनाए। एलन के बाद साउथ अफ्रीका के वर्तमान वनडे कप्तान टेम्बा बवुमा का नाम आता है। बवुमा ने करियर के पहले पांच वनडे मैचों में 309 रन बनाकर शानदार शुरुआत की थी और अब वह टीम के कप्तान भी हैं।

### पांचवें स्थान पर फिल साल्ट का नाम दर्ज

इस लिस्ट में पांचवें स्थान पर फिल साल्ट का नाम दर्ज है। इंग्लैंड के लिए धमाकेदार वनडे डेब्यू करते हुए फिल साल्ट ने भी पहले पांच वनडे मैचों में 303 रन बनाए थे। साल्ट इंग्लैंड के लिए 33 वनडे में 988 रन बना चुके हैं। नीदरलैंड के टॉम कूपर ने वनडे क्रिकेट में डेब्यू करते हुए पहले पांच मैचों में अभी तक सबसे अधिक 374 रन बनाए थे। अब मैथ्यू ब्रीट्जके उनसे काफी आगे निकल गए हैं।

## बीसीसीआई की सालाना बैठक 28 सितंबर को

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की सालाना आम बैठक 28 सितंबर को होगी, जिसमें बोर्ड अध्यक्ष और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) अध्यक्ष सहित कई पदों के लिए चुनाव मुख्य एजेंडे में शामिल होंगे। इस महीने की शुरुआत में पूर्व भारतीय क्रिकेटर रोजर बिन्नी के इस्तीफे के बाद से बीसीसीआई अध्यक्ष का पद खाली है जबकि आईपीएल अध्यक्ष अरुण धूमल के छह साल का कार्यकाल पूरा करने के बाद अनिवार्य ब्रेक (कूल-ऑफ अवधि) पर जाने की संभावना है। हालांकि चुनाव बीसीसीआई के सभी प्रमुख पदों के लिए होने हैं लेकिन यह प्रभावी रूप से केवल एक पद के लिए ही होना है क्योंकि अन्य पदों पर अधिकारियों के बरकरार रहने की संभावना है। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने संयुक्त सचिव के रूप में दो साल और तीन महीने तथा सचिव के रूप में नौ महीने सहित कुल तीन साल पूरे कर लिए हैं, जिससे उनका पद पर बने रहना तय है। जय शाह के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष का पद संभालने के बाद इस साल जनवरी में सैकिया को सर्वसम्मति से सचिव चुना गया था।


## वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में होगी नीरज और नदीम में कड़ी टक्कर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टोकियो में इस महीने के अंत में होने वाली वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में भारतीय स्टार नीरज चोपड़ा और पाकिस्तान के ओलंपिक चैंपियन अरशद नदीम एक बार फिर आमने-सामने होंगे। पेरिस ओलंपिक में दोनों के बीच हुए यादगार फाइनल के बाद यह पहला मौका होगा जब मैदान पर इन दिग्गजों का मुकाबला देखने को मिलेगा।

**13 से 21 सितंबर तक चलेगा टूर्नामेंट**

भारत की ओर से मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन नीरज चोपड़ा 13 से 21 सितंबर तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में 19 सदस्यीय दल का नेतृत्व करेंगे। दूसरी ओर, पाकिस्तान की पूरी उम्मीदें सिर्फ नदीम पर टिकी हैं, जो टीम के अकेले प्रतिनिधि होंगे। पेरिस ओलंपिक में नदीम ने 92.97 मीटर का रिकॉर्ड थ्रो कर गोल्ड मेडल जीता था और नीरज को पीछे छोड़ा था।




### चोपड़ा और नदीम पर होंगी निगाहें

27 साल के नीरज वाइल्ड कार्ड से डिफेंडिंग चैंपियन के रूप में सीधे प्रवेश कर चुके हैं। उन्होंने क्वालीफाइंग अवधि के दौरान कई बार 85.50 मीटर से ज्यादा थ्रो कर अपनी फिटनेस और लय साबित की है। वहीं, 28 साल के नदीम ने इस साल मई में साउथ कोरिया में हुई एशियाई चैंपियनशिप में 86.40 मीटर का थ्रो कर गोल्ड मेडल जीता और क्वालीफाई किया। हालांकि जुलाई में उनकी इंग्लैंड में पिंडली की सर्जरी भी हुई थी, जिससे उनकी फॉर्म को लेकर उत्सुकता है। इस बार भारत के पास पुरुष भाला फेंक में सबसे बड़ा दल होगा। नीरज के अलावा सचिन यादव, यशवीर सिंह और रोहित यादव भी हिस्सा लेंगे। 17 सितंबर को क्वालीफिकेशन राउंड और 18 सितंबर को फाइनल मुकाबला होगा।

## श्रृंखला का पहला मैच 16 से 19 और दूसरा 23 से 26 सितंबर को

# अय्यर बने कप्तान, ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ संभालेंगे जिम्मेदारी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

टेस्ट और एशिया कप के लिए चुनी गई टी20 भारतीय टीम में जगह बनाने में नाकाम रहे श्रेयस अय्यर को लखनऊ में ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दो अनौपचारिक चार दिवसीय टेस्ट मैच के लिए भारत ए टीम का कप्तान नियुक्त किया गया। अनुभवी बल्लेबाज लोकेश राहुल और मोहम्मद सिराज इस श्रृंखला के दूसरे मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे। श्रृंखला का पहला मैच 16 से 19 सितंबर और दूसरा 23 से 26 सितंबर तक इकाना स्टेडियम में खेला जाएगा।




### विकेटकीपर-बल्लेबाज जगदीसन को अवसर

भारत ए टीम में तमिलनाडु के विकेटकीपर -बल्लेबाज एन जगदीसन भी शामिल हैं। जगदीसन को ऋषभ पंत के चोटिल होने के बाद पांचवें टेस्ट के लिए विकल्प के तौर पर इंग्लैंड बुलाया गया था। जगदीसन ने उत्तर क्षेत्र के खिलाफ दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल में दक्षिण क्षेत्र के लिए 197 रन की शानदार पारी खेली थी।

### जुरेल को बनाया गया टीम का उप-कप्तान

भारतीय टेस्ट और टी 20 टीमों के लिए नजरअंदाज किए गए अय्यर बेंगलुरु में मध्य क्षेत्र के खिलाफ दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल में खेलने वाली पश्चिम क्षेत्र की टीम का हिस्सा है। इंग्लैंड दौरे पर भारतीय टीम के लिए चार टेस्ट मैच खेलने वाले करुण नायर चोट के कारण इस टीम का हिस्सा नहीं है। नायर को पांचवें टेस्ट में बल्लेबाजी के दौरान चोट लगी थी।

इंग्लैंड के खिलाफ ओवल में पांचवां टेस्ट मैच खेलने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल को टीम का उप-कप्तान बनाया गया है। राहुल और सिराज दूसरे मैच के लिए भारत ए टीम में शामिल होंगे। इससे उन्हें वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू टेस्ट श्रृंखला से पहले अभ्यास का अच्छा मौका मिलेगा।

### बडोनी पहली बार टीम में शामिल

बल्लेबाजों में अभिमन्यु ईश्वरन, साई सुदर्शन और देवदत्त पडिक्कल के साथ-साथ दिल्ली के कप्तान आयुष बडोनी को पहली बार टीम में शामिल किया गया है। भारत के ऑलराउंडर नितीश कुमार रेड्डी को भी ए टीम में जगह दी गई है। तेज गेंदबाजी में भारतीय तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा, खलील अहमद, ठाकुर और पंजाब के लंबे कद के तेज गेंदबाज गुरनूर बराड़ शामिल हैं। बराड़ राष्ट्रीय टीम के लिए नियमित नेट गेंदबाज भी रहे हैं। स्पिनरों में दुबे, कोटियान और राजस्थान के मानव सुथार शामिल हैं।

**भारत ए टीम** : श्रेयस अय्यर (कप्तान), अभिमन्यु ईश्वरन, एन जगदीसन (विकेटकीपर), साई सुदर्शन, ध्रुव जुरेल ( उपकप्तान और विकेटकीपर), देवदत्त पडिक्कल, हर्ष दुबे, आयुष बडोनी, नितीश कुमार रेड्डी, तनुष कोटियन, प्रसिद्ध कृष्णा, गुरनूर बराड़, खलील अहमद, मानव सुथार, यश ठाकुर।

## बरगी के अंधे हत्याकांड का खुलासा, 4 आरोपी गिरफ्तार

# बहन के प्रेमी की हत्या कर फेंकी थी लाश

*बरगी थाना अतंर्गत ग्राम बींझा मोड़ के पास एक युवक की हत्या कर लाश फेंके जाने के मामलें में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। अंधे हत्याकांड का खुलासा होने के बाद यह बात सामने आई है कि आरोपी लड़की के भाई ने अपने तीन दोस्तों के साथ मिलकर बहन के प्रेमी की पत्थर व लोहे के कड़े से हमला कर हत्या कर लाश फेंक दी थी।*

हरिभूमि, जबलपुर।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना तिवारी ने कंट्रोलरुम में पत्रकारों से चर्चा कर बताया कि कुडो बुधवारा घंसौर जिला सिवनी निवासी 19 वर्षीय सतेन्द्र उइके के गांव की युवती से प्रेम संबंध रहे. भाई को यह बात पसंद नहीं थी, उसने अपने तीन साथियों के साथ मिलकर सतेन्द्र की हत्या करने की योजना बनाई. योजना के चलते दद्दुआ व सचिन यादव ने 15 अगस्त को सतेन्द्र को घर से बुलाया और मोटर साइकल से मंडला जाने का कहकर निकले. इस दौरान चारों ने मिलकर सतेन्द्र की हत्या की और लाश को ग्राम बींझा मोड़ के पास फेंक दी।

मृतक की शिनाख्त होने के बाद पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरु की। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने अलग अलग टीमें आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगाई। संदेही सचिन यादव को पकड़ा गया, जिससे, जहां एक ओर घटना के कारण का खुलासा हुआ, वहीं पुलिस को यह भी पता चला कि आरोपी घटना के बाद चैन्नई भागे थे, अब नागपुर आ गए थे, यहां से भी भागने की फिराक में है. पुलिस ने आरोपियों को भागने से पहले चारों को गिरफ्तार कर लिया।



### राखी न बांधने से नाराज था भाई


*बिहारी उर्फ आशीष की बहन एवं सतेन्द्र के मध्य प्रेम संबंध होने से एवं भाई को राखी न बांधने से रुष्ट होकर बिहारी उर्फ आशीष ने अपने चार दोस्तों सचिन यादव, दद्दुआ उर्फ बृजलाल उर्फ बृजेश इनवाती और शिवदीन उड़के के साथ मिलकर हत्या करने का प्लान बनाकर 15 अगस्त को सतेन्द्र उइके के दोस्त दद्दुआ से सतेन्द्र को जंगल मे बुलवाकर गला घोंटकर धारदार कडे से गला रेतकर एवं चेहरा पत्थर से कुचलकर हत्या कर लाश को छुपा दिया था. घटना में प्रयुक्त पत्थर, लोहे का धारदार कडा, मोबाईल आदि जप्त कर लिए गए है। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जा रहा है।*

## आदेश की अवहेलना पर हाईकोर्ट सख्त

# छतरपुर कलेक्टर 10 सितंबर को हाईकोर्ट में हाजिर हों

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने पूर्व आदेश की अवहेलना पर कलेक्टर छतरपुर को 10 सितंबर को व्यक्तिगत रूप से हाजिर होने को कहा है। जस्टिस एमएस भट्टी की सिंगल बेंच ने यह निर्देश दिए।

छतरपुर निवासी देवकीनंदन वर्मा की ओर से अधिवक्ता अभय पांडे ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि हाईकोर्ट ने 14 अक्टूबर 2024 को कलेक्टर छतरपुर को आदेश दिए थे कि 60 दिन के भीतर याचिकाकर्ता को ग्रेच्युटी की राशि का भुगतान सुनिश्चित कराया जाए। दरअसल, ग्रेच्युटी ट्रिब्यूनल ने याचिकाकर्ता के



पक्ष में ग्रेच्युटी भुगतान का आदेश दिया था। इसके लिए आरआरसी जारी की गई थी, जिसका निष्पादन कलेक्टर को करवाना था। कलेक्टर द्वारा आदेश का पालन नहीं कराने पर अवमानना याचिका दायर की गई। अवमानना याचिका में हाईकोर्ट ने 7 अगस्त को कलेक्टर को उक्त आदेश का पालन कर रिपोर्ट पेश करने कहा। कोर्ट ने यह भी कहा था कि यदि ऐसा नहीं हुआ तो एक सितंबर को कलेक्टर को हाजिर होना पड़ेगा। मामले पर सुनवाई के दौरान रिपोर्ट पेश नहीं की और न ही कलेक्टर हाजिर हुए। इस पर कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए 10 सितंबर को कलेक्टर को व्यक्तिगत रूप से हाजिर होने के निर्देश दिए।

## बुलेरो में अवैध शराब परिवहन कर रहे 4 आरोपी गिरफ्तार

**जबलपुर।** मझौली पुलिस ने अवैध शराब के कारोबार में लिप्त 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 250 पाव देशी शराब और बुलेरो वाहन जब्त की है। मझौली पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गत दिवस मुखबिर की सूचना पर ग्राम लुहारी तिराहे में खड़ी एक बुलेरो क्रमांक एमपी 20 टीए 0922 में शराब लेकर जा रहे सोनू सेन, रमाकांत शिवहरे, दस्सी राजपूत और वीरू कुशवाहा को गिरफ्तार कर उनके पास से 250 पाव देशी शराब और बुलेरा जब्त की है। जब्त की गई शराब की कीमत 23 हजार 250 की बताई गई है। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

# पितृपक्ष स्पेशल ट्रेन में दो अतिरिक्त स्थाई कोच बढाए

**जबलपुर।** रेल प्रशासन द्वारा श्राद्धपक्ष के अवसर पर अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए पितृपक्ष स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया गया है। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेल पर अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु रानी कमलापति-गया-रानी कमलापति एवं जबलपुर-गया-जबलपुर के मध्य पितृपक्ष स्पेशल ट्रेनों में 2 अतिरिक्त कोच वातानुकूलित 3 टियर एवं स्लिपर श्रेणी के स्थायी रूप से लगाए जा रहे है। इस कोच वृद्धि के बाद अब कुल 24 कोच हो गये है, जिसमें वातानुकूलित तृतीय श्रेणी कोचों की संख्या 3 और शयनयान श्रेणी कोचों की संख्या 14 हो गयी है। यात्रियों को रानी कमलापति स्टेशन से प्रारम्भ होने वाली 7 सितम्बर 2025 से और जबलपुर स्टेशन से प्रारम्भ होने वाली 9 सितम्बर 2025 से गया से प्रारम्भ होने वाली 20 सितम्बर 2025 तक इस सुविधा का लाभ मिलेगा।

01661 पितृपक्ष स्पेशल ट्रेन 7 सितम्बर, 12 सितम्बर एवं 17.09.2025 को दोपहर 13:20 बजे रानी कमलापति से प्रस्थान करेगी और अगले दिन सुबह 09:30 बजे गया पहुँचेगी। (03 सेवाएं)

01662 पितृपक्ष स्पेशल ट्रेन दिनांक 10.09.2025, 15.09.2025 एवं 20.09.2025 को दोपहर 14:15 बजे गया से रवाना होगी और अगले दिन सुबह 10:45 बजे रानी कमलापति पहुंचेगी। जिसके ठहराव भोपाल, विदिशा, गंजबासौदा, बीना, सागर, दमोह, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्ज़ापुर, पंडित दीनदयाल



उपाध्याय, भभुआ रोड, सासाराम, देहरी ऑन सोन एवं अनुग्रह नारायण रोड।

### जबलपुर-गया-जबलपुर

01705 पितृपक्ष स्पेशल ट्रेन दिनांक 09.09.2025, 14.09.2025 एवं 19.09.2025 को रात 19:35 बजे जबलपुर से प्रस्थान करेगी और अगले दिन सुबह 09:30 बजे गया पहुँचेगी। 01706 पितृपक्ष स्पेशल ट्रेन दिनांक 08.09.2025, 13.09.2025 एवं 18.09.2025 को दोपहर 14:15 बजे गया से रवाना होगी और अगले दिन भोर 04:15 बजे जबलपुर पहुंचेगी। इसका ठहराव सिहोरा रोड, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, भभुआ रोड, सासाराम, देहरी ऑन सोन एवं अनुग्रह नारायण रोड।

### कार की टक्कर से चाट ठेले वाला घायल

**जबलपुर।** कैंट थाना अतंर्गत गली नंबर 5 सदर में एक कार ने फुल्की चाट ठेले वाले वृद्ध को टक्कर मार दी, जिससे उसका ठेला क्षतिग्रस्त हो गया और वह नीचे गिर गया, जिससे उसके पीठ व पैर पर चोटें आ गई। कैंट पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गली नंबर 5 सदर निवासी 64 वर्षीय अरुण कुमार गुप्ता देर रात लगभग 1.30 बजे करीब अपनी दुकान चौपाटी में बंद करके चौपाटी से घर आ रहा था उसी समय पेंटीनाका तरफ से आ रही कार क्रमांक एमपी 20 जेडसी 1054 के चालक ने उसके ठेले में टक्कर मार दी।

## नगर परिषद अध्यक्ष का पद एक वर्ग के लिए आरक्षित करने का मामला

# हाई कोर्ट ने चुनाव आयोग सहित अन्य से मांगा जवाब

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने नगर परिषद अध्यक्ष का पद अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित होने के मामले में राज्य शासन व चुनाव आयोग को नोटिस जारी कर जवाब-तलब कर लिया है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ ने इसके लिए चार सप्ताह का समय दिया है।

जनहित याचिकाकर्ता मुरैना जिला अंतर्गत बानमोर निवासी महावीर जैन की ओर से पक्ष रखा गया। दलील दी गई कि वर्ष 1999 से नगर परिषद अध्यक्ष पद अनुसूचित जाति के लिए लगातार आरक्षित किया जा रहा है, जबकि कानून और संविधान के तहत आरक्षण की प्रक्रिया रोटेशन पद्धति से लागू की जानी चाहिए। नियमानुसार किसी सीट को लगातार एक ही वर्ग के लिए आरक्षित नहीं किया जा सकता। इसके बाद भी बानमोर नगर परिषद में लगातार अनुसूचित जाति वर्ग के लिए ही अध्यक्ष पद आरक्षित किया जा रहा है। यह प्रक्रिया न केवल गैर-आरक्षित वर्ग को उनके अधिकार से वंचित कर रही है, बल्कि आरक्षण का लाभ भी सीमित कर रही, जो अवैधानिक है। जनहित याचिका में राहत चाही गई है कि अध्यक्ष पद पर आरक्षण रोटेशन पद्धति से लागू किया जाए।


## मानसून सिस्टम पड़ा कमजोर

# मौसम शुष्क होते ही उमस बढ़ी

**जबलपुर।** दो दिन बारिश के बाद शनिवार को मौसम खुला रहा। मौसम के शुष्क होते ही तापमान में उछाल आया और उमस भरी गर्मी बनी रही। यद्यपी मौसम विभाग का कहना है की जिले में कहीं कहीं गरज चमक के साथ पानी की बौछारें पड़ सकती हैं।

मानसून अब कमजोर हो रहा है। बादलों के बीच धूप निकलने से दिनभर गर्मी व उमस बनी रहती है। शाम ढलने के बाद मौसम धीरे-धीरे ठण्डा होता है।

मौसम कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 32.3 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 2 डिग्री अधिक और न्यूनतम तापमान 23.6 डिग्री सेल्सियस



सामान्य दर्ज किया गया। हवा में नमीं प्रातःकाल 81 प्रतिशत और सायंकाल 62 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 5.55 मिनिट पर और सूर्यास्त सायं 6.22 मिनिट पर हुआ। पिछले २४ घंटों के दौरान वर्षा नहीं हुई। १ जून से अब तक कुल वर्षा 1078.8 मिमी (लगभग 42.3 इंच) दर्ज की जा चुकी है। जबकि गत वर्ष आज के दिन वर्षा नहीं हुई थी और कुल वर्षा 1117 मिमी दर्ज की जा चुकी थी। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 30.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 25.3 डिग्री दर्ज किया गया। पश्चिमी हवाएं 4 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली। अगले 24 घंटों के दौरान संभाग के कुछ स्थानों पर पानी की बौछारें पड़ सकती हैं।

# साल का पहला और आखिरी खग्रास-चंद्रग्रहण आज

### ग्रहण-काल में मंदिरों के पट बंद रहेंगे

**जबलपुर।** साल का पहला और आखिरी खग्रास-चंद्रग्रहण आज पड़ रहा है। इसके पहले 14 मार्च को खग्रास को चंद्रग्रहण और 3 बार सूर्यग्रहण पड़ा, लेकिन यह ग्रहण विदेशो में देखे गए। आज रविवार भाद्रपद की पूर्णिमा पर खग्रास चंद्रग्रहण पड़ेगा। पूरे देश सहित मध्य प्रदेश व जबलपुर में भी यह ग्रहण देखा जायेगा। खग्रास ग्रहण का स्पर्श 9 बजकर 57 मिनिट रात्रि में होगा और ग्रहण का मोक्ष 1 बजकर 26 मिनिट पर होगा, शतभिषा नक्षत्र और कुंभ राशि वालों के लिए ग्रहण अशुभ है।

ग्रहण का सूतक दोपहर 12 बजकर 57 मिनिट पर होगा। परंतु वृद्ध और रोगियों के लिए ग्रहण के तीन घंटे पूर्व 6 बजकर 57 मिनिट शाम से सूतक काल मानना चाहिए। ग्रहणकाल में मूर्ति स्पर्श और दर्शन दोनो नहीं किये जाते। लिहाजा दोपहर 12 बजे के बाद मंदिरों के पट बंद रहेंगे। तमाम मंदिरों में ग्रहणकाल को लेकर सूचनाएं प्रदर्शित कर दी गई थीं। ग्रहण मोक्ष के बाद रात्रि 1 बजकर 26 मिनिट के बाद दूसरे दिन सोमवार 8 सितंबर को मंदिरों में साफ सफाई और पूजन अर्चन होगा।

ज्योतिषाचार्य पं. पी.एल. गौतमाचार्य ने बताया कि ग्रहण शतभिषा नक्षत्र और कुंभ राशि पर प्रभावशाली रहेगा। सूतक काल दोपहर 12 बजकर 57 मिनिट पर प्रारंभ होगा और रात 1 बजकर 26 मिनिट तक रहेगा। ग्रहण कुंभ राशि पर आ रहा है इसलिए कुंभ राशि वालों को ग्रहण देखना वर्जित है। ग्रहण काल में मूर्ति स्पर्श, मूर्ति दर्शन वर्जित है। गृहस्थ में रहने वालों को सूतक वेध मनाना चाहिये।

### ग्रहण का फल

मेष लाभ, वृष सुख, मिथुन मान हानि, कर्क शारीरिक कष्ट, सिंह स्त्रीकष्ट, कन्या सुख शांति, तुला अशांति, वृश्चिक परेशानी, धनु धन लाभ, मकर हानि, कुंभ शत्रु भय, मीन के लिए हानिकारक फल देगा।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेद्वी RNI No.: MPHIN/2008/24240